राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 262
लखनऊ, सोमवार 25 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मौनी बाबा आश्रम में 11 कुंडीय महायज्ञ का हुआ आयोजन 10

भीषण गर्मी और लू के बीच ब्रजेश पाठक ने प्रदेशवासियों से की खास अपील 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,210/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,45,950/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,440/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# भीषण गर्मी में हो निर्बाध बिजली आपूर्ति : योगी

▶ बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। गर्मी के चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे।

मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता के निर्देश दिए। बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक मजबूत, आधुनिक एवं भरोसेमंद बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में तकनीकी बाधा को न्यूनतम रखा जाए, ट्रांसमिशननेटवर्क की सतत मॉनिटरिंग की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली वितरण व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह तथा उपभोक्ता केंद्रित बनाया जाए। उन्होंने फीडर वाइज जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने, फीडर बाधित होने अथवा शिकायत निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आंधी-तूफान और अत्यधिक तापमान जैसी परिस्थितियों के बावजूद फील्ड स्तर पर त्वरित रिस्पॉन्स सिस्टम सक्रिय रखा जाए। बैठक में बताया गया कि 15 अप्रैल से 22 मई के बीच औसत डिमांड मेट 501 मिलियन यूनिट प्रतिदिन से बढ़कर 561 मिलियन यूनिट प्रतिदिन हो गया, जबकि पीक डिमांड मेट 29,831 मेगावाट से बढ़कर 30,339 मेगावाट तक पहुंच गया। 20, 21 और 22 मई को उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक बिजली मांग पूरी करने वाले राज्यों में दूसरे स्थान पर रहा। 15 मई से विभिन्न पावर प्लांटों में अलग-अलग कारणों से बिजली उपलब्धता प्रभावित हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा 12 राज्यों के साथ पावर बैंकिंग व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने भविष्य की मांग को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति पर विशेष बल दिया।

### शिकायत मिलने पर केवल समस्या दर्ज करना पर्याप्त नहीं

मुख्यमंत्री ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत को हेल्पलाइन कॉल सेंटर का भौतिक निरीक्षण कर व्यवस्था की पड़ताल करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में आमजन को समयबद्ध और सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। शिकायत मिलने पर केवल समस्या दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, उपभोक्ताओं को बताया जाए कि समाधान कब तक होगा। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को उपभोक्ता हितैषी बनाने के निर्देश दिए। प्रदेश में अब तक 89.23 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति पोस्टपेड व्यवस्था में परिवर्तित कर दिया गया है। जून से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल प्रत्येक माह की 1 से 10 तारीख के बीच पोस्टपेड आधार पर जारी किए जाएंगे। उपभोक्ताओं को एसएमएस व्हाट्सऐप और ई-मेल के माध्यम से बिल उपलब्ध कराए जाएंगे।

# ट्रंप के आसपास फिर बरसी गोलियां सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को किया ढेर

एजेंसी, वाशिंगटन।



अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में शनिवार को व्हाइट हाउस के पास अचानक गोलीबारी से हड़कंप मच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और कार्यालय व्हाइट हाउस की सुरक्षा जांच चौकी के पास एक युवक ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया।

अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी 'यूएस सीक्रेट सर्विस' के अनुसार, घटना शाम करीब छह बजे सेवनटींथ स्ट्रीट और पेंसिल्वेनिया एवेन्यू इलाके में हुई। एजेंसी ने रविवार को बताया कि संदिग्ध ने अपने बैग से हथियार निकाला और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। घायल हमलावर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

अधिकारियों के मुताबिक, उसकी पहचान 21 वर्षीय नासिरे बेस्ट के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि नासिरे बेस्ट पहले भी व्हाइट हाउस सुरक्षा से जुड़ी घटना में पकड़ा जा चुका था। जुलाई 2025 में उसने बिना अनुमति व्हाइट हाउस की एक अन्य जांच चौकी में घुसने की कोशिश की थी। उस समय उसने खुद को ईसा मसीह बताया था और कहा था कि वह गिरफ्तार होना चाहता है। बाद में अदालत ने उसे उस इलाके से दूर रहने का आदेश दिया था। इस गोलीबारी में एक राहगीर भी घायल हुआ है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे हमलावर की गोली लगी या जवाबी कार्रवाई के दौरान गोली लगी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में एयरक्राफ्ट की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे ट्रेनी पायलट

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में रविवार की सुबह एक बड़ा हवाई हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यहां धनीपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। विमान के इंजन में आई इस अप्रत्याशित खराबी के बाद पायलटों के पास संभलने का बहुत कम समय था। ऐसे दोनों ट्रेनी पायलटों ने गजब के धैर्य और सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने आबादी वाले इलाके से विमान को दूर ले जाकर जलाली क्षेत्र के एक खाली पड़े खेत में विमान की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। विमान में सवार दोनों पायलट भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह विमान पायनियर एविएशन कंपनी का एक टू-सीटर ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट था, जो रोजाना की तरह रविवार सुबह करीब 10 बजे धनीपुर एयरपोर्ट से नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर निकला था।

### पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर फिर सुसाइड अटैक, 23 लोगों की मौत

**कराची।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मजीद ब्रिगेड के आत्मघाती हमलावर ने रविवार सुबह क्वैटा में चमन फाटक के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को निशाना बनाकर बड़ा हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेन पाकिस्तान आर्मी के जवानों को लेकर जा रही थी। रेलवे ट्रैक के पास हुए इस जोरदार धमाके में कम-से-कम 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि 53 लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। धमाका इतना भीषण था कि जाफर एक्सप्रेस की एक पूरी बोगी आग की लपटों में घिरकर राख हो गई। आसपास के घरों की दीवारें टूट गईं और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई।

### बंगाल सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए 'होल्डिंग सेंटर' बनाने का दिया आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने राज्य के सभी जिलों में संदिग्ध अवैध बांग्लादेशियों और प्रत्यावर्तन की प्रतीक्षा कर रहे विदेशी कैदियों के लिए 'होल्डिंग सेंटर' स्थापित करने का निर्देश दिया है। राज्य गृह एवं पर्वतीय मामलों विभाग की विदेशी शाखा ने 23 मई को जारी आदेश में जिला प्रशासन से आवश्यक ढांचा तैयार करने को कहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इन केंद्रों का उपयोग उन विदेशी नागरिकों को अस्थायी रूप से रखने के लिए किया जाएगा, जिन पर अवैध रूप से भारत में रहने का संदेह है या जिनकी निर्वासन प्रक्रिया जारी है। आदेश में कहा गया है कि यह कदम केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने हाल ही में राज्य में डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोट नीति लागू करने की घोषणा की थी। इसके बाद इस प्रशासनिक आदेश को सरकार की सख्त घुसपैठ विरोधी नीति का हिस्सा माना जा रहा है। आदेश में पिछले वर्ष केंद्रीय गृह मंत्रालय की उस सलाह का उल्लेख किया गया है, जिसमें भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं से निपटने की प्रक्रिया तय की गई थी। जिला मजिस्ट्रेटों से कहा गया है कि वे पकड़े गए विदेशियों और रिहा किए गए विदेशी कैदियों के लिए होल्डिंग सेंटर स्थापित करें, ताकि प्रत्यावर्तन पूरा होने तक उन्हें वहां रखा जा सके।सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध अवैध प्रवासियों को पहचान सत्यापन और दस्तावेजों की जांच के दौरान अधिकतम 30 दिनों तक ऐसे केंद्रों में रखा जा सकता है।

# अमेरिकी वीजा नीति केवल भारत के लिए नहीं, पाक से संबंध भारत की कीमत पर नहीं : मार्को रूबियो

एजेंसी, नई दिल्ली।



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ट्रंप सरकार की नयी वीजा नीति का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका में आव्रजन नीति सुधार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है और यह केवल भारतीयों के लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए है। इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए।पाकिस्तान सरकार और वहां की सेना के साथ अमेरिकी संबंधों पर उन्होंने साफ कहा कि इन्हें भारत के साथ संबंधों की कीमत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए।

अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्णाी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ रविवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका में वीजा प्रणाली में बदलावों के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में श्री रूबियो ने कहा कि अमेरिका में आव्रजन प्रणाली में सुधार या आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दो करोड़ से अधिक लोग अमेरिका में अवैध रूप से घुस चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी चुनौती है और हमें इससे निपटना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमेशा से दूसरे देशों के लोगों का स्वागत किया है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इस प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और यही किया जा रहा है। इस सुधार प्रक्रिया में हम यह तय करने में जुटे हैं कि कितने लोग हमारे देश में आएँगे, कौन आएगा, कब आएगा आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुधारों का विरोध अक्सर होता है लेकिन यह व्यवस्था केवल भारत को निशाना बनाकर नहीं बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक बेहतर प्रणाली, अधिक प्रभावी प्रणाली और ऐसी व्यवस्था होगी जो पहले की तुलना में अधिक अच्छी तरह काम करेगी और अधिक टिकाऊ भी होगी।

अमेरिका के पाकिस्तान की सरकार और सेना के साथ संबंधों के बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में श्री रूबियो ने कहा कि सामरिक स्तर पर अमेरिका के दुनिया के अनेक देशों के साथ संबंध हैं लेकिन अमेरिका इन्हें भारत के साथ रणनीतिक संबंधों की कीमत पर नहीं देखता।

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था में की भारतीयों के योगदान की सराहना

श्री रूबियो ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके साथ साथ भारतीय कंपनियों द्वारा भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डालर से अधिक का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि यह निवेश और बढ़े। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी किये जाने के मामलों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि ये टिप्पणी ऑनलाइन या किसी भी जगह पर की गयी ये कुछ वाहियात लोगों द्वारा की गयी हैं और इस तरह के लोग हर जगह रहते हैं।

# सुरक्षा बलों ने बारामूला में आतंकवादी ठिकाने को किया नेस्तनाबूद, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

एजेंसी, श्रीनगर।



सुरक्षा बलों ने कश्मीर में बारामूला जिले में एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सूत्रों ने बताया कि बारामूला पुलिस ने शनिवार को शहर के चंदूसा के निलसार कंडी इलाके में संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभियान में इस ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया।

जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले पुख्ता खुफिया इनपुट के आधार पर पुलिस ने सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन और एसएसबी की दूसरी बटालियन के साथ मिलकर संयुक्त अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने गुप्त आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया और वहां से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि बरामद हथियार में प्लास्टिक के डिब्बों में पैक किये गये रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) के लिए सोवियत निर्मित 14 ओजी-7वी फ्रैग्मेंटेशन राउंड और हरे रंग की प्लास्टिक ट्यूबों के भीतर छिपाकर रखे गये नौ पीजी-7पी प्रॉपेलेंट चार्ज/बूस्टर शामिल हैं। इलाके की पूरी तरह सफाई करने और किसी भी संभावित खतरे को खत्म करने के लिए यह अभियान करीब छह घंटे तक जारी रहा। इसके बाद बरामद विस्फोटक सामग्री की जम्मू-कश्मीर पुलिस के बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस) ने गहन जांच की और स्थापित सुरक्षा नियमों के अनुसार उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया।

इस संबंध में चंदूसा पुलिस स्टेशन में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 और आर्म्स एक्ट की धारा 7/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# जलदूत ऐप से होगा मानसून पूर्व भूजल स्तर का आकलन

▶ प्री मानसून सर्वे शुरू, जलदूत एप में दर्ज होगा गांवों का भूजल डेटा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

ग्रामीण इलाकों में जल उपलब्धता, जलस्तर में गिरावट और संभावित जल संकट की पहचान हो सके, इस उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उच्च अधिकारियों को सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित जलदूत एप के माध्यम से एकत्र आंकड़े भविष्य में जल संरक्षण संरचनाओं की योजना बनाने, वर्षा जल संचयन कार्यों की प्राथमिकता तय करने और संकट वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करेंगे। उत्तर प्रदेश में मानसून पूर्व यानी प्री मानसून 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर का आकलन जलदूत ऐप के माध्यम से किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह अभियान 25 मई से 15 जून तक संचालित किया जाएगा। जिलों के उपायुक्तों श्रम रोजगार को निर्देशित किया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के चयनित कुओं का भूजल स्तर वैज्ञानिक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप मापा जाए तथा संबंधित आंकड़े जलदूत ऐप पर अपलोड किए जाएं।

# ईरान-अमेरिका संभावित समझौते में परमाणु प्रतिबद्धताओं का कोई प्रावधान नहीं : रिपोर्ट

एजेंसी, तेहरान।




ईरान ने अमेरिका के साथ होने वाले संभावित समझौते में अपना यूरेनियम त्यागने पर सहमति नहीं जताई है। ईरान की फार्स समाचार एजेंसी ने रविवार को अमेरिकी मीडिया में युद्धविराम से संबंधित इस आशय की रिपोर्टों का खंडन करते हुए यह दावा किया।

एजेंसी की ओर से साझा बयान में कहा गया कि कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थानों और अधिकारियों ने दावा किया है कि ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित समझौते के तहत परमाणु भंडार कम करने, उपकरण हटाने या कुछ परमाणु प्रतिष्ठानों को बंद करने जैसी प्रतिबद्धताओं को स्वीकार कर लिया है, लेकिन अंतिम मसौदे की समीक्षा से ये दावे झूठे और निराधार साबित होते हैं। वार्ता प्रक्रिया से जुड़े जानकार सूत्रों ने इन दावों को भ्रम फैलाने का प्रयास बताते हुए कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के मसौदे में ईरान की परमाणु प्रतिबद्धताओं से संबंधित कोई भी धारा शामिल नहीं की गयी है।

एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से कहा कि परमाणु कार्यक्रम से जुड़े सभी मुद्दों को समझौते पर हस्ताक्षर के बाद होने वाली 60 दिनों की वार्ता के लिए टाल दिया गया है।बयान में कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों के विपरीत इस समझौते में ईरान द्वारा परमाणु भंडार छोड़ने, उपकरण हटाने, प्रतिष्ठान बंद करने अथवा परमाणु बम नहीं बनाने की कोई प्रतिबद्धता शामिल नहीं है। इसके बजाय दोनों पक्ष वार्ता प्रक्रिया शुरू करने के लिए ईरान की जब्त की हुई संपत्तियों को आंशिक या पूर्ण रूप से जारी करने पर सहमत हुए हैं।

सूत्रों ने कहा कि मसौदे के अनुसार होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही युद्ध-पूर्व स्थिति के अनुरूप ईरान के प्रबंधन में बहाल की जाएगी। इसके साथ ही अमेरिका फारस की खाड़ी से अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। इसके अलावा वार्ता अवधि के दौरान तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल तथा उनसे संबंधित उत्पादों पर लगे प्रतिबंध अस्थायी रूप से हटाए जाएंगे, जिससे ईरान अपने उत्पादों की स्वतंत्र रूप से बिक्री कर सकेगा।

उल्लेखनीय है कि न्यूयॉर्क टाइम्स की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया था कि ईरान ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को छोड़ने पर सहमति जताई है।

### रिजर्व बैंक ने खरीदा 180 किलोग्राम सोना



एजेंसी, मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 180 किलोग्राम सोना खरीदा, जिसका बाजार में वर्तमान मूल्य लगभग 261 करोड़ रुपये है। केंद्रीय बैंक के मई 2026 के बुलेटिन में बताया गया है कि उसके पास 24 अप्रैल को 880.52 टन सोना था, जो एक महीने पहले जारी रिपोर्ट के 880.34 टन से 180 किग्रा अधिक है। यह बढ़ोतरी तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में दर्ज की गयी थी। देश में इस समय सोना 1.45 लाख रुपये प्रति दस ग्राम या 1.45 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम के करीब है। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा खरीदे गये 180 किलोग्राम सोने की कीमत तकरीबन 261 करोड़ रुपये होती है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति के बाद स्वर्ण भंडार दूसरा सबसे बड़ा घटक है।

# 12वीं के छात्रों को बड़ी राहत : उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी के लिए दोबारा आवेदन की जरूरत नहीं, उसी खाते में लौटेगा रिफंड

एजेंसी, नई दिल्ली।




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने रविवार को घोषणा की है कि कक्षा 12वीं के परिणाम के बाद री-इवैल्युएशन प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों के कारण जिन छात्रों से अधिक शुल्क कट गया था, उन्हें बोर्ड पूरी राशि वापस (रिफंड) करेगा।

यह कदम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा छात्रों को आ रही दिक्कतों पर सीबीएसई से विस्तृत रिपोर्ट मांगने के एक दिन बाद उठाया गया है। शिक्षा मंत्री ने सर्वर डाउन होने और पेमेंट गेटवे की खामियों को बेहद गंभीरता से लिया था। सीबीएसई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, 21 और 22 मई को आई तकनीकी गड़बड़ियों के कारण उस समय फीस की कटौती गलत तरीके से हो गई थी, जब छात्र अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी के लिए आवेदन कर रहे थे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कुछ मामलों में तय फीस से ज्यादा पैसे कट गए, तो कुछ में कम रकम कटी। जिन छात्रों के खातों से अधिक राशि कटी है, उसे बिना किसी अतिरिक्त प्रक्रिया के उसी भुगतान माध्यम में वापस भेज दिया जाएगा, जिससे फीस भरी गई थी। बोर्ड ने साफ किया है कि जिन मामलों में तकनीकी त्रुटि के कारण कम शुल्क कटा है, उन छात्रों को बची हुई राशि का भुगतान करने के लिए अलग से सूचित किया जाएगा।

हालांकि, फीस की इस गड़बड़ी के कारण किसी भी छात्र का आवेदन निरस्त नहीं होगा। प्रभावित छात्रों को उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी तय समय पर उपलब्ध करा दी जाएगी और उन्हें इसके लिए दोबारा नया आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सीबीएसई के अनुसार, पोर्टल पर अचानक ट्रैफिक बढ़ने के कारण यह अस्थाई दिक्कत आई थी, जिसे अब पूरी तरह दुरुस्त कर लिया गया है। बोर्ड ने अभिभावकों और छात्रों से परेशान न होने की अपील करते हुए कहा है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य छात्रों की चिंताओं का पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से समाधान करना है।

**पर्दाफाश** | लाल किला कार ब्लास्ट जांच में बड़ा खुलासा

# एआई की मदद से आतंकी साजिश !

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच में सामने आया है कि अल-कायदा नाम के वैश्विक आतंकवादी संगठन की एक शाखा से जुड़े एक आरोपी ने कृत्रिम मेधा (एआई) मंच का कथित तौर पर इस्तेमाल आतंकवादी साजिश रचने के लिए किया था।

सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने रॉकेट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आरआईईडी) भी बनाए थे और जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काजीगुंड जंगल में उनका परीक्षण किया था। ये चौंकाने वाले निष्कर्ष एनआईए द्वारा 14 मई को दाखिल किए गए 7,500 पन्नों के विस्तृत आरोपपत्र का हिस्सा हैं। यह आरोपपत्र पिछले साल 10 नवंबर को राजधानी में हुए आईईडी विस्फोट के संबंध में है। दिल्ली में एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में सभी बातों का विस्तृत विवरण दिया गया है। आरोपपत्र में आईईडी को बनाने और उपयोग के लिए आरोपियों द्वारा अपनाई गई लगभग प्रयोगशाला-स्तरीय और सावधानीपूर्वक कार्यप्रणाली का भी जिक्र किया है।



आरोपपत्र में नामजद आरोपियों में से एक अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच) आतंकी मॉड्यूल का इंजीनियर निकला। इस आतंकी मॉड्यूल का संबंध भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा से है। गृह मंत्रालय द्वारा एक्यूआईएस और उसके सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया जा चुका है। आरोपपत्र में बताया गया कि आरोपी जासिर बिलाल वानी 2024-25 के दौरान दो से तीन बार हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर में रुका था, ताकि साजिश के लिए तकनीकी सहायता प्रदान कर सके। विश्वविद्यालय में कार्यरत तीन चिकित्सक विस्फोट में कथित तौर पर शामिल थे, जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने विश्वविद्यालय की भूमिका पर सवाल उठाए। डॉ. आदिल अहमद राथर ने जासिर को डॉ. उमर उन नबी से मिलवाया था। उमर उन नबी इस मामले में एक अन्य प्रमुख आरोपी और विस्फोटक से भरी कार का चालक था। विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। एनआईए की जांच में सामने आया कि आदिल ने जासिर को आईईडी बनाने की सामग्री की आपूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जबकि डॉ. उमर ने रॉकेट आईईडी पर शोध किया और उसे बनाने का तरीका बताया था।

# स्वास्थ्य शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

- इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी गोंडा व जैनस इनीशिएटिव्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर





**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी गोंडा और जैनस इनीशिएटिव्स के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वेंकटाचार्य लॉन गोंडा में किया गया, शिविर में दिव्यांग जनों के लिए, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष चिकित्सीय परामर्श एवं उपकरण का वितरण किया गया।

70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों को आयुष्मान कार्ड निःशुल्क रूप में बनाया गया इस निःशुल्क शिविर में ईसीजी, सीबीसी, कैल्शियम और शुगर की जांच भी निःशुल्क की गई

है इस शिविर में सुविख्यात हृदय शल्य चिकित्सक डॉ. पंकज श्रीवास्तव, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष रंजन शल्य चिकित्सक डॉ. डी.एम.शुक्ला, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना शुक्ला, नेत्र सर्जन डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, जनरल फिजिशियन डॉ. शरद श्रीवास्तव, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डी. के. राव इत्यादि चिकित्सकों, की उपस्थिति उल्लेखनीय रहेगी। शिविर में दिव्यांग जनों के लिए एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष चिकित्सीय परामर्श डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य संबंधित सभी को जानकारी दी एवं उपकरण का वितरण किया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों को आयुष्मान कार्ड निःशुल्क रूप में बनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संत लाल पटेल को रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष जसपाल सलूजा उप सभापति प्रो एस बी सिंह ने बुके एवं जैनस इनिशिएटिव्स संस्था के संस्थापक डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया साथ ही स्वास्थ्य महानिदेशालय लखनऊ से आए संयुक्त निदेशक क्रमिक डॉ. ए पी सिंह, विशिष्ट अतिथि विकलांग कल्याण अधिकारी रजनीश किरण एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सचिव डॉ अनिल कुमार को स्मृति चिन्ह साल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया इसके साथ आए हुए समस्त डॉक्टर्स को जैनिस एवं रेडक्रास की तरफ से सम्मानित किया गया साथ ही समस्त बुजुर्गों को छड़ी एवं विकलांगों को वाकर एवं ट्राई साइकिल दी गई जिनमें राधेश्याम राजा साहब संदीप कुमार संजय अनुराग सिंह विकलांग कल्याण के सहयोग से को ट्राई साइकिल वितरण किया गया। मैक्स लैब डायग्नोस्टिक सेंटर एवं तृषा लैब का अहम योगदान रहा एवं साथ में जीवन सेवा संस्थान के प्रबंधक एड. विनय तिवारी ने भी डॉक्टर्स को सम्मानित किया, इस कैम्प में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी गोण्डा से डॉ. ज्योत्स्ना शुक्ला संरक्षक, सचिव डॉ. अनिल कुमार, अजेय विक्रम सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अफ़ज़ल मंसूरी, दिग्गज पांडेय, के बी सिंह, प्रदेश कार्यपाली सदस्य कसीम सिद्दीकी, पंकज सिन्हा, अतुल श्रीवास्तव, विनय तिवारी, ज्योति सिंह,पुनिता मिश्रा, डॉ. सन्तोष सिंह, राजन श्रीवास्तव, मनीष मिश्र, डॉ. दिलीप शुक्ल, भूपेंद्र आर्य, विजित प्रेम श्रीवास्तव, अमित पांडेय, मुकेश अग्रवाल, विकास मनोहर श्रीवास्तव ने उस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया।

# परिवहन विभाग ने ट्रैफिक कंट्रोल व सड़क सुरक्षा के विषय पर एनसीसी कैडेटों को दी विस्तृत जानकारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय मनकापुर स्थित आश्रम पद्धति स्कूल सिसवा में एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रातःकाल सभी कैडेटों को सेना की प्रारंभिक बुनियाद ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

इस अभ्यास में सेना को एक साथ अनुशासित करते हुए विभिन्न क्रियाकलापों को सिखाया जाता है। ड्रिल में एक कमांडर पूरी टुकड़ी को कंट्रोल करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर कूच कराती है।

छात्र कैडेटों के साथ गर्ल्स कैडेट भी पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने स्वयं सभी कंपनियों का निरीक्षण करते हुए छोटी से छोटी बारीकियों को ध्यान देने की बात कही।



परेड के उपरांत विभिन्न विषयों जैसे एनसीसी की संरचना, राष्ट्रीय एकीकरण, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, रेडियो कम्युनिकेशन, ड्रोन के प्रकार पर व्याख्यान एनसीसी अधिकारियों एवं सेना के जवानों द्वारा दिया गया।

परिवहन विभाग द्वारा ट्रैफिक कंट्रोल एवं सड़क सुरक्षा के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र के कैडेट वाहन ना चलाएं और 18 वर्ष से ऊपर के लोग मोटरसाइकिल पर हेलमेट का प्रयोगकरे, कार में सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, मानक के अनुरूप गति सीमा में ही वाहन चलाएं।

परिवहन विभाग के अधिकारियों को मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग तिवारी द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पूरी प्रतियोगिताओं को संचालित कराने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

कैंप के सफल संचालन में कैप्टन एन के मिश्रा, लेफ्टिनेंट संजय शुक्ला, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट हरेंद्र, लेफ्टिनेंट अमिताभ, लेफ्टिनेंट आनंद पांडे, अमित शुक्ला सहित सेना के सभी जवानों का महत्वपूर्ण योगदान है।

## खबरें एक नजर में

### विधायक सुभाष त्रिपाठी बिजली आपूर्ति पर नाराज



- 48 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पयागपुर क्षेत्र में बिगड़ती विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने शनिवार को पयागपुर स्थित पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में विद्युत समस्याओं पर एक बैठक बुलाई। इसमें विद्युत विभाग के अधिकारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विधायक त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मरों के कारण जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। विधायक ने विशेष रूप से खराब ट्रांसफार्मरों को 48 घंटे के भीतर बदलने का आदेश दिया। उन्होंने जोर दिया कि सरकार की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में अधिशासी अभियंता ज्ञानेश कुमार, एसडीओ पयागपुर सुनील कुशवाहा और एसडीओ विशेश्वरगंज अश्वनी पांडे सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, आनंद पांडे, राजकुमार शुक्ला, मुकेश शर्मा, आनंद बिहार, अजीत शुक्ला समेत कई कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग भी उपस्थित रहे।

### मनकापुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**मनकापुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल के नेतृत्व में थाना मनकापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-205/26, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित 04 वांछित अभियुक्तगण- 01. कुल्लू उर्फ बब्लू, 02. लवकुश, 03. राजन, 04. कन्हैया को ग्राम लमती उकरहवा से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष मनकापुर मय हमराह के साथ देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण 1. कुल्लू उर्फ बब्लू, 2. लवकुश पुत्र, 3. रविशंकर, 4. राजन, 5. झब्बर उर्फ अजय, 6. कन्हैया एक संगठित गिरोह बना लिये हैं। कुल्लू उर्फ बब्लू उक्त गैंग का लीडर है। उक्त गैंग का मुख्य कार्य अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक एवं दुनियाबी लाभ हेतु बिजली मोटर पम्प की चोरी कर अवैध धन अर्जित करना है। उक्त गैंग द्वारा जनपद गोण्डा के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली मोटर पम्प चोरी की घटनाओं को कारित किया गया है उक्त गिरोह समाज में भय एवं आतंक फैलाकर चोरी जैसे गंभीर अपराध कारित करता है। उक्त गिरोह का कृत्य उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 3(1) के अन्तर्गत दण्डनीय पाया गया। गिरोहचार्ट तैयार कर अनुमोदन उपरान्त अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### ट्रेन में मिला नेत्रहीन नवजात शिशु, बाल कल्याण समिति ने अस्पताल में कराया भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मिहींपुरवा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस को एक ट्रेन की बोगी में एक नेत्रहीन नवजात शिशु लावारिस मिला। पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना बाल कल्याण समिति को दी।सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नवजात को एंबुलेंस के माध्यम से बहराइच मेडिकल कॉलेज के महिला विभाग स्थित शिशु चिकित्सा केयर वार्ड, एनएसयू रूम नंबर 301 में भर्ती कराया गया। वार्ड प्रभारी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. असद खान ने नवजात की जांच की। उन्होंने बताया कि बच्चे की आंखें जन्म से ही विकसित नहीं हुई हैं, जिसके कारण इलाज से भी उसे रोशनी मिल पाना संभव नहीं है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष के निर्देश पर बच्चे के रक्त सहित अन्य नमूने पैथोलॉजी जांच के लिए भेजे गए हैं। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने इस संबंध में कहा, शासन की नीति है कि देश की धरती पर जन्मे किसी भी बच्चे को उसके अधिकारों से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि बच्चे के पूर्ण स्वस्थ पाए जाने के बाद उसके उचित संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।पुलिस और बाल कल्याण समिति को आशंका है कि नवजात को उसके परिजनों ने ही छोड़ दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।



### हर हर महादेव के जयकारों से गुलजार हुआ क्षेत्र, निकाली गई शोभायात्रा

**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जय श्री राम, हर हर महादेव के जय घोष से गुंजायमान हुआ क्षेत्र, दर्जनों वाहनों के साथ पूरे क्षेत्र वासियों द्वारा निकाली गई यात्रा। विकास खण्ड उतरौला अंर्तगत ग्राम पंचायत पेड़ारिया के पेड़ारिया डीह में भूत भावन भोलेनाथ के प्रतिष्ठा में यात्रा निकाली गई जिसमें माताएं, बच्चे, तथा क्षेत्र वासियों द्वारा राप्ती नदी श्रृंगार जोत घाट पर जल भरने के लिए पहुंचे। जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु डीजे के धुनों पर नृत्य करते हुए पुनः अपने गांव मंदिर पर पहुंचे। आयोजक कर्ता राम यादव, हरिश चंद्र यादव, मातबर वर्मा, तिवारी यादव, विक्रम यादव ने बताया कि आज यात्रा समापन के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से प्रारंभ होगा तथा आज से ही विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जो अनवरत 1/6/26 तक चलता रहेगा। बताया कि समूचे क्षेत्र वासियों द्वारा अपार सहयोग प्रदान किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालु से अनुरोध किया है कि सभी श्रद्धालु पहुंच कर प्रसाद ग्रहण करें और स्वयं को धन्य बनाएं।

# नहीं रहे सिंधियों के धर्मगुरु पूज्य साईं साधराम साहिब

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



सिंधी समाज के धर्मगुरु एवं संत सतराम धाम साहिब (रहड़की सिंध पाकिस्तान) के गद्दीनशीन संत पूज्य साईं साधराम साहिब ने 19 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 5ः00 बजे सिंगापुर में चल रहे इलाज के दौरान अपने नस्वर शरीर को त्याग दिया। संत काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। संत साध राम साहिब के पाकिस्तान एवं हिंदुस्तान में करोडो अनुवाई हैं। उनकी मृत्यु का समाचार सुनकर उनके भक्तों में शोक की लहर दौड़ गई।सिंधी समाज गोंडा के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि धर्मगुरु के शरीर त्यागने के पश्चात 23 तारीख शनिवार को संत बाबा आसुदाराम सत्संग भवन गोंडा में पुण्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सिंधी समाज के मुखिया जयराम दास लधवानी एवं राजकुमार ठक्कूर, जगदीश रायतानी, सुशील रायतानी, मथुरा दास लधानी, अनिल जिज्ञासु, सेवक महात्मा जी (पूज्य आनंदपुर दरबार साहिब), पूजा रायतानी ने मुख्य रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सखी बाबा सेवा समिति, सखी महिला मंडल, सखी युवा मंडल एवं सिंधी समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# हड्डी व घुटनों से संबंधित 60 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच

- एचसीजी हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध डॉक्टर श्री कुंज बिहारी रहे उपस्थित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

लायंस क्लब गोंडा सेवा के तत्वाधान में एचसीजी हॉस्पिटल अहमदाबाद की ओर से एक निशुल्क ऑर्थोपेडिक कैंप का आयोजन रानी बाजार के राम जानकी धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें हास्पिटल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर श्रीकुंज पटेल वरिष्ठ जोड़ रोड प्रत्यारोपण सर्जन अहमदाबाद एवं लखनऊ से डॉक्टर वैभव अग्निहोत्री वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट व गोंडा के फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर राजीव चौरसिया उपस्थित रहे। जिनकी देखरेख में 60 लोगों का बीएमडी जांच किया गया। उसके उपरांत लिगामेंट की चोट, घुटने का दर्द, कूल्हे का दर्द, रीढ़ की हड्डी का दर्द, सीढ़ी चढ़ने उतरने में दर्द, कंधे का दर्द आदि समस्या से ग्रसित लोगों का डॉक्टर श्री कुंज पटेल व डॉक्टर वैभव अग्निहोत्री द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया। लायंस क्लब गोंडा सेवा की ओर से लायन अजय कुमार मित्तल, लायन राजकुमार जायसवाल, लायन सुशील जालान, लायन चंद्रकेश मिश्रा, लायन बसन्त कुमार नेवटिया, लायन अमित पांडे, लायन मुकेश अग्रवाल, लायन पवन जायसवाल, लायन आलोक सिन्हा, लायन राजीव अग्रवाल, लायन अजय गर्ग, लायन मयंक टण्डन, लायन अजीत सिंह सलूजा, लायन अशोक लोहिया, लायन नितिन वाधवानी बंटी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अनिल मित्तल अध्यक्ष राम जानकी धर्मशाला, अमित पांडेय सहयोगी हॉस्पिटल टीम के अलावा तमाम गणमान्य उपस्थित रहे।




डॉक्टर श्री कुंज बिहारी द्वारा बताया गया कि हमारी संस्था की ओर से जनपद में यह पहला निःशुल्क लायंस क्लब गोंडा सेवा के सहयोग से लगाया गया है, जो पूर्णतया सफल रहा, क्लब के लोगों का बहुत सहयोग रहा, आगे भी इस तरह का कैंप पुनः जनपद में लगाए जाने का प्रयास भी किया जाएगा।

# तेंदुए के आतंक से दहला मौजीपुरवा

- तीन पर हमला, एक गंभीर
- ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर घेरा घर, घंटों चले रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने पकड़ा तेंदुआ

**मिहींपुरवा, बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत जुगनिया के मजरा मौजीपुरवा में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खूंखार तेंदुआ आबादी के बीच घुस आया और देखते ही देखते तीन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

तेंदुए के हमले से पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना में घायल तीनों लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां एक युवक की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोगों में वन विभाग की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। घायल हुए नसीम पुत्र चिमन उम्र 55, जुबैद पुत्र रहमान उम्र 32, फ़ैजल रहमान उम्र 38 वर्ष पुणरूप से घायल है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ एक घर में घुस गया था, जिसके बाद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए घर को चारों ओर से घेर लिया और वन विभाग को सूचना दी। सूचना के बावजूद वन विभाग की टीम काफी देर बाद मौके पर पहुंची।

घंटों चले हाई-वोल्टेज रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जाल और पिंजरे की मदद से तेंदुए को काबू में किया गया। वहीं डीएफओ चकिया द्वारा रेस्क्यू किया गया। चकिया रेंजर विजय कुमार मिश्रा के अवकाश पर होने के कारण अतुल श्रीवास्तव ने मोर्चा संभाला। वहीं मोतीपुर थाना के पुलिस बल भी



मौके पर तैनात रहा ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और जंगलों में पानी की कमी के चलते जंगली जानवर लगातार गांवों की ओर रुख कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग सुरक्षा इंतजाम करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। जंगल किनारे बसे गांवों में न बैरिकेडिंग है और न ही कोई ठोस निगरानी व्यवस्था। शाम ढलते ही लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि वन विभाग ने जल्द स्थायी सुरक्षा उपाय नहीं किए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# महाशिवपुराण कथा का आयोजन, रविशंकर महाराज ने बताया पुरुषोत्तम मास में शिव आराधना का महत्व

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के पयागपुर इलाके में महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया गया। इसमें रविशंकर महाराज ने श्रद्धालुओं को पार्थिव पूजा, प्रार्थना और पूजा-पाठ का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की आराधना विशेष फलदायी मानी गई है। महाराज ने बताया कि इस पवित्र माह में श्रद्धा और विधि-विधान से की गई शिव उपासना से मनुष्य के त्रिविध दोषों का नाश होता है। इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। रविशंकर महाराज ने पार्थिव शिवलिंग पूजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में मिट्टी से निर्मित शिवलिंग का पूजन विशेष महत्व रखता है। इससे व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और आध्यात्मिक ऊर्जा



की प्राप्ति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था रखने और नियमित पूजा-अर्चना करने का आह्वान किया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने भक्तिमय माहौल में शिव महिमा का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान हर-हर महादेवके जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस दौरान आयोजन समिति के रामरंग जायसवाल, संजय धवल, मनोज, श्यामजी, पंकज व सोनू सहित कई लोग मौजूद रहे।

### महाराजा सुहेलदेव का धूमधाम से मनाया गया विजयोत्सव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महाराजा सुहेलदेव का दो दिवसीय विजयोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन ज्येष्ठ माह के दौरान चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी, सुरेश्वर सिंह, सरोज सोनकर, अपना दल विधायक राम निवास वर्मा, विधानपरिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी, पदम सेन चौधरी और राजा यशुवेंद्र विक्रम सिंह भी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने ऑडिटोरियम में महाराजा सुहेलदेव के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा सुहेलदेव जैसे शूरवीर को, जिन्होंने अपनी वीरता से विदेशी आक्रांताओं को पराजित किया था, वह सम्मान नहीं मिल पाया था जिसके वे हकदार थे।शाही ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से डबल इंजन की सरकार ने विरासत और विकास की नीति को आगे बढ़ाया है। इसी क्रम में जनपद में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण किया गया है और मेडिकल कॉलेज का नाम भी उनके नाम पर रखा गया है। प्रभारी मंत्री ने जोर देकर कहा कि इतिहास ने भले ही महाराजा सुहेलदेव के साथ अन्याय किया हो, लेकिन डबल इंजन की सरकार ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने उन लोगों का भी जिक्र किया जिन्होंने धर्म और भूमि की रक्षा के लिए युद्ध में योगदान दिया था, लेकिन उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया। शाही ने कहा कि राष्ट्रनायकों का हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए। समारोह के दौरान जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों की छात्राओं, स्थानीय कलाकारों और संस्कृति विभाग के कल्चरल ग्रुप द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# 20 दिवसीय कला कार्यशाला का समापन, तीन दिवसीय प्रदर्शनी में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मकता

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महाराज सिंह इंटर कॉलेज एवं कला निकेतन सोसायटी के संयुक्त सहयोग से आयोजित 20 दिवसीय कला कार्यशाला के समापन अवसर पर तीन दिवसीय भव्य कला प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार चित्रकला, रेखांकन, लोककला एवं विभिन्न सृजनात्मक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्या डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी मौजूद रहीं, जबकि राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के




सदस्य अभिनव दीप विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का रोली-चंदन, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त जरिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को नई पहचान देते हैं। विशिष्ट अतिथि अभिनव दीप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अकादमी द्वारा समय-समय पर कला कार्यशालाएं, प्रदर्शनियां, प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिताएं आयोजित कर ग्रामीण व छोटे शहरों की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ. श्री प्रकाश गुप्ता ने कार्यशाला की प्रशिक्षक एवं प्रवक्ता शिवांगी राज, कार्यक्रम संचालिका शिवा देवी तथा अतिथि कलाकार हर्षिका सिंह के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक एवं प्रवक्ता अमित कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। वरिष्ठ प्रवक्ता आनंद मोहन प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों की कलाकृतियों में उनकी कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच स्पष्ट दिखाई देती है। इस मौके पर तबस्सुम आफरीन, शैलजा चौधरी, अभय सिंह, श्यामानंद यादव, विपिन कुमार साहू, राकेश कुमार, संतोष कुमार सिंह, अजय कुमार मेहरोत्रा, जन हरिश्चंद्र कनौजिया, अनीता पांडे, किसान डिग्री कॉलेज की कला शिक्षिका सविता वर्मा, साहित्यकार नितेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्टैंड फैन में करंट उतरने से महिला की मौत, मचा हड़कंप

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली उतरौला क्षेत्र के महदेईया बाजार में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। दवा लेने गई महिला की मेडिकल स्टोर में रखे स्टैंड फैन से करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार थाना रेहरा बाजार के ग्राम अगया बुजुर्ग (धनपुरवा) निवासी राजकुमारी (45) पत्नी जगमोहन रविवार दोपहर करीब 1 बजे महदेईया बाजार



स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गई थीं। दवा लेने के बाद वह दुकान में पानी पीने अंदर गईं, तभी वहां चल रहे स्टैंड फैन की चपेट में आ गईं। पंखे में करंट उतर रहा था, जिससे वह उससे चिपक गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर 112 पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। महिला को एंबुलेंस से सीएचसी उतरौला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतका के पति जगमोहन मजदूरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं, बेटी गुड़िया और बेटा जयकिशन, दोनों की शादी हो चुकी है। बेटा पहले से अहमदाबाद में रहता है। जगमोहन का भी टिकट निकल चुका था और वह कुछ दिनों में अहमदाबाद जाने वाले थे। घटना स्थल का प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उतरौला अवधेश राज सिंह ने टीम के साथ मुआयना किया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

- गर्मी, हीट वेव एवं लू के दृष्टिगत 15 जून तक अवकाश रहेगा प्रभावी

**बलरामपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों हेतु दिनांक 23 मई 2026 से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। गर्मी, हीट वेव एवं लू की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिगत लिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, बलरामपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार घोषित अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा केंद्र पर उपस्थित रहकर नियमित रूप से विभागीय कार्य संपादित किए जाएंगे। इस दौरान लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, VHSND सत्र में सहभागिता, पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों की फीडिंग, ई-केवाईसी एवं फेस कैप्चरिंग सहित अन्य समस्त कार्य पूर्व की भांति संचालित किए जाएंगे। जनपद प्रशासन द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि भीषण गर्मी के दौरान बच्चों को सुरक्षित रखें तथा आवश्यक सावधानियों का पालन करें।

# डबल इंजन सरकार ने प्रशस्त किया यूपी में विकास का मार्ग : केशव

- बीजेपी सरकार का ध्येय समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण
- जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में पहुंचे डिप्टी सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बीजेपी लखनऊ द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश के विकास पथ पर विस्तृत प्रकाश डाला। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार का एकमात्र ध्येय अंत्योदय और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण है।

हमारी सरकार ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ बुनियादी ढांचे, सड़कों, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का जाल बिछाकर उत्तर प्रदेश में विकास का एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र पंचायत अंतर्गत आने वाली विकास योजनाओं का लोकार्पण किया।बोले, इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के नागरिकों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आएगा। इससे पहले उन्होंने संगठन और सरकार के कार्यों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे अभियान कार्यकर्ताओं की वैचारिक क्षमता और कार्यकुशलता को निखारने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी और लू की बीच ब्रजेश पाठक ने प्रदेशवासियों से की खास अपील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रचंड गर्मी और लू के बीच रविवार को राज्य के नागरिकों को खुद को और प्रियजनों को गर्मी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी।

उत्तर प्रदेश सरकार में चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सावधानी अपनाएं, सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें। इसी पोस्ट में पाठक ने सुझाव देते हुए कहा, अत्यधिक गर्मी के मौसम में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में खुद को और अपने प्रियजनों को गर्मी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी सावधानियां अवश्य अपनाएं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लू से घबराएं नहीं, बल्कि सजग बनें, सतर्क रहें, स्वस्थ रहें। ब्रजेश पाठक ने इस पोस्ट में भीषण गर्मी एवं लू से बचाव का एक पोस्टर भी साझा किया, जिसमें पर्याप्त मात्रा में जल, ओआरएस एवं नींबू पानी का सेवन करने, हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनने तथा धूप में सिर व शरीर को ढकने, जितना संभव हो ठंडे, हवादार एवं छायादार स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

इसी पोस्टर में सुपाच्य, हल्का एवं पौष्टिक भोजन ग्रहण करने की सलाह के साथ ही शिशुओं, बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों एवं पालतू पशुओं का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया है। इसमें तेज धूप और भीषण गर्मी में अधिक समय तक बाहर नहीं रहने की सलाह भी दी गई है। इसमें धूप में खड़े किये गये बंद वाहनों के भीतर नहीं बैठने और दोपहर के समय अत्यधिक शारीरिक श्रम अथवा भारी व्यायाम से बचने को भी कहा गया है।

## खबरें एक नजर में

### कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला हलवाई का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक 49 वर्षीय हलवाई ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार सुबह सामने आई जब उसकी पत्नी ने उसे कमरे में लटका पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। भदोई गांव निवासी राजेश मौर्य अपनी पत्नी पिंकी, बेटी कशिश और बेटे अनय के साथ रहता था। वह हलवाई का काम करता था। शनिवार रात खाना खाने के बाद सभी सो गए। राजेश भी अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह करीब 5.30 बजे पत्नी पिंकी अपने पति राजेश को जगाने गई। उसने देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पिंकी ने कई बार आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला और न ही दरवाजा खुला। इसके बाद पिंकी ने खिड़की से झांक कर देखा तो राजेश कमरे के अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला। यह देखकर घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक राजेश मौर्य अधिक शराब पीने का आदी था। हालांकि, उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। पुलिस फिलहाल मामले की विस्तृत जांच-पड़ताल कर रही है।

### वाटर पार्क से लौटते समय पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बंथरा के भदोई गांव निवासी कोटेदार खुशीराम के बेटे रवि के रूप में हुई है। रवि ने इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद रवि को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रवि रविवार सुबह अपने कुछ दोस्तों के साथ उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित एक वाटर पार्क गया था। वहां से वह अपनी बाइक पर अकेले घर लौट रहा था। दोपहर करीब 12.30 बजे बंथरा में बनी-मोहन रोड स्थित लतीफनगर के पास यह हादसा हुआ। पानी की बोतलें लादकर आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक कार को ओवरटेक करने के चक्कर में रवि की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप रवि को बाइक सहित करीब 20 मीटर तक घसीटता चला गया। बाद में पिकअप सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराया। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। मृतक रवि के परिवार में उसके पिता खुशीराम, मां सुनीता और छोटा भाई अंकुश हैं।

### लखनऊ में पेपर लीक की झूठी सूचना जांच में निकली फर्जी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं को लेकर वर्षों तक सक्रिय रहे पेपर लीक और नकल माफियाओं के नेटवर्क पर योगी सरकार की सख्ती लगातार भारी पड़ रही है। इसका बड़ा उदाहरण विगत दिनों आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा-2025 में देखने को मिला, जहां सोशल मीडिया के जरिए पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश हुई, लेकिन प्रशासन और आयोग की सतर्कता के आगे यह साजिश पूरी तरह नाकाम साबित हुई। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के 44 जिलों के 861 केंद्रों पर शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। 3,66,712 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3,01,756 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। उपस्थिति प्रतिशत 82.29 रहा, जो अभ्यर्थियों के भरोसे को भी दर्शाता है। लखनऊ के ऐशबाग स्थित गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी इंटर कॉलेज को लेकर कुछ लोगों ने पेपर लीक की अफवाह फैलाने की कोशिश की। जिला प्रशासन, आयोग और निगरानी टीमों ने तत्काल जांच शुरू की। जांच में साफ हुआ कि प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट पूरी तरह सीलबंद और सुरक्षित थीं। एक कक्ष के कुछ अभ्यर्थी भ्रम की स्थिति में बाहर आ गए थे, जिसे कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर पेपर लीक का रंग देने की कोशिश की। परीक्षा की निगरानी तकनीक आधारित रही। आयोग मुख्यालय से लेकर परीक्षा केंद्रों तक कंट्रोल कमांड रूम के जरिए लाइव मॉनिटरिंग की गई। पूरे प्रदेश में 18,883 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। 7,683 बायोमैट्रिक ऑपरेटर और 6,297 फ्रिस्किंग गार्ड तैनात किए गए थे। एआई आधारित पहचान प्रणाली के जरिए प्रतिरूपण और फर्जीवाड़े पर नजर रखी गई। बुलंदशहर में एक संदिग्ध अभ्यर्थी तुरंत पकड़ लिया गया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। हाईटेक निगरानी, बायोमैट्रिक सत्यापन, एआई ट्रैकिंग और प्रशासनिक जवाबदेही ने नकल माफियाओं की कमर तोड़ दी। लेखपाल मुख्य परीक्षा-2025 का शांतिपूर्ण आयोजन संकेत है कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता और सख्ती के नए मॉडल पर आगे बढ़ रही हैं।

# हाई कोर्ट की सख्ती से बैकफुट पर आईं मेयर, सपा पार्षद को दिलाई शपत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ की राजनीति रविवार को एक बड़े घटनाक्रम की गवाह बनी। लंबे समय से विवादों में घिरे लखनऊ उत्तर क्षेत्र के निर्वाचित पार्षद ललित किशोर तिवारी ने आखिरकार नगर निगम परिसर में पार्षद पद की शपथ ग्रहण कर ली। सुबह करीब 9 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

पूरे परिसर में सत्य की जीत हुई और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश और सख्त रुख के बाद प्रशासन को मजबूरन यह शपथ दिलानी पड़ी। ललित किशोर तिवारी के निर्वाचित होने के बावजूद उन्हें शपथ नहीं दिलाई जा रही थी। इस देरी को लेकर उनके समर्थक और विपक्षी नेता लगातार नाराज थे। कई बार नगर निगम से शपथ की मांग की गई, लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। आखिरकार मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जहां अदालत ने नगर निगम प्रशासन से जवाब तलब किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालने पर नाराजगी जताई।

कोर्ट के कड़े संदेश के बाद प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया और शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि अदालत नहीं हस्तक्षेप करती तो यह मामला और लंबा खिंच सकता था। इस पूरे प्रकरण में लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल की भूमिका भी चर्चा में रही। विपक्ष का आरोप है कि जानबूझकर राजनीतिक कारणों से शपथ में देरी की गई। हालांकि नगर निगम की ओर से इस पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण नहीं आया।

भाजपा समर्थक इसे सामान्य प्रक्रिया बता रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी इसे विपक्षी जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव करार दे रही है। शपथ ग्रहण के बाद ललित किशोर तिवारी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों ने मिठाइयां बांटीं, ढोल-नगाड़े बजाए और जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने इसे एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सत्य और लोकतंत्र की जीत बताया। क्षेत्र के स्थानीय लोगों में अब नई उम्मीद जगी है। सड़क, सफाई, जलभराव और पेयजल जैसी लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की उम्मीद बंधी है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, यह घटनाक्रम लखनऊ उत्तर की राजनीति को नया मोड़ दे सकता है और समाजवादी पार्टी को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचा सकता है।

इस मामले ने विपक्ष को भाजपा और नगर निगम प्रशासन पर हमला बोलने का ताजा हथियार दे दिया है। समाजवादी नेताओं का कहना है कि न्यायपालिका ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की, वरना विपक्षी प्रतिनिधियों का हक मार लिया जाता। हाईकोर्ट की इस सक्रिय भूमिका की कानूनी विशेषज्ञों और आम लोगों दोनों तरफ सराहना हो रही है।

# ग्राम प्रधानों के ही हाथों में रहेगी बागडोर!

- चुनाव टले तो भी प्रशासक होंगे प्रधानजी
- 26 मई को खत्म हो रहा प्रधानों का कार्यकाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव 2026 को लेकर बड़ा अपडेट है। शायद इस बार पंचायत चुनाव तय समय पर नहीं होगे। ऐसे में योगी आदित्यनाथ सरकार ग्राम प्रधानों को बड़ी राहत देने के मूड में है। जानकारी के मुताबिक सरकार प्रदेश की ग्राम सभाओं में प्रशासकों की नियुक्ति करेगी। मौजूदा प्रधानों को ही यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यदि ऐसा हुआ तो पंचायत चुनाव तक ग्राम प्रधान ही गांवों के विकास कार्यों की निगरानी करेगे। इसको लेकर प्रदेश के प्रधानों में उत्साह है। उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को पूरा हो रहा है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद सामान्यत: प्रधानों के अधिकार खत्म हो जाते हैं। अब तक ऐसी स्थिति में एडीओ पंचायत अथवा ग्राम पंचायत अधिकारी को प्रशासक बनाया जाता था, जो पंचायत के कार्यों की जिम्मेदारी संभालते थे। इस बार सरकार पुराने सिस्टम में बदलाव कर सकती है। ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाया जाता है तो गांवों में चल रही योजनाओं और विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी। सड़क, पानी, सफाई, आवास और अन्य योजनाओं का काम पहले की तरह जारी रह सकेगा। सरकार का मानना है कि पंचायत स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत रखने के लिए यह जरूरी हो सकता है।राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड में पहले भी ग्राम प्रधानों को प्रशासक के तौर पर जिम्मेदारी दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार भी इसी मॉडल पर आगे बढ़ती नजर आ रही है। यदि फैसला लागू होता है तो प्रदेश के 57 हजार से ज्यादा ग्राम प्रधानों की बल्ले बल्ले होगी।

# मंडल रेल प्रबंधक एकादश ने मीडिया एकादश को 10 विकेट से पराजित कर जीता टी-20 मैच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में स्थापित आधुनिक फ्लडलाइट व्यवस्था के उद्घाटन अवसर पर एक भव्य टी-20 नाइट क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मंडलीय खेलकूद संघ, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में मंडल रेल प्रबंधक एकादश एवं मीडिया एकादश की टीमें आमने-सामने रहीं। फ्लडलाइट्स की आकर्षक रोशनी में आयोजित इस ऐतिहासिक मैच ने खेल प्रेमियों एवं उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल तथा लखनऊ मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। मंडल रेल प्रबंधक ने अपर मंडल रेल प्रबंधक (संचालन) नीतू, स्पोर्ट्स ऑफिसर धनंजय मिश्रा, रेलवे अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, उनके परिवारीजनों एवं रेलवे कर्मचारियों की उपस्थिति में फ्लडलाइट में खेले जा रहे उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अत्यंत खुशी है कि इस विशेष अवसर पर मीडिया जगत के सम्मानित प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में रही। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज और संस्थाओं के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है तथा मीडिया के सहयोग एवं सकारात्मक सहभागिता से रेलवे की उपलब्धियां जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुंचती हैं। उन्होंने सभी मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में स्थापित आधुनिक फ्लडलाइट व्यवस्था भविष्य में रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे रेलवे खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय अभ्यास एवं प्रतिस्पर्धाओं के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे तथा खेल गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मैत्री मैच में मीडिया एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। मीडिया एकादश की ओर से सुधीर तिवारी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए, जबकि पंकज पांडेय ने 14 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। मंडल रेल प्रबंधक एकादश की ओर से शिव प्रताप सिंह, बलराम निषाद एवं पंकज कुमार सिंह ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए एक-एक महत्वपूर्ण विकेट प्राप्त किया। 95 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंडल रेल प्रबंधक एकादश की टीम के सलामी बल्लेबाज राहुल यादव एवं पंकज कुमार सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। राहुल यादव ने मात्र 28 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें 6 चौके एवं 1 छक्का शामिल रहा। वहीं पंकज कुमार सिंह ने 37 गेंदों पर नाबाद 43 रनों की प्रभावशाली पारी खेली, जिसमें 5 चौके एवं 2 छक्के शामिल रहे। मंडल रेल प्रबंधक एकादश ने बिना कोई विकेट खोए मात्र 10.5 ओवरों में 98 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ मंडल रेल प्रबंधक एकादश ने मीडिया एकादश को 10 विकेट से पराजित कर उद्घाटन टी-20 नाइट मैच जीत लिया। मैच के उपरांत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मायावती ने कार्यकर्ता से की अपील, बूथ स्तर तक मजबूत करें संगठन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी की पूर्व सीएम और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा उत्तर प्रदेश इकाई की बड़ी बैठक में पार्टी संगठन की समीक्षा की। लखनऊ में 12 माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई इस विशेष बैठक में पोलिंग बूथ स्तर तक संगठन की जमीनी मजबूती, विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों और जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। मायावती ने पिछली बैठक के निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट पर संतोष जताया। साथ ही कहा कि देश में चुनाव जिस तरह नई-नई चुनौतियों के बीच हो रहे हैं, उसे देखते हुए पार्टी की तैयारियों को हर स्तर पर और अधिक चुस्त-दुरुस्त व मुस्तैद बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के पक्ष में बढ़ते जन रुझान के चलते यूपी में पांचवीं बार सर्वजन हितैषी सरकार बनाने का मिशनरी लक्ष्य सुनिश्चित करना है। बैठक में विधानसभा, जिला एवं स्टेट कमेटी के पदाधिकारियों और पोलिंग बूथ स्तर के प्रमुख प्रभारियों ने भाग लिया। मायावती ने यूपी विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि धुरंधर विरोधियों की हर चाल का मुकाबला सन 2007 की तरह ही पूरी तरह से डट कर करना है। प्रत्याशियों के चयन में बरती जा रही सावधानी को उन्होंने देश और जनहित में उचित बताया।



- यूपी में 5वीं बार सरकार बनाने का लक्ष्य

मायावती ने कहा कि कुल मिलाकर हाथी पर बटन दबाना है, सत्ता में वापस आना है के मिशन को पूरा करना है। सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की बीएसपी सरकार एक बार फिर सुनिश्चित करने के लिए पूरे जी-जान से वोट की सुरक्षा करनी है। अपनी इज्जत-आबरू, जान-माल की तरह वोट की हिफाजत करनी है। मायावती ने देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक हालात को दुखद व कड़वा बताया। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठ-समर्थक नीति के चलते सबका अहित हो रहा है। सभी सरकारें कल्याणकारी होने का संवैधानिक दायित्व निभाएं तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि सरकारें खासकर रोजी-रोटी, शांति-सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था जैसे जनहित की जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करें। यूपी के लोगों को पूरी तरह से आजमाई हुई पार्टी बीएसपी व उसके नेतृत्व पर फिर से भरोसा करना होगा।

# स्काउट-गाइड ने ऐशबाग व मैलानी स्टेशन पर 'प्याऊ' सेवा कार्यकाम का किया आयोजन, यात्रियों की बुझाई प्यास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा जिला आयुक्त गाइड डॉ. रंजना पाटनी के नेतृत्व में ग्रीष्मकाल के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ, लखनऊ द्वारा ऐशबाग स्टेशन एवं मैलानी स्टेशन पर 'निशुल्क वाटर सर्विस-प्याऊ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इसके अंतर्गत स्टेशन पर उपस्थित एवं ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध कराकर मानव सेवा का संदेश दिया गया। इस दौरान यात्रियों ने इस पहल की सराहना की और इसे राहतकारी बताया।

यह सेवा कार्य न केवल यात्रियों के लिए राहतकारी सिद्ध हुआ, बल्कि समाज सेवा एवं मानवता के प्रति स्काउट-गाइड संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शा रही है। इस अवसर पर ऐशबाग ग्रुप, बादशाहनगर ग्रुप एवं मैलानी ग्रुप के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर-रेंजर एवं लीडर्स ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### लोककला आधारित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला व चित्र प्रदर्शनी का सफल समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आर्य जनता इंटर कॉलेज, में आयोजित 20 दिवसीय लोककला आधारित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला कला से कौशल तक के अंतर्गत आयोजित 3 दिवसीय चित्र एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं कमला दयाल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगी शिक्षकों एवं प्रतिभागी बच्चों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यशाला ग्रामीण बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा, सांस्कृतिक चेतना एवं कला के प्रति बढ़ते उत्साह का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी।

**आयोजन** | डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर भारत का नया इंजन बनेगा यूपी

# नई दिशा देगा प्रस्तावित यूपी डिफेंस एंड एयरोस्पेस कॉन्क्लेव-2026

- कॉन्क्लेव से निवेश और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, एयरोस्पेस सेक्टर को नई गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश रक्षा और एफडीआई कॉन्क्लेव-2026 आयोजन की तैयारी है।

प्रस्तावित कॉन्क्लेव का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा, जिसमें उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में डिफेंस इंडस्ट्री की स्थापना, निवेश आकर्षण और औद्योगिक विस्तार पर विशेष फोकस रहेगा। कॉन्क्लेव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को देश के सबसे बड़े डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करना है। इसके माध्यम से उद्योग जगत, रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों, एयरोस्पेस कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश की रक्षा निर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

राज्य की रणनीतिक लोकेशन, मजबूत एक्सप्रेसवे नेटवर्क, औद्योगिक भूमि उपलब्धता, सिंगल विंडो सुविधा और बेहतर कानून व्यवस्था को निवेश के प्रमुख आधार के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के साथ उद्घाटन सत्र आयोजित होगा।

कई महत्वपूर्ण पैनल चर्चाएं भी प्रस्तावित हैं। इनमें प्रमुख रूप से डिफेंस और एयरोस्पेस इन्वेस्टमेंट के लिए उत्तर प्रदेश क्यों?, यूपी एयरोस्पेस और रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024, रक्षा क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी और यूपी डिफेंस कॉरिडोर को बढ़ावा देने में डीपीएसयू और सरकारी संस्थानों की भूमिका जैसे विषय शामिल हैं।

कॉन्क्लेव में रक्षा उत्पादन सचिव द्वारा रक्षा क्षेत्र के भविष्य को लेकर विजन और मार्गदर्शन दिए जाने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन और एयरोस्पेस सेक्टर में अग्रणी राज्य बनाने की रणनीति प्रस्तुत किया जाना शामिल है।

कार्यक्रम में स्टेकहोल्डर्स के बीच बी2जी और बी2बी इंटरैक्शन आयोजित किए जाएंगे, जिससे उद्योग और सरकार के बीच सीधा संवाद हो सके।

योगी सरकार पहले ही उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को राज्य की ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी रणनीति का महत्वपूर्ण आधार बना चुकी है। डिफेंस एवं एफडीआई कॉन्क्लेव-2026 को प्रदेश में रक्षा उत्पादन, विदेशी निवेश और उच्च तकनीकी रोजगार के नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

# शतरंज प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र अव्वल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ऐश्वर्य श्रीवास्तव, असद अब्बास, अक्षत राय एवं शम्स तबराज ने ओपेन डिस्ट्रिक्ट चेस टूर्नामेन्ट में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। टूर्नामेन्ट में ऐश्वर्य श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं इस उपलब्धि हेतु ऐश्वर्य को रु. 1500/- के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि असद अब्बास एवं शम्स तबराज ने सातवीं एवं अक्षत राय ने आठवीं पोजीशन पर कब्जा जमाया। यह टूर्नामेन्ट चेस क्लब ब्लैक एण्ड व्हाइट, लखनऊ के तत्वावधान में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस टूर्नामेन्ट में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन उदीयमान शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, शतरंज के दांव-पेंच, रणनीतिक क्षमता व स्मरणशक्ति का शानदार प्रदर्शन कर निकट भविष्य में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करने का संकेत दिया है। चैम्पियनशिप के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्रों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इन सभी प्रतिभाशाली छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# ट्रैफिक मैनेजमेंट: नर्सिंग होमों- बारातघरों को नोटिस जारी

- डीएम शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सख्त, बैठक कर तैयार होगी रणनीति
- आज कलेक्ट्रेट में बारातघरों के मालिकों के साथ प्रशासन की बैठक



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट व पार्किंग व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। इसके प्री प्लान तैयार कर शहर के नर्सिंग होमों व बारातघरों के स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनको स्पष्ट किया गया है कि वह अपनी अपनी पार्किंग स्थल आदि के बारे में अवगत कराएं। जिनके पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है, उनको सख्त हिदायत दी गई है कि जल्द से जल्द पार्किंग व्यवस्था का बंदोबस्त कर ले। आज सोमवार को कलेक्ट्रेट में बारातघरों के मालिकों को बुलाया गया है कि वह पार्किंग आदि के बारे में बताएं, जिससे कि शहर में लगने वाली जाम की समस्या से निपटा जा सके। बारातघर मे एक व्यक्ति नामित किया जाएगा, जोकि ट्रैफिक व्यवस्था न बिगडे इसके लिए गाडियों पार्किंग कराएगा।

इसके लिए पूर्व में एडीएम प्रशासन द्वारा की गई, बैठक में नगर निगम व पुलिस को दिशा निर्देश दिए गए थे कि वह ऐसे बारातघरों व नर्सिंग होमों को नोटिस जारी करें। जोकि वाहनों कीपार्किंग न कराकर सड़कों पर जाम लगवाते है। साथ ही जो दुकानदार रोड का ट्रैफिक बाधित करता है, उसको भी बैठक में बुलाया गया है। पहले बारातघरों के मालिकों के साथ बैठक होगी, उसके बाद नर्सिंग होम वालों को बुलाया गया है।

### 68 नर्सिंग होमों को नोटिस जारी

एडीएम के निर्देश के बाद नगर निगम की ओर से 68 नर्सिंग होमों को नोटिस जारी किए गए हैं। 25 तारीख से पहले यह लोग अपनी अपनी पार्किंग स्थल के बारें में अवगत कराएंगे। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि इन सभी नर्सिंग होम में एक एक नोडल व्यक्ति नामित जाएगा। जोकि पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रखेगा। किसी तरह की समस्या आने पर अवगत भी कराएगा।

> शहर के ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर डीएम के निर्देश पर नोटिस जारी कर नर्सिंग होम व बारातघरों के स्वामियों को बुलाया गया है। इनके साथ बैठक कर सुझाव व रणनीति तैयार की जाएगी। जो भी लोग अतिक्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था में बाधक बन रहे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी लोगों से अपील है कि अपने वाहनों की नगर निगम की पार्किंग में ही खड़ा करे। जिससे कि शहर को जाम से निजात दिलाया जा सके।
>
> **–रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन**

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**तिलहर शाहजहांपुर।** ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सब पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र में बंथरा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना नगरिया मोड़ पुलिस चौकी इंचार्ज अनुज चौधरी पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया । लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### कुश्ती खिलाड़ी शिवम की मौत, शोक

**कांट, शाहजहांपुर।** मल्हपुर गांव के युवा होनहार कुश्ती खिलाड़ी शिवम की शनिवार को मृत्यु हो गई। रविवार को उनके घर पर एमएलसी अमित यादव एवं ब्लॉक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ला ने पहुंचकर शोक व्यक्त किया। मल्हपुर निवासी बलवीर शुक्ला के पुत्र शिवम की 8 वर्ष पूर्व दंगल में कुश्ती के दांव पेंच सीखते हुए रीढ़ की हड्डी फैक्चर हो गई थी। जिससे वह चलने फिरने में असमर्थ हो गया।मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर एवं पीजीआई लखनऊ में निरंतर ईलाज के बाद भी कभी चारपाई से उठकर चल नहीं सका। ब्लॉक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ला, समाजवादी नेता एवं पूर्व एमएलसी अमित यादव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, कमल मिश्रा उर्फ मंगू ने मल्हपुर पहुंचकर परिवारजनों को सांत्वना दी।

### नगर में किया गया रथ यात्रा का स्वागत

**शान्ति कुंज हरिद्वार से 2400 तीर्थों का जल रज शक्ति कलश लेकर पहुंची यात्रा**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** अखण्ड दीप शताब्दी एवं माताजी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शांति कुंज हरिद्वार से अखण्ड ज्योति एवं 2400 तीर्थों का जल रज शक्ति कलश विभिन्न स्थानों से भ्रमण करके रविवार को पुवायां पहुंचा। नगर में तमाम स्थानों पर दिव्य ज्योति एवं शक्ति कलश का दर्शन पूजन कर श्रद्धालुओं ने पुण्यलाभ अर्जित किया। नगर विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर रथ यात्रा का अभिनंदन किया गया। रथ यात्रा नगर के हरे राम तालाब से राजा मार्केट होकर चौराहा बाजार से तिराहा बाजार होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा रोड से सेन्टर चौराहा होकर जेबां चौराहा होकर ,रामलीला रोड होकर गायत्री चेतना केंद्र पुवायां पर समापन एवं विश्राम के उपरांत सायं दीपयज्ञ 6.30 बजे से 8 बजे तक गायत्री चेतना केंद्र पर संपन्न हुआ। जहां सभी श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। प्रमोद चन्द्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, राजीव शर्मा, राजेश गुप्ता ,संजय मिश्रा, संजय गुप्ता, डॉ रवींद्र बाजपेई, श्यामाचरण शर्मा,दिलीप कटियार, मीना गुप्ता, रेशु गुप्ता, मधु सिंह,नीलम गुप्त आरती गुप्ता, एकता भारद्वाज, कवि प्रदीप वैरागी आदि का सहयोग रहा। नगरपालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व विधायक शकुंतला देवी, अजीत शर्राफ , रमेश रस्तोगी, रामप्रसाद, अभिषेक गुप्ता, संजीव पाण्डे, प्राप्ति मिश्रा, महेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता आदि ने भी पूजन किया।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रोजा,शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव दिउरिया में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। देर शाम तक पुलिस को मायके की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली हैं। गांव निवासी मुजीम की पत्नी नाजिया (35) ने रविवार दोपहर घर के बरामदे में छत के नीचे बंधे कपड़े टांगने के बांस में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता के फांसी लगाये जाने की सूचना मिलते ही रोजा थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्रा मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि नाजिया का निकाह 15 वर्ष पूर्व हुआ था। मृतक का मायका थाना उचौलिया क्षेत्र के गांव कटिघर में है। मृतका का भाई रिजवान दिउरिया गांव में ही रहता हैं। मृतका का एक बेटा है कामरान जो कि नौ वर्ष का है। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतका के परिजनों की ओर से कोई तहरीर भी प्राप्त नहीं हुई हैं।

### अकबरी इलेवन ने अकबरी किंग को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** अकबरी ग्राम में आयोजित अकबरी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में अकबरी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अकबरी किंग को 38 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए अकबरी इलेवन की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 128 रन बनाए। टीम की ओर से अयान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकबरी किंग की टीम ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन अकबरी इलेवन की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 11.3 ओवर में मात्र 99 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अकबरी इलेवन की जीत में अयान ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 29 रन बनाने के साथ-साथ 3 विकेट भी हासिल किए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें फ्रमैन ऑफ द मैचफ्र चुना गया। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला और खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया गया।

### खुदागंज पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**खुदागंज,शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में मोहल्ला लक्ष्मीपुर कस्बा खुदागंज निवासी नन्हे पुत्र रामदयाल कहार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ वाद संख्या 728/11, धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित मामला दर्ज है। पुलिस ने उसे शनिवार सुबह करीब 10÷05 बजे गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे मामले में ग्राम सकतिया थाना खुदागंज निवासी गजेन्द्र सिंह पुत्र परिमाल सिंह को भी न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गजेन्द्र के खिलाफ वाद संख्या 3260/24 धारा 138 एनआई एक्ट का मामला चल रहा है। पुलिस ने उसे सुबह करीब 10÷15 बजे गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र, कांस्टेबल गौरव शर्मा, कांस्टेबल राहुल यादव, उपनिरीक्षक घनश्याम बहादुर, उपनिरीक्षक बालकराम, उपनिरीक्षक राजकुमार गौतम एवं कांस्टेबल विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, मानक बताने से बचते दिखे कर्मचारी



**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव ढकना लहिया से खजुरिया तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है और कार्य बेहद घटिया सामग्री से कराया जा रहा है। मौके पर मौजूद विभागीय कर्मचारी मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। यहां तक कि कर्मचारियों ने अपना नाम और फोटो देने से भी परहेज किया। जब सड़क निर्माण के मानकों और गुणवत्ता के बारे में पूछा गया तो स्पष्ट जानकारी देने से इंकार कर दिया गया। कर्मचारियों का कहना था कि मानकों की जानकारी अभियंता को होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में सीलकोड मानक विहीन तरीके से किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कागज की नाव की तरह किया जा रहा है, जो पहली बारिश में ही खराब हो सकती है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अनुज बने भानू गुट के युवा ब्लाक अध्यक्ष



**मदनापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव मदनापुर कस्बा निवासी अनुज कुमार राठौर को भारतीय किसान यूनियन भानू में युवा ब्लाक अध्यक्ष पद पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह सिसोदिया द्वारा नियुक्त पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सन एंड फन समर फिएस्ता 2026-27 का समापन

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक पखबाडे से चल रहे सन एंड फन समर फिएस्ता 2026-27 समर कैंप का समापन हो गया। समर कैंप में विद्यालय की प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर पुनीता, रेव. फादर राजू, आईएमएस, रेव. सिस्टर सुनीला, सिस्टर्स तथा रेव. फादर मंगल के सानिध्य में योग, नृत्य जुम्बा, मेहंदी, मिट्टी से कलाकृति बनाना, बैडमिंटन, गायन, अग्निरहित पाक कला तथा अन्य अनेक गतिविधियाँ सिखाई गईं। अभिभावक भी बड़ी संख्या में अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित रहे। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कैंप के दौरान सीखे गए कौशल और प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुतियाँ, कला प्रदर्शन और रोचक प्रदर्शन हुए। जिन्होंने सन एंड फन की भावना को साकार किया। दर्शकों ने प्रस्तुतियों की भरपूर सराहना की। समर कैंप का शनिवार शाम रेव. सिस्टर पुनीता के संबोधन से हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की, शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। वहीं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे कैंप से प्राप्त रचनात्मकता और आत्मविश्वास को आगे भी बनाए रखें।

## पत्रकारियों शोध पर हर्ष गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बरेली कॉलेज, बरेली के समाजशास्त्र विभाग के शोधार्थी तिलहर निवासी हर्ष गुप्ता को वैश्वीकृत भारत में पत्रकार एवं पत्रकारिता की भूमिका, शाहजहांपुर जिले के स्ट्रिंगर्स के संदर्भ में÷ विषय पर शोधकार्य पूर्ण करने के उपरांत पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शोध में वैश्वीकरण और डिजिटल दौर में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, विशेषकर स्ट्रिंगर्स की भूमिका, चुनौतियों एवं उनकी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। शोधार्थी ने अपने अध्ययन में यह दर्शाया कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले मीडिया का जमीनी आधार स्ट्रिंगर्स हैं, किंतु संसाधनों की कमी, आर्थिक असुरक्षा, संस्थागत उपेक्षा तथा बढ़ते बाज़ारवाद के कारण उनकी स्थिति लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। शोध में पत्रकारिता के मिशन से व्यवसाय बनने तक की प्रक्रिया और उसके प्रभावों का भी समाजशास्त्रीय विश्लेषण किया गया है। इस शोध की विशेष उपलब्धि यह रही कि शोधार्थी हर्ष गुप्ता ने ÷विपरीत प्रेरणा स्रोत÷ नामक एक नवीन अवधारणा को प्रतिपादित किया है। उल्लेखनीय है कि इस शब्द का प्रयोग पहली बार इसी शोधग्रंथ में किया गया है। शोधार्थी की यह मौलिक अवधारणा भविष्य में मीडिया एवं समाजशास्त्र के क्षेत्र में नए विमर्श को दिशा प्रदान कर सकती है।

शोधकार्य का निर्देशन बरेली कॉलेज, बरेली के समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ अनुराधा गोयल ने किया। शोध के बाह्य प्रवेक्षक डॉ कमरुद्दीन, एम.बी. पी.जी. कॉलेज, हल्द्वानी रहे। इस अवसर पर डॉ रवींद्र बंसल, प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली सहित विभाग के अन्य शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। पीएचडी उपाधि प्राप्त होने पर शोधार्थी हर्ष गुप्ता को शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हर्ष गुप्ता तिलहर के दातागंज मोहल्ले के निवासी है और पत्रकार राजकिशोर के पुत्र है।

### यज्ञ देखने गए युवक को राड मार कर घायल किया

**बंडा, शाहजहांपुर।** श्री रुद्र महायज्ञ को देखने गए युवक के ऊपर चार लोगों ने मिलकर हमला बोल दिया और सिर पर राड मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बिलसंडा थाना के गांव ओढ़ाझार के अश्विनी ने पुलिस को बताया कि 17 मई को वह बंडा के राम देवरी मैं चल रहे श्री रूद्र महा यज्ञ में शामिल होने गया था शाम के वक्त वह वहां लगा मेला देख रहा था उसी वक्त रामदेवरी के जगदीश व उसका भाई संदीप और उसका एक रिश्तेदार व कमालपुर गांव के अंचल ने मिलकर उसे पकड़ कर सिर पर राड मारकर लहू लुहान कर दिया उसे बंडा सीएचसी पर भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज प्रताड़ना से आहत विवाहिता ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

- 26 मार्च 2025 को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**तिलहर - शाहजहांपुर।** दहेज में कार का लोन पूरा कराने के साथ ही पांच लाख रुपये की मांग पूरी न कर पाने पर मारपीट कर घर से निकाले जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्टेशन रोड निवासी श्रद्धा शर्मा पुत्री शशिकान्त ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि तीन साल पूर्व 26 जनवरी 2023 को जनपद कासगंज के गांव दरुआपुर निवासी रोहताश भारद्वाज पुत्र मुन्नालाल के साथ शादी हुई थी । माता पिता ने शादी में हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था । आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति व ससुरालीजनो ने दहेज में पांच लाख और कार लोन पूरा कराने की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वह शादी के समय में डायट शाहजहांपुर से बीटीसी का कोर्स कर रही थी । उसके पति व ससुरालीजनों की रजामंदी से निरन्तर रखा । आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने के चलते गत वर्ष 26 मार्च 2025 को पति , सास ससुर व जेठ जितनी ने उसे मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया । तब से वह मायके में रह रही है । माता पिता ने रिश्तेदारों के साथ पति व ससुरालीजनो को समझाने की पुरजोर कोशिश की । लेकिन उक्त लोग बिना दहेज मिले उसे रखने को रजामंद नहीं हुए । आरोप है कि बिना दहेज के आने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

## मैन ऑफ द मैच सत्यम बने



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम देवरास में टूर्नामेंट मैच का शुभारंभ पूर्व प्रधान के पुत्र रोहित सिंह द्वारा किया गया। मैच कटरा के कप्तान आदिल एवं मदनापुर के कप्तान सचिन सिंह चौहान की टीम द्वारा मैच खेला गया। जिसमें कटरा की टीम द्वारा 109 बनाए गए, मदनापुर द्वारा 110 रन बनाकर मैच को विजय हासिल किया गया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रोहित सिंह द्वारा सत्यम को दिया गया।जिसमे कैप्टन रवि, सोनू गोस्वामी रहे। जिसमे व्यवस्थापक जम्मू सिंह, विजेंद्र गोशामी, रोहित सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

## खनन माफियाओं पर कांट पुलिस का शिकंजा, कार्रवाई से मचा हड़कंप

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतों के बीच काँट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन कार्य में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर और मशीन को पकड़कर थाने पहुंचा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार थाना काँट के ग्राम फरख नरायणपुर क्षेत्र में शाम ढलते ही जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य मशीनों के माध्यम से मिट्टी खनन किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने तत्काल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान मिट्टी उठाने के लिए पहुंचे एक ट्रैक्टर और मशीन को कब्जे में लेकर थाने लाया गया।थाना क्षेत्र के क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही कई स्थानों पर अवैध खनन की गतिविधियां शुरू हो जाती हैं, जिससे राजस्व की क्षति होने के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई को लेकर लोगों ने सराहना की है और उम्मीद जताई है कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध खनन पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, हालांकि क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि यदि नियमित निगरानी न हो तो खनन माफिया दोबारा सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे में प्रशासन के लिए लगातार सख्ती बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी।प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम फरख नारायणपुर में कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर एवं मशीन को पकड़ा गया है। मामले की जांच की जा रही है। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विभिन्न मुकदमों में वांछित पांच वारंटी गिरफ्तार

**तिलहर - शाहजहांपुर।** विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपियों को कोर्ट से जारी वारंट के चलते पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग अलग स्थानों से पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया । जिन्हें कोर्ट में पेश किया । गिरफ्तार किए गए वारंटियों में कोतवाली क्षेत्र के गाँव ताल्विपुर दियुरिया निवासी रामसरन वर्मा पुत्र गिरधारी, गांव टाई निवासी

सत्यपाल पुत्र लालबहादुर, गांव बंथरा निवासी अटल बिहारी वाजपेई पुत्र विशम्भर दयाल, तिलहर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी रजीउल्ला पुत्र वसीउल्ला तथा मोहल्ला उम्मरपुर निवासी फैसल कुरैशी पुत्र मो उमर उर्फ मुन्ना शामिल हैं।

## गन्ना कृषक प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**मकसूदापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर एवं गन्ना विकास परिषद पुवायां के संयुक्त तत्वाधान में गन्ना शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकगणों एवं मिल प्रबन्धन द्वारा चीनी मिल के ग्राम ढकाघनश्याम में किया गया गन्ना कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।

ढकाघनश्याम में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के 125 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन चीनी मिल व जिला गन्ना अधिकारी के निर्देशन में सहायक निदेशक, गन्ना शोध संस्थान, शाहजहाँपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कपिल कुमार, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पुवायां मनीष शुक्ल, सचिव पुवायां विनोद यादव ने उपस्थित कृषकों को बताया कि कम लागत में गन्ना उत्पादन की वृद्धि कैसे करें। डॉ. कपिल ने कृषकों को विस्तार रूप से गन्ना उत्पादन तकनीक, सिंगल बड द्वारा गन्ना पौध तैयार करना, गन्ना उपज एवं चीनी परता में वृद्धि हेतु वैज्ञानिक सुझाव, गन्ना बुवाई की संसोधित ट्रेन्च विधि, कार्बनिक खाद एवं रसायनिक उर्वरकों का संतुलित मात्रा में प्रयोग, गन्ने के साथ सहफसली खेती, गन्ना पेडी प्रबन्धन, गन्ना फसल सुरक्षा प्रबंध तथा गन्ना विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कृषकोपयोगी योजनाओं के विषय में विस्तार रूप से बताया। चीनी मिल के विभागाध्यक्ष (गन्ना) सुगीव पाठक ने किसानों को प्रति एकड़ अधिक पैदावार प्राप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि गन्ने का कोई दूसरा विकल्प नहीं है, यदि हम वैज्ञानिक विधि से खेती करें तो गन्ने की एक बार बुवाई करके तीन बार कटाई कर अधिक गन्ना उत्पादन के साथ अर्थिक स्थिति को सुदृढ बना सकते है, जबकि अन्य फसलों में ये बातें नहीं है, गन्ना ऐसी फसल है जो प्राकृतिक आपदाओं को सहन करने के बाद भी लाभप्रद होती है व गन्ने में लगने वाले कीट जैसे अंकुर बेधक, चोटी बेधक तथा दीमक आदि से बचाव के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अन्त में सतीश कुमार सिंह ने उपस्थित वैज्ञानिक गणों व किसान भाइयो को धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि चीनी मिल प्रबन्धन इस तरह के कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता रहेगा जिससे चीनी मिल के सभी कृषक भाई लाभान्वित होते रहेंगे । इस मौके पर चीनी मिल, से शोभित शुक्ला, निर्मल सिंह, अंकित कुमार, मुकेश कुमार, संजीव शुक्ला, दिनेश, विनय दीक्षित, अनूप कुमार, अनुज कुमार सहित तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## रोजा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को तमंचे के साथ दबोचा

- लंबे अर्से से था फरार, रोजा सहित अन्य थानों में चौदह अपराधिक मामले हैं दर्ज

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के रोजा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया हैं। हिस्ट्रीशीटर के ऊपर एक दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना रोजा के थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम शांति व्यवस्था ड्यूटी एवं संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के लिये क्षेत्र में भ्रमण में थी। तभी मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना रोजा का एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त अटसलिया ओवरब्रिज के पास से खड़ा हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और हिस्ट्रीशीटर बन्ने उर्फ विष्णुदयाल पुत्र हुकुमचन्द निवासी ग्राम अटसलिया थाना रोजा को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर सहित रविवार की दोपहर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना रोजा पर शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध रोजा थाने में करीब चौदह अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को काफी समय से इस हिस्ट्रीशीटर की तलाश थी।

# शाहजहांपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

- सांसद अरुण सागर और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर हुए शामिल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




तिलहर क्षेत्र में स्थित द रेनेसा एकेडमी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा सांसद अरुण सागर, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ब्रज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह और तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा शामिल हुए। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में पहुंचे। मंत्री जेपीएस राठौर और सांसद अरुण सागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने संगठन की विचारधारा, अंत्योदय के सिद्धांत, सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के संकल्प पर विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का अनुशासन, ऊर्जा और संगठन के प्रति विश्वास यह दर्शाता है कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध है। सांसद अरुण सागर ने अपने संबोधन में कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी के संगठनात्मक मूल्यों, राष्ट्रवाद की भावना, सेवा और राष्ट्र प्रथम के संकल्प से सशक्त करना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला से लेकर बूथ स्तर तक विभिन्न चरणों में आयोजित किया जा रहा है। सांसद ने प्रशिक्षण को तराशने की प्रक्रिया बताया। उन्होंने कहा कि जो सीखता है, वह आगे बढ़ता है और जो सीखना बंद कर देता है, उसका विकास भी रुक जाता है। उन्होंने जोर दिया कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है और यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। सांसद ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। सांसद अरुण सागर ने विश्वास जताया कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है और प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। यह महाअभियान संगठन की मजबूती, विस्तार और अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

# रामपुर नवदिया में अकीदत के साथ मनाया गया खरा पीर का उर्स



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर नवदिया में रविवार को हजरत खरा पीर का उर्स अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर दरगाह परिसर में सुबह से ही जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जहां लोगों ने चादरपोशी कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स कार्यक्रम के दौरान दरगाह को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया। दूर-दराज से पहुंचे जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर अपनी मन्नतें मांगी। वहीं आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए लंगर और प्रसाद की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में सूफियाना माहौल के बीच लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। उर्स में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग रहा।

# मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

- शुक्रवार अपरान्ह में दरिंदे ने खेल रही मासूम को बनाया था हवश का शिकार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




बालिका के साथ दुराचार के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने शुक्रवार अपरान्ह में बच्चों के साथ खेल रही आठ वर्षीय बेटी को खेत में खींच ले जाकर दुष्कर्म किए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ इशिका सिंह ने मौका मुआयना कर कोतवाल प्रिंस शर्मा को आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

इसी क्रम में रविवार दोपहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जैतीपुर मार्ग पर कमलापुर गांव जाने वाले रास्ते पर आरोपी गांव मुला गोटिया निवासी वीरेंद्र प्रताप यादव उर्फ गोविंद को धर दबोचा। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई गौरव शर्मा, हेड कांस्टेबिल भारत मणि व अनूप सिंह शामिल रहे। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुवायां में शॉर्ट सर्किट से गन्ने के पातों में आग



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- ब्रिगेड ने पाया काबू, 40 हजार का नुकसान, जनहानि नहीं

थाना क्षेत्र के बड़ागांव में शॉर्ट सर्किट के कारण गन्ने के पातों के ढेर में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना बड़ागांव निवासी रियासत अली पुत्र रहमत अली के कोल्हू के पास हुई। उन्होंने वहां गन्ने के पातों का एक बड़ा ढेर लगा रखा था। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने से इस ढेर में आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरबी 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। आग बुझाने के प्रयासों में ग्रामीणों ने भी ट्रैक्टर और कल्टीवेटर की मदद से पातों के ढेर को हटाने का प्रयास किया। रियासत अली ने बताया कि इस आगजनी में उनका करीब 35 से 40 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग से पांच परिवारों को भारी नुकसान

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव लखनापुर में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने पांच परिवारों को भारी नुकसान पहुंचाया। आग की चपेट में सोहनलाल, खुशीराम, बुलाकी राम पुत्रगण जमुनादीन, ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम तथा श्रीराम पुत्र मेवाराम के घर आ गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घरों में रखा अनाज, बर्तन, चारपाई, बिस्तर, भूसा, नगदी और कुछ गहने जलकर राख हो गए। घटना की सूचना ग्राम प्रधान पति राजेश कुमार ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक पांचों परिवारों का काफी सामान जल चुका था। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# खन्नौत नदी में फेंके मृत मुर्गे-पशु अवशेष, वीडियो वायरल

- ई-रिक्शा से बोरी में भरकर लाए अवशेष, ग्रामीणों में आक्रोश
- हिन्दू युवा वाहिनी ने थाने में दिया ज्ञापन, मुकदमे की मांग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना आरसी मिशन क्षेत्र स्थित खन्नौत नदी में मृत मुर्गियां एवं पशु अवशेष फेंके जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में चार लोग ई-रिक्शा के माध्यम से बोरी में भरे पशु अवशेषों को नदी में फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मिश्रीपुर क्षेत्र में संचालित शाबरी पोल्ट्री फार्म से बीमारी के कारण मरने वाले मुर्गे-मुर्गियों के अवशेष लगातार नदी में डाले जा रहे हैं। इससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है तथा आसपास के इलाकों में तेज दुर्गंध फैल रही है। लोगों का कहना है कि संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

मामले को लेकर हिन्दू युवा वाहिनी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने थाना आरसी मिशन पहुंचकर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नदी को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान विश्व हिंदू रक्षा सेना के अध्यक्ष राहुल शुक्ला, विभु शुक्ला एडवोकेट, आशीष अग्रवाल एडवोकेट, अंकित शुक्ला, भानु प्रताप वर्मा, आयुष मिश्रा एवं अभिषेक चौहान एडवोकेट मौजूद रहे।

# 11 साल की बच्ची को कुत्तों ने नोच नोच कर मार डाला

- भाई को बुलाने जा रही थी बच्ची, दर्द से चीखती और तड़पती रही बच्ची की दर्दनाक मौत
- शाहजहांपुर में जहां एक ओर नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने और कुत्तों की नसबंदी कराने का अभियान चला रही है, तो वही दूसरी ओर कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रविवार सुबह करीब सात बजे ककरा स्थित चार्जिंग स्टेशन प्वाइंट के पास ककरा निवासी नईम अपनी बेटी स्वालिया के साथ खेत पर सब्जी तोड़ने गए थे। इस दौरान नईम ने बेटी को अपने भाई इकराम को बुलाने के लिए घर की ओर भेजा था, जहाँ आधा दर्ज़न से अधिक कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया, मौके से गुजर रहे लोगों ने बच्ची को कुत्तों से घिरा देखा और उसके पिता नईम को सूचना दी, जब नईम अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे तो बच्ची खून से लथपथ हालत में पड़ी थी जिसको आदमखोर कुत्ते उसे नोच रहे थे। यह दृश्य देखकर पिता बेहोश हो गया तो वहीं, स्थानीय लोगों ने किसी तरह कुत्तों को भगाया और बच्ची को परिजनों की मदद से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहाँ ईएमओ डॉक्टर मेहराज ने बताया कि बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, बच्ची को कुत्तों ने गर्दन शरीर के कई जगहों पर नोच डाला जिससे उसकी तड़प तड़प कर मौत हो गई, मृतक बच्ची के चाचा रफी अहमद ने बताया कि स्वालिया की चार बड़ी बहनें फूल बी, असरा, निशरा और आलिया हैं, जबकि दो भाई अजीम और इकराम हैं। उन्होंने बताया कि बच्ची के पिता नईम बटाई पर खेत लेकर मजदूरी करते हैं। घटना के बाद मां शबाना का रो-रोकर बुरा हाल है।

## घटना ने खोली नगर निगम के अभियान की पोल

जिस तरह से शाहजहांपुर में यह घटना हुई है। जिसमें नगर निगम के अभियान की पोल खोल दी। किस तरह से अभियान चलाकर कुत्तों को पकड़ा जा रहा है और नसबंदी करा रही है। हकीकत यह है कि कुत्तों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। रोजाना दर्जनों लोग कुत्ते काटने की घटनाएं सामने आ रही है। लेकिन कोई फर्क किसी को नहीं पड़ता है। यहां पर घटना के बाद कुछ दिन कार्रवाई की लकीर पीटी जाती है इसके बाद फिर से जस का तस हो जाता है।

## दबंगई की हद: दबंगों ने नाबालिग लड़की को घर से उठाने का किया प्रयास

**पुवायां, शाहजहांपुर।** दिनदहाड़े एक गांव में नाबालिग लड़की को दबंगो द्वारा घर से उठाने का प्रयास किया गया। प्रयास किया गया। लेकिन नाबालिग ने शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गए ओर उन दबंग युवकों को भाग कर पकडने का प्रयास किया लेकिन जिसमें चार लोग भाग निकले जबकि एक युवक को ग्रामीण ने पकड़ लिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को फोन कर सूचना दी सूचना पर गांव पहुँची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया ओर नाबालिक के पिता की और से उन दबंगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। क्षेत्र के गांव निवासी एक नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की रविवार की शाम 4 बजे नगर के तीन युवक अपनी बाइक से गांव आये ओर गांव के ही दो दोस्तों के साथ मेरे घर मे घुस गए ओर मेरी नाबालिग लड़की को जबरन पकड़ लिया ओर उठाने का प्रयास करने लगें। जब किशोरी ने शोर मचाने मचाया तो गांव के लोग इकट्ठा हो गए ओर उन दबंगो को पकड़ने के लिए ग्रामीण उनके पीछे दौड़ पड़े दबंग युवक जान बचाकर भाग निकले लेकिन एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया ओर जमकर धुना जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आई ओर पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण की तहरीर दी। बताया जा रहा है इस मामले में सप्लाई ऑफिस का बाबू भी संलिप्त है।

- दबंग बाइकों से आए थे नाबालिग को घर से उठाने

# मकान में नकब लगाकर नकदी समेत लाखों की चोरी



**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** चोरों ने पक्के मकान में पीछे की दीवार में नकब लगाकर नकदी समेत लाखों रुपए के जेवर चोरी कर लिए मकान स्वामी कमरे के बाहर आंगन में सोता रहा। थाना क्षेत्र के गांव रौरा निवासी रामकुमार ने थाने पर दी तहरीर में बताया शनिवार की शाम रोज की भांति खाना खाकर अपने मकान के आंगन में परिजनों के साथ सो रहा था मकान के पीछे की दीवार में नकब लगाकर अज्ञात चोरों ने 3500 नकदी समेत लाखों रुपए के जेवर मांगवेदी सोने की माला कमर बिछुआ हाथफूल पायल झूलनिया करधनी खगोरिया एक जोड़ी झाले बक्सा तोडकर चोरी कर लिए तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल में जुटी पुलिस है।

# जलालपुर में हजरत दादा पीर का सालाना उर्स अकीदत के साथ सम्पन्न

- कुल शरीफ में मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत जलालपुर में हजरत दादा पीर का सालाना उर्स 23 मई को बड़े ही धूमधाम, अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। उर्स में क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से भारी संख्या में जायरीन पहुंचे और दरगाह पर चादरपोशी कर अपने परिवार एवं मुल्क की खुशहाली की दुआ मांगी।

उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया था, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में नजर आया। दिनभर जायरीनों की भीड़ दरगाह पर उमड़ी रही। लोगों ने हजरत दादा पीर की मजार पर फूल और चादर पेश कर अपनी मन्नतें मांगी। उर्स के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें उलेमाओं और बुजुर्गों ने सूफी संतों की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए आपसी भाईचारा, मोहब्बत और इंसानियत का संदेश दिया। देर रात तक महफिलों का दौर चलता रहा, जहां अकीदतमंदों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। जायरीनों की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति और ग्रामवासियों ने मिलकर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में पूरा सहयोग दिया। उर्स को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में स्थानीय प्रशासन और पुलिस का भी सहयोग रहा। वहीं 24 मई की सुबह करीब 7 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। कुल शरीफ में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। कुल शरीफ के बाद जायरीनों में तबर्रुक वितरित किया गया। उर्स के सफल आयोजन पर क्षेत्र के लोगों ने आयोजन समिति की सराहना की और हजरत दादा पीर के दरबार में हाजिरी लगाकर अपने आपको धन्य महसूस किया।

# सड़क हादसों पर महापौर का डीएम को पत्र, अवैध कटों को बंद कराने की मांग

- अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा पर रोक से आमजन की सुरक्षा होगी सुनिश्चित



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर-जलालाबाद मार्ग स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सड़क की सतह अच्छी होने के कारण लोग वाहन अत्यधिक तेज गति से चलाते हैं। उक्त मार्ग पर मानक से अधिक स्थानों पर कट बनाए गए हैं। ग्रामीण मार्गों के ठीक सामने कट होने के कारण वाहन अचानक मुड़ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। मार्ग पर अत्यधिक कट होने के कारण आए दिन कई सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। महापौर ने पत्र के माध्यम से बताया कि इसी माह में कई एक्सीडेंट हो चुके हैं, जिनमें अनेक लोगों की जान जा चुकी है। साथ ही मार्ग पर अवैध रूप से ई-रिक्शा आदि का संचालन होने से भी दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर बने अवैध कटों को बंद करवाने तथा अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जाएं, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हो सके एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कार्यशाला मैं बच्चों ने फिल्म निर्माण की कला को सीख

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अर्थयन सोसाइटी द्वारा जेल रोड स्थित ईआईआईटी ( अर्थयन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी ) में प्रथम तीन दिवसीय वंदे मातरम एआई फिल्म मेकिंग वर्कशॉप मैं भारतेंदु नाट्य अकादमी और फिल्म इंस्टिट्यूट ऑफ़ पुणे से पासआउट मजहर खान ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि एक सफल फिल्म निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण है एक मज़बूत कहानी, सही बजट की योजना, कुशल क्रू और बेहतरीन तकनीकी निर्देशन। प्रक्रिया को तीन मुख्य चरणों–प्री-प्रोडक्शन, प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन–में बांटा जाता है। उन्होंने फिल्म निर्माण क्षेत्र में पांच सी ( कैमरा एंगल, कंटिन्यूटी, एडिटिंग, क्लोज-अप और कंपोजिशन) से निकलने वाले विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि लेखक फिल्म निर्माताओं को दृश्य सोच का एक विस्तृत व्यावहारिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिससे फिल्म आगे बढ़ती है। अर्थयन सोसाइटी के निदेशक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इरफान ह्यूमन ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रही आधुनिक तकनीक एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता से अवगत कराना और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि द्वितीय और तृतीय एआई फिल्म मेकिंग वर्कशॉप के लिए कोई भी विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकता है। कार्यशाला के आयोजन में ईआईआईटी के प्रबंध निदेशक हसन ईशान, अजय अलबेला, डॉ. शाइस्ता, फौजिया जलील, ज्ञान प्रकाश सक्सेना और रूफिया खान का योगदान रहा।

# ईद उल अज़हा को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी ईद उल अज़हा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर रविवार को खुदागंज थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने की, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, प्रधान एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने कहा कि ईद उल अज़हा के दौरान कुर्बानी खुले स्थानों पर न की जाए और न ही उससे संबंधित फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए जाएं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही करें तथा पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषों को इधर-उधर न फेंका जाए, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर दफनाया जाए ताकि स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे और किसी को परेशानी न हो।।थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क किनारे नालों पर अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने सभी लोगों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति कुर्बानी के फोटो सोशल मीडिया पर साझा न करे और आपसी सद्भाव बनाए रखे। वहीं मौलाना मुफस्सिर आलम मिस्बाही ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद उल अज़हा का त्योहार 28 मई, गुरुवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, मौलाना मुफस्सिर आलम मिस्बाही, मो. हसन, बाबू खां, फरहान आलम खिल्लन प्रधान जलालपुर, हसमत अली प्रधान अकबरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, कृपा शंकर रस्तोगी, लखपत सिंह प्रधान, मोहिन खान, सौरभ गुप्ता नीतू सभासद सहित थाना स्टाफ एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तेल संकट के विरोधाभास

बुलढाणा (महाराष्ट्र) में किसान धरने पर बैठ गए हैं। उन्हें पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है। बिन डीजल के खेती करना नामुमकिन है। किसी जगह लोगों में मारपीट की नौबत आ गई है। एक जगह ट्रक, ट्रैक्टर, ट्रॉली और अपने-अपने डिब्बे, ड्रम लिए लोगों की लंबी-लंबी कतार लगी है। तख्ती टांग दी गई है- पेट्रोल खत्म है। यह भारत देश की औसत तस्वीर है, हकीकत है, लेकिन केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी दावा कर रहे हैं कि देश में कच्चे तेल, नेचुरल गैस, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। ऐसे विरोधाभास में कब तक जिएगा आम भारतीय? कुछ आंकड़े गौरतलब हैं। इंडियन ऑयल कंपनी ने 95,000 करोड़ रुपए से अधिक, भारतीय पेट्रोलियम ने 65,000 करोड़ रुपए से अधिक, हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने 48,000 करोड़ से अधिक और ओएनजीसी ने 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुनाफे कमाए हैं। आम उपभोक्ता को कितने सस्ते पेट्रोल-डीजल और एलपीजी मुहैया कराए गए? सरकार इस संदर्भ में बिल्कुल खामोश है। अलबत्ता पेट्रोलियम मंत्री जरूर रुदनावस्था में कहते रहे हैं कि अब भी तेल कंपनियों को रोजाना 750 करोड़ रुपए का घाटा है। पेट्रोल-डीजल के दाम जितने बढ़ाए गए हैं, उससे तो कंपनियों के नुकसान की 15 फीसदी ही भरपाई होगी। यदि पेट्रोल-डीजल 10 रुपए प्रति लीटर महंगे किए जाएंगे, तो घाटे की 50 फीसदी भरपाई हो सकती है। जब पेट्रो पदार्थ 17-18 रुपए महंगे होंगे, तो तेल कंपनियों का मुनाफा शुरू हो सकता है। आखिर ये मुनाफे किसके लिए हैं? क्या इनका एक हिस्सा आम उपभोक्ता से साझा नहीं करना चाहिए। जब देश में 70-72 डॉलर प्रति बैरल कच्चा तेल आ रहा था, तब भी कंपनियों ने पेट्रो पदार्थों के खुदरा दाम क्यों नहीं घटाए थे? ये भारत की सार्वजनिक उपक्रम वाली कंपनियां हैं, जो करदाता और शेयरधारक के पैसे से चलती हैं। किसी लाला की दुकानदारी नहीं है। बहरहाल भारत में तेल-संकट का दौर है और एक बड़ी तेल कंपनी करीब 2 लाख करोड़ रुपए अमरीका में निवेश करेगी! आपदा में भारतीय कंपनी अपने देश में नहीं, विदेश में निवेश करेगी, इससे कुरूप और भद्दा विरोधाभास क्या हो सकता है? इसी तरह दवाएं बनाने वाली एक बड़ी कंपनी भी करीब 2 लाख करोड़ रुपए अमरीका में ही निवेश करेगी। यह कैसा राष्ट्रवाद है? एक और विरोधाभास उल्लेखनीय है। मार्च-अप्रैल में भारत में 1.32 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल आयात किया गया। फिर उसे रिफाइन करके 150 गरीब देशों को 52,826 करोड़ रुपए के पेट्रो पदार्थ निर्यात कर दिए गए। शेष किसी अन्य देश में बेच दिया होगा! सवाल है कि जब देश संकट में है, पेट्रोल-डीजल-गैस के लिए मारामारी है, ऐसी स्थिति में तेल देश के काम आना चाहिए था, लेकिन एक जमात को अपने धंधे और मुनाफे की ही चिंता है। सरकार ने न तो कोई कार्रवाई की है और न ही ऐसे विरोधाभास का खुलासा किया है, लेकिन मीडिया में सब कुछ बेनकाब हो गया। इन मुनाफों के बावजूद देश की सबसे प्रमुख रिलायंस कंपनी विश्व में 106वें स्थान पर है। पहले 100 में कोई भी भारतीय कंपनी नहीं है। बहरहाल चार दिन में पेट्रोल-डीजल के दाम दूसरी बार बढ़ाए गए हैं। सतही तौर पर 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान लगते हैं, लेकिन उनके द्वारा वसूली व्यापक है। हालांकि कुल 4 फीसदी के करीब बढ़ोतरी की गई है। दुनिया में सबसे कम दाम भारत में ही बढ़ाए गए हैं। सरकार ने 16 बार उत्पाद शुल्क बढ़ा कर 42-43 लाख करोड़ रुपए कूटे हैं। यह विपक्ष का आरोप है, लिहाजा हम इसकी पुष्टि नहीं कर सकते। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का आकलन सामने आया है कि ईरान युद्ध और उससे उपजे संकट, किल्लत के कारण वैश्विक जीडीपी में 500-800 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। यदि युद्ध के समापन की घोषणा राष्ट्रपति ट्रंप आज ही कर दें और ईरान भी उसे कबूल कर ले, तो भी सामान्य हालात होने में 6 माह से एक साल तक का वक्त लग सकता है। तेल कुओं, रिफाइनरियों आदि के पुनर्निर्माण में तो 3-5 साल लग सकते हैं। तब तक संकट बरकरार रहेगा। कई स्थानों से ऐसी सूचनाएं आ रही हैं कि पेट्रोल-डीजल लेने गए लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा है। रसोई गैस के लिए भी कतारें लगी हैं और आपूर्ति नहीं हो पा रही है। सरकारी दावों के अनुसार तेल-गैस की देश भर में कोई कमी नहीं है, अतिरिक्त स्टाक पड़ा हुआ है, लेकिन हकीकत इससे अलग है दिख रही है।

# धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक वरदान भी है अपने बुजुर्गों की सेवा



राहुल कुमार गुप्ता

शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि जो व्यक्ति नित्य अपने बुजुर्गों की निष्काम सेवा में लीन रहता है, उसकी आयु, विद्या, यश और बल में निरंतर वृद्धि होती है, आज विज्ञान भी यही सिद्ध करता है...



*आज की युवा पीढ़ी जिस गहरे अकेलेपन, असुरक्षा और मानसिक भटकाव का सामना कर रही है, उसकी एकमात्र अचूक दवा बुजुर्गों का सानिध्य है। बुजुर्ग केवल श्वेत बालों वाले कमजोर वृद्ध नहीं हैं, वे अनुभवों के वह जीवंत और अमूल्य पुस्तकालय हैं जिनके पास जीवन के हर संकट, हर असफलता से उबरने की अचूक नीतियां और धैर्य का खजाना होता है। जब हम उनकी सेवा करते हुए उनके पास बैठते हैं, तो हमारे भीतर कृतज्ञता का भाव जागृत होता है। मनोविज्ञान मानता है कि कृतज्ञ रहने वाला व्यक्ति कभी अवसादग्रस्त नहीं हो सकता। इसके अलावा, हमारे घर का यह कौटुंबिक ताना-बाना हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक मूक पाठशाला बन जाता है। बच्चे वही नहीं सीखते जो हम उन्हें उपदेश देकर सिखाते हैं, बल्कि वे वही दोहराते हैं जो वे हमें अपने दादा-दादी या माता-पिता के साथ करते हुए देखते हैं। आज यदि हम अपने माता-पिता के चरणों में झुकेंगे, तो कल हमारी संतानें हमारे सम्मान में खड़ी होंगी। जिस समाज में बुजुर्गों की आंखों में आंसू की जगह आशीष के आंसू होते हैं, उस समाज का नैतिक पतन कभी नहीं हो सकता और वहाँ ओल्ड एज होम्स जैसी विसंगतियों के लिए कोई स्थान नहीं बचता। यह संपूर्ण प्रक्रिया प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का एक ऐसा चक्र है जो समाज को संजीवनी प्रदान करता है। प्रत्यक्ष रूप से जहाँ बुजुर्गों को शारीरिक कष्टों से राहत और मानसिक संबल मिलता है, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से सेवा करने वाले को एक गहरी आत्मिक संतुष्टि, मानसिक शांति और तनावमुक्त जीवन का वरदान प्राप्त होता है। यह एक ऐसा निवेश है जिसका लाभांश हमें इसी लोक में उत्तम स्वास्थ्य, पारिवारिक सद्भाव और यश के रूप में मिलता है। साथ ही यह निवेश हमारी आत्मा पर चढ़े कर्मों के मैल को धोकर परलोक के उच्चतम सोपानों तक ले जाता है।*

माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा केवल एक पारिवारिक दायित्व या नैतिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह उस शाश्वत जीवन-दर्शन की जीवंत धारा है जिसने सदियों से हमारी सनातन संस्कृति को सींचा है। आज की भागदौड़ भरी, अत्यधिक भौतिकवादी और करियर की अंधी दौड़ में अकुलाती आधुनिक जिंदगी में जहाँ हम अक्सर व्यक्तिगत स्पेस के भ्रामक सुख में अपनी जड़ों को भूलते जा रहे हैं, वहाँ बुजुर्गों के आशीर्वाद की छांव ही हमें टूटने से बचा सकती है। मातृदेवो भव, पितृदेवो भव का पावन उद्घोष केवल पत्थरों पर उकेरे जाने के लिए नहीं, बल्कि हमारे हृदय की धड़कनों में समाने के लिए है। जब हम अपने घर के वयोवृद्ध माता-पिता या दादा-दादी के पास बैठते हैं, तो हम केवल एक परंपरा का निर्वाह नहीं कर रहे होते, बल्कि हम ब्रह्मांड की उस सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ रहे होते हैं जो इस लोक के साथ-साथ परलोक के मार्ग को भी निष्कंटक और दैदीप्यमान बना देती है।

शास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि जो व्यक्ति नित्य अपने बुजुर्गों का अभिवादन करता है और उनकी निष्काम सेवा में लीन रहता है, उसकी आयु, विद्या, यश और बल में निरंतर वृद्धि होती है। जब भगवान श्रीगणेश जी ने संपूर्ण ब्रह्मांड की परिक्रमा करने की प्रतिस्पर्धा में केवल अपने माता-पिता शिव-पार्वती की परिक्रमा की, तो उन्होंने युगों-युगों के लिए यह अकाट्य सत्य स्थापित कर दिया कि माता-पिता के चरणों में ही सारे तीर्थ, सारे लोक और संपूर्ण सृष्टि का रहस्य समाहित है। श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी बिना किसी संशय के माता-पिता की आज्ञा और सेवा को सर्वोपरि कल्याणकारी माना है। इस लोक में मिलने वाली मानसिक शांति और पारिवारिक समृद्धि वास्तव में उसी पितृ-ऋण से मुक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसे चुकाने का प्रयास हर संस्कारी संतान को करना चाहिए। इस पावन सेवा से उत्पन्न होने वाली आध्यात्मिक तरंगें हमारे संचित पापों का क्षय करती हैं, जिससे आत्मा निर्मल होती है और मृत्यु के पश्चात परलोक में परम गति सुनिश्चित होती है।

इस सेवा भाव का एक अत्यंत गहरा और विस्मयकारी पहलू इसका वैज्ञानिक और चिकित्सकीय विज्ञान है, जो केवल सेवा पाने वाले बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि सेवा करने वाली संतान को भी शारीरिक और मानसिक रूप से पुनर्जीवित कर देता है। चिकित्सा विज्ञान कहता है कि जब कोई बेटा या बेटी अपने थके-हारे माता-पिता के पैर दबाता है, उनके सिर या शरीर की तेल से मालिश करता है, तो वहाँ एक अद्भुत द्वि-मार्गी हीलिंग और स्पर्श का विज्ञान काम कर रहा होता है। बुजुर्गों का शरीर ढलती उम्र के साथ वात प्रधान हो जाता है, धमनियां कमजोर होने लगती हैं और पैरों के अंतिम हिस्सों तक रक्त का संचार धीमा पड़ जाता है, जिससे उनके पैरों में हमेशा दर्द, जकड़न और सूजन बनी रहती है। जब हम स्नेहपूर्वक उनके पैर दबाते हैं, तो रक्त वाहिकाएं चौड़ी होती हैं और रक्त का प्रवाह सुचारू हो जाता है, जिससे उन्हें दर्द से तत्काल मुक्ति मिलती है। यही नहीं, हमारे पैर के तलवों और हथेलियों में पूरे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के रिफ्लेक्सोलॉजी और एक्यूप्रेशर पॉइंट्स होते हैं। जब हमारे हाथ उन अंगों को दबाते हैं, तो अनजाने में ही बुजुर्गों के मस्तिष्क, पाचन तंत्र और हृदय प्रणाली को नया जीवन मिल रहा होता है, जिससे उनकी नींद की गुणवत्ता सुधरती है और वे बुढ़ापे के अकेलेपन तथा डिमेंशिया जैसी भूलने की त्रासद बीमारियों से बचे रहते हैं।

परंतु इस सेवा की सबसे चमत्कारी परिणति उस संतान के अपने शरीर और मन पर होती है जो यह सेवा कर रही है। आधुनिक न्यूरोलॉजी और एंडोक्रिनोलॉजी के शोध बताते हैं कि जब हम अपने पूजनीय बुजुर्गों को अत्यंत आदर और प्रेम से स्पर्श करते हैं, उनकी मालिश करते हैं या उनके अंगों को सहलाते हैं, तो सेवा करने वाले व्यक्ति के भीतर भी ऑक्सीटोसिन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर, जिन्हें लव और हैप्पीनेस हार्मोन कहा जाता है, तीव्र गति से स्रावित होने लगते हैं। इसके साथ ही, हमारे शरीर में दिनभर की भागदौड़ और मानसिक तनाव से पैदा होने वाला घातक स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल अचानक से गिर जाता है। यह एक प्रामाणिक वैज्ञानिक सत्य है कि दूसरों को शारीरिक आराम पहुंचाने की मानसिक तुष्टि हमारे अपने मस्तिष्क में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ा देती है, जो प्रकृति का सबसे शक्तिशाली और सुरक्षित दर्द निवारक है। अर्थात, जब आप अपने माता-पिता के पैर दबाकर उनकी थकान मिटा रहे होते हैं, ठीक उसी क्षण आपके अपने शरीर का रक्तचाप नियंत्रित हो रहा होता है, हृदय के रक्त संचरण की प्रक्रिया बेहतर होती है। अपनी खुद की मानसिक एंग्जायटी और डिप्रेशन की जकड़न ढीली पड़ रही होती है और खुद की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) मजबूत हो रही होती है। साथ सेवा करने वाले की वात दोष की प्रवृत्ति में कमी भी आती है। प्रकृति का यह कितना अनूठा नियम है कि आप किसी और के दर्द को सहलाते हैं और दवा आपके अपने अंतर्मन को लग जाती है।

मनोवैज्ञानिक और सामाजिक स्तर पर भी यह सेवा एक सुदृढ़ सुरक्षा कवच का निर्माण करती है। आज की युवा पीढ़ी जिस गहरे अकेलेपन, असुरक्षा और मानसिक भटकाव का सामना कर रही है, उसकी एकमात्र अचूक दवा बुजुर्गों का सानिध्य है। बुजुर्ग केवल श्वेत बालों वाले कमजोर वृद्ध नहीं हैं, वे अनुभवों के वह जीवंत और अमूल्य पुस्तकालय हैं जिनके पास जीवन के हर संकट, हर असफलता से उबरने की अचूक नीतियां और धैर्य का खजाना होता है। जब हम उनकी सेवा करते हुए उनके पास बैठते हैं, तो हमारे भीतर कृतज्ञता का भाव जागृत होता है। मनोविज्ञान मानता है कि कृतज्ञ रहने वाला व्यक्ति कभी अवसादग्रस्त नहीं हो सकता। इसके अलावा, हमारे घर का यह कौटुंबिक ताना-बाना हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए एक मूक पाठशाला बन जाता है।

बच्चे वही नहीं सीखते जो हम उन्हें उपदेश देकर सिखाते हैं, बल्कि वे वही दोहराते हैं जो वे हमें अपने दादा-दादी या माता-पिता के साथ करते हुए देखते हैं। आज यदि हम अपने माता-पिता के चरणों में झुकेंगे, तो कल हमारी संतानें हमारे सम्मान में खड़ी होंगी। जिस समाज में बुजुर्गों की आंखों में आंसू की जगह आशीष के आंसू होते हैं, उस समाज का नैतिक पतन कभी नहीं हो सकता और वहाँ ओल्ड एज होम्स जैसी विसंगतियों के लिए कोई स्थान नहीं बचता।

यह संपूर्ण प्रक्रिया प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का एक ऐसा चक्र है जो समाज को संजीवनी प्रदान करता है। प्रत्यक्ष रूप से जहाँ बुजुर्गों को शारीरिक कष्टों से राहत और मानसिक संबल मिलता है, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से सेवा करने वाले को एक गहरी आत्मिक संतुष्टि, मानसिक शांति और तनावमुक्त जीवन का वरदान प्राप्त होता है। यह एक ऐसा निवेश है जिसका लाभांश हमें इसी लोक में उत्तम स्वास्थ्य, पारिवारिक सद्भाव और यश के रूप में मिलता है। साथ ही यह निवेश हमारी आत्मा पर चढ़े कर्मों के मैल को धोकर परलोक के उच्चतम सोपानों तक ले जाता है।

आज की इस युवा और आधुनिक पीढ़ी से यह एक संवेदनशील और आत्मीय आह्वान है कि अपनी अति-व्यस्त दिनचर्या, लैपटॉप की स्क्रीन और आभासी दुनिया से कुछ पल चुराकर अपने घर के उस कोने में जरूर जाएं जहाँ इतिहास सांस ले रहा है। उन थके हुए कांपते हाथों को अपने हाथों में थामें, उनके पैरों की धूल को माथे से लगाएं और कुछ पल उनकी मालिश करते हुए, उनके पैरों को दबाते हुए बिताएं। जब उनकी झुकी हुई कमर और धुंधलाती आंखों से आपके लिए अंतरात्मा की गहराइयों से मूक दुआएं निकलेंगी, तो ब्रह्मांड की कोई भी शक्ति आपको पराजित नहीं कर पाएगी। उनकी सेवा में बिताया गया वह एक पल किसी भी आलीशान कॉर्पोरेट ऑफिस के केबिन या महंगे हीलिंग थेरेपी सेंटर से हजार गुना अधिक सुकून और चिकित्सकीय स्वास्थ्य देने वाला होगा। क्यों न हम अपनी इस अनमोल पुरातन नीति और संस्कारों की ओर लौटें, क्योंकि माता-पिता के चरणों की सेवा ही इस धरा का सबसे बड़ा विज्ञान है, सबसे बड़ा मनोविज्ञान है और मोक्ष का सबसे पावन व सुलभ मार्ग है।

विचार

# 'लीड्स 2025' में यूपी बना देश का सर्वोत्तम लैंडलॉक्ड राज्य

सरिता वर्मा

उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। लॉजिस्टिक्स एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति के कारण राज्य को लीड्स 2025 रैंकिंग में लैंडलॉक्ड राज्यों की श्रेणी में सर्वोच्च एक्सेम्पलर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उस व्यापक परिवर्तन की पहचान है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश की आर्थिक प्रगति के केंद्र में लाकर खड़ा किया है।

नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश की ओर से इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या के लिहाज से बड़ा राज्य नहीं, बल्कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल परिवहन व्यवस्था और निवेश-अनुकूल नीतियों वाला अग्रणी आर्थिक प्रदेश बन चुका है।

वर्ष 2018 में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा शुरू की गई लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) पहल राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का मूल्यांकन करने वाला राष्ट्रीय मानक है। इसमें परिवहन नेटवर्क, वेयरहाउसिंग, सप्लाई चेन दक्षता, नियामकीय सुधार, लॉजिस्टिक्स सेवाओं की गुणवत्ता और व्यापार सुगमता जैसे विभिन्न पहलुओं का विस्तृत आकलन किया जाता है। इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में उत्तर प्रदेश का अचीवर श्रेणी से सीधे एक्सेम्पलर श्रेणी तक पहुंचना राज्य की तेज और प्रभावी विकास यात्रा को दर्शाता है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति दी है। राज्य सरकार ने एक्सप्रेसवे नेटवर्क का व्यापक विस्तार करते हुए प्रदेश को आधुनिक सड़क संपर्क से जोड़ा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे जैसी विशाल परियोजनाओं ने प्रदेश में माल परिवहन को तेज, सुरक्षित और मितव्ययी बनाया है। इन एक्सप्रेसवे के माध्यम से न केवल औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर संपर्क मिला है, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को भी राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में मदद मिली है।

राज्य सरकार की उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति 2022 ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश को नई दिशा दी है। इस नीति के अंतर्गत निजी निवेशकों को प्रोत्साहन, भूमि उपलब्धता, कर रियायतें और आधुनिक सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप प्रदेश में वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क और सप्लाई चेन नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। कृषि उत्पादों के भंडारण और परिवहन में सुधार से किसानों को भी बड़ा लाभ मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश की रणनीति केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है। राज्य सरकार ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप सिटी लॉजिस्टिक्स मास्टर प्लान विकसित किए हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य सड़क, रेल, हवाई और जल परिवहन को एकीकृत कर



एक ऐसा नेटवर्क तैयार करना है जिससे परिवहन लागत कम हो, समय की बचत हो और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़े। यह पहल प्रदेश को देश के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

प्रदेश में विकसित हो रहे डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक कॉरिडोर और फ्रेट कॉरिडोर भी इस सफलता की मजबूत आधारशिला हैं। पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश के बड़े औद्योगिक और बंदरगाह क्षेत्रों से सीधे जुड़ रहा है। इससे निर्यात गतिविधियों को नई गति मिल रही है और वैश्विक निवेशकों का विश्वास भी बढ़ा है।

इसके अतिरिक्त, राज्य में विकसित हो रहे नए एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक्स हब प्रदेश की आर्थिक संभावनाओं को और मजबूत बना रहे हैं। नोएडा का जेवर इन्टरनेशनल एयरपोर्ट जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट भविष्य में उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कार्गो परिवहन का प्रमुख केंद्र बना सकते हैं। एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट के आसपास विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर प्रदेश में रोजगार और निवेश दोनों को बढ़ावा देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने जिस प्रकार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को प्राथमिकता दी है, उसका प्रभाव अब राष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियां, निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण और तेज परियोजना क्रियान्वयन ने उत्तर प्रदेश की छवि को पूरी तरह बदल दिया है। यही कारण है कि आज देश और विदेश की बड़ी कंपनियां उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य मान रही हैं।

'लीड्स 2025' में मिला एक्सेम्पलर सम्मान इस परिवर्तनकारी यात्रा का प्रतीक है। यह उपलब्धि केवल सरकारी प्रयासों की सफलता नहीं, बल्कि उस नए उत्तर प्रदेश की पहचान है जो आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक प्रगति और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स हब बनेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करने में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

*सूचना अधिकारी*

साहित्य



## गंगा अवतरण उजियारा

संजय एम तराणेकर

गंगा अवतरण का पावन पर्व,
लेके आया है शुभ उजियारा।
श्रद्धा, भक्ति और आस्था से,
गूंज उठा हैं हर घाट किनारा।

यूं ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन,
इस धरती पर गंगा आई थीं।
भगीरथ की कठोर तपस्या से,
माँ सबका उद्धार कराई थीं।

गंगा जल की ये निर्मल धारा,
यहाँ पे पापों को हर लेती है।
गर मन में सच्ची श्रद्धा हो तो,
ये जीवन के हर सुख देती है।

दीप जलाकर, दान-पुण्य कर,
सूर्य देवता को अर्घ्य चढ़ाएँ।
माँ गंगा के इस पावन जल से,
तन-मन अपना पवित्र बनाएँ।

ये गंगा दशहरा का पावन पर्व,
आस्था-श्रद्धा सन्देश सुनाता।
सत्य, सेवा और सद्भावना से,
हमारा जीवन है सुंदर बनाता।



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्क:-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुला:-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिक:-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# प्रदेश सरकार की नीतियों व जनसहभागिता से हरित गलियारे के रूप में उभरा चित्रकूट

उत्तर प्रदेश का चित्रकूट जनपद इन दिनों अपनी पुरानी और चुनौतीपूर्ण छवि को पीछे छोड़कर विकास और पर्यावरण संरक्षण के एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है। विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में बसा यह ऐतिहासिक और धार्मिक क्षेत्र कभी दस्यु प्रभावित माना जाता था, लेकिन आज यह अपनी हरियाली और 'हरित गलियारों' के रूप में एक नई पहचान बना रहा है। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली 'इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट' के आंकड़े इस बात का साफ गवाह हैं कि चित्रकूट के वन क्षेत्र में पिछले कुछ सालों में लगातार और काफी अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2019, 2021 और 2023 के दौरान सामने आए सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इस पूरे इलाके में ग्रीन कवर यानी हरित क्षेत्र बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि इसके पीछे प्रदेश सरकार की नीतियां, जिला प्रशासन की सक्रियता और स्थानीय लोगों का सहयोग है, जिन्होंने मिलकर इस पथरीले और ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र को खुशहाली के रास्ते पर ला खड़ा किया है।

प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत चित्रकूट में चलाए गए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियानों ने इस सफलता की मजबूत नींव रखी है। इन अभियानों की सबसे खास बात यह रही है कि इनमें बाहरी या सजावटी पौधों के बजाय स्थानीय मिट्टी और पर्यावरण के अनुकूल स्वदेशी प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई। बरगद, नीम, महुआ और पीपल जैसे पारंपरिक पौधों को बड़े पैमाने पर रोपा गया, जिससे न सिर्फ जंगलों का दायरा बढ़ा, बल्कि जैव विविधता को भी नया जीवन मिला। इसके साथ ही, बुंदेलखंड जैसे कम वर्षा और पथरीली जमीन वाले क्षेत्र में पौधों को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती थी। इसके समाधान के लिए जिला प्रशासन के स्तर पर जल और मृदा संरक्षण के विशेष प्रयास किए गए। पहाड़ों और ढलानों पर पानी को रोकने के लिए कंटूर और अन्य जल संरक्षण ढांचे बनाए गए, जिससे जमीन में नमी बनी रही। इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आम जनता की भागीदारी का नतीजा यह हुआ कि लगाए गए पौधों के जीवित रहने की दर में बहुत बड़ी वृद्धि देखी गई, जो अमूमन ऐसे कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में देखने को नहीं मिलती।



इस पूरे हरित अभियान के बीच चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के विकास के मामले में पूरे देश में एक नई मिसाल पेश की है। यह न केवल उत्तर प्रदेश का चौथा बल्कि पूरे देश का 53वां टाइगर रिजर्व है, जिसने बुंदेलखंड जैसे बेहद चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले इलाके में पारिस्थितिक सुधार की एक अद्भुत कहानी लिखी है। पन्ना टाइगर रिजर्व के करीब होने की वजह से रानीपुर का यह क्षेत्र हमेशा से वन्यजीवों के लिए एक प्राकृतिक गलियारे के रूप में काम करता रहा है। अब इसे टाइगर रिजर्व घोषित किए जाने के बाद बाघों के लिए एक बेहद सुरक्षित और अनुकूल माहौल तैयार हो गया है, जिससे उनके आने-जाने के मार्ग बेहतर हुए हैं और उनकी संख्या के साथ-साथ आनुवंशिक विविधता में भी सुधार आ रहा है। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए केवल सुरक्षा ही काफी नहीं होती, बल्कि उनके लिए भोजन पानी की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए रानीपुर टाइगर रिजर्व के भीतर शिकार आधार यानी शाकाहारी जीवों की संख्या बढ़ाने के लिए आधुनिक सॉफ्टवेयर रिलीज तकनीक का सहारा लिया गया। इसके जरिए हिरण और अन्य शाकाहारी जानवरों को इस क्षेत्र में सुरक्षित तरीके से बसाया गया और उनके लिए बड़े-बड़े घास के मैदान तैयार किए गए, ताकि उन्हें भोजन की कोई कमी न हो। इसके अलावा पानी की बारहमासी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व के अंदर बड़ी संख्या में चेक डैम और छोटे-छोटे तालाबों का निर्माण कराया गया है। इस जल प्रबंधन से न केवल वन्यजीवों को सालभर पीने का पानी मिल रहा है, बल्कि आसपास की वनस्पतियों और पेड़-पौधों को भी नया जीवन मिला है, जिसने वहां के स्थानीय तापमान और पर्यावरण को पहले से काफी बेहतर बना दिया है।

सुरक्षा के मोर्चे पर भी जिला प्रशासन और वन विभाग ने आधुनिक तकनीकों का बेहतरीन इस्तेमाल किया है। आज रानीपुर टाइगर रिजर्व में शिकार की घटनाओं को पूरी तरह से रोकने के लिए एम-स्ट्राइप्स जैसी स्मार्ट पेट्रोलिंग प्रणाली और जगह-जगह हाई-टेक कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। इन आधुनिक उपकरणों की मदद से वन्यजीवों और पूरे जंगल पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखी जा रही है, जिससे 'शून्य शिकार' के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी सफलता मिली है। यह सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ जानवरों को ही नहीं बचा रही है, बल्कि इस पूरे क्षेत्र को पर्यटन के नक्शे पर भी तेजी से उभार रही है।

ईको-टूरिज्म के बढ़ने से चित्रकूट के स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के तमाम नए रास्ते खुल गए हैं। आज क्षेत्र के युवा गाइड, वाहन चालक और होटल-रिसॉर्ट जैसे आतिथ्य सत्कार के कामों से जुड़कर अपनी कमाई कर रहे हैं, जिससे इस पिछड़े माने जाने वाले क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को एक नई मजबूती मिल रही है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सामान्य बुद्धि परीक्षा का हुआ सफल आयोजन



**फतेहपुर।** हंसवा विकासखंड में 24 मई को सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी मिचकी द्वारा आयोजित सामान्य बुद्धि परीक्षा 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में 128 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जबकि कुल 151 पंजीकरण हुए थे और 23 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र अखिल भारतीय सहदेई सेवा संस्थान रसूलपुर भभैचा में बनाया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, तार्किक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है। क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह परीक्षा पिछले दो वर्षों से आयोजित की जा रही है। परीक्षा के सफल आयोजन में सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी मिचकी के अध्यक्ष राकेश सविता, परीक्षा प्रभारी आचार्य बाबू सिंह (समाजसेवी) और सह परीक्षा प्रभारी सचिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा ड्यूटी पर 10 शिक्षकों को तैनात किया गया था, जिनमें अनुज मौर्य, काजल, अभिलाषा, विकास साहू, प्रेम कुमार, अश्विनी कुमार अग्निहोत्री, अखिलेश यादव, शनि यादव, दुर्गेश यादव और सूघर सिंह शामिल थे। सघन तलाशी अभियान में मनोज कुमार, बृजेश सिंह और महेंद्र सिंह ने सहयोग किया। इस परीक्षा को सफल बनाने में अभिलाषा, राम सूरत लाल, मनोज कुमार, अश्विन कुमार अग्निहोत्री, धीरज सिंह, महेन्द्र सिंह, रामनाथ वर्मा, कामता सक्सेना, प्रभात सिंह (छोटू), हिमांशु, मरोत्तम सिंह, गुरुदत्त सिंह, अजय प्रताप, श्याम सिंह, सत्यनारायण यादव, गुलाब सिंह, धनीराम, आसिफ शाह, राज मौर्य, शिवकरण सिंह और अधिवक्ता बृजेश यादव सहित कई अन्य लोगों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। परीक्षा के परिणाम जून माह में घोषित किए जाएंगे।

### क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने किया थाना अजनर का आकस्मिक निरीक्षण व अर्दली रूम



**महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोड़ द्वारा थाना अजनर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्य, महिला हेल्प डेस्क एवं साफ-सफाई व्यवस्था का गहन अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात समस्त विवेचकों का अर्दली रूम लेकर लंबित विवेचनाओं, एनसीआर जांच, आईजीआरएस प्रकरणों एवं शिकायत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की गई। पंचायतनामा जांच को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने तथा अपहृता/गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विवेचकों को गुणवत्तापूर्ण विवेचना करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को सोशल मीडिया पॉलिसी का कड़ाई से अनुपालन करने, विभागीय मर्यादा बनाए रखने एवं भ्रामक/अप्रमाणित सूचनाओं के प्रसार से बचने के निर्देश भी दिए गए। आगामी बकरीद त्योहार के दृष्टिगत क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, सतर्कता बरतने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने हेतु भी निर्देशित किया गया।

### मिशन शक्ति अभियान एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



**जालौन (उरई)।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत रविवार को थाना कोतवाली जालौन की एंटी रोमियो टीम ने कस्बा जालौन के सरदार बल्लभभाई पटेल चौराहा पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं से सीधे संवाद कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। टीम द्वारा महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन-1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों पर भी जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने की अपील की। थाना कोतवाली जालौन पुलिस ने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति अभियान लगातार जारी रहेगा तथा महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए पुलिस चौबीस घंटे प्रतिबद्ध है।

### चालीस हजार एडवांस लेने के बाद भी प्रोपर्टी डीलर ने नहीं दिया प्लाट

**जालौन (उरई)।** प्रोपर्टी डीलर ने प्लाट दिलवाने के नाम पर किसान से चार लाख 40 हजार रुपए एडवांस ले लिया। एक वर्ष बीतने के बाद भी अब वह न तो प्लाट दे रहा है और न ही एडवांस लिए रुपये वापस कर रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर उसे प्लॉट दिलाने अथवा उसके रुपये वापस कराने की मांग की है। क्षेत्रीय ग्राम चरसौनी निवासी कमल सिंह ने पुलिस को बताया उन्हें एक प्लॉट की आवश्यकता थी। प्लाट खरीदने के लिए उन्होंने चुंगी नंबर चार के पास स्थित एक प्रापर्टी डीलर के ऑफिस में संपर्क किया। जहां उन्हें जालौन बाबई मार्ग पर 1500 वर्ग फीट का एक प्लाट दिखाया गया। प्लाट पसंद आने पर 17 लाख 62 हजार 500 में रुपये में सौदा तय हो गया। प्लाट की बुकिंग के लिए एडवांस के तौर पर पहले उन्होंने तीन लाख रुपए और कुछ दिनो बाद एक लाख 40 हजार रुपये चौक के द्वारा भुगतान कर दिए। एडवांस चार लाख 40 हजार रुपये लेने के बाद जब उन्होंने पूरा रुपये प्लॉट की रजिस्ट्री कराकर पूरे रुपये लेने के लिए कहां तो वह बहानेबाजी करने लगा। महीनों बीतने के बाद जब एडवांस वापस मांगा तो पहले तो टहलाता रहा। जब दबाव बनाया तो उसने 25 नवंबर 2025 को पत्नी के नाम चार लाख 40 हजार रुपये की चौक दे दी। जब चौक को भुगतान के लिए लगाया गया तो वह बाउंस हो गई। पीड़ित ने पुलिस से उसके एडवांस रुपये वापस दिलाने अथवा प्लॉट दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जालौनी देवी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड, भजन सुन भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**रामपुरा (जालौन)।** यमुना के पास स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां जालौन देवी मंदिर में शनिवार की रात्रि आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजन कीर्तन संध्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में मधुर भजनों, चौपाइयों और हनुमान जी की महिमा के गुणगान ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर जय श्रीराम जय माता दी और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते रहे। संगीतमय अंदाज में प्रस्तुत सुंदरकांड पाठ के दौरान गायक स्वदेश कुमार भोपाल व स्नेहलता एवं मिंटू ने भगवान श्रीराम की लंका यात्रा और हनुमान जी की वीरता का ऐसा भावपूर्ण वर्णन सुन पूरा पंडाल भक्ति के सागर में डूब गया। 卐मंगल भवन अमंगल हारी सहित कई प्रसिद्ध भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। कार्यक्रम के दौरान देवी मंदिर को फूलों एवं आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया था। सुंदरकांड की चौपाइयों और भजनों से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा और श्रद्धा का माहौल बना रहा। पाठ की पूर्णाहुति के बाद सामूहिक आरती अमन नारायण अवस्थी निवासी जगम्मनपुर वह श्रद्धालुओं द्वारा की गई तथा माता के नाम का प्रसाद वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन अंजनी सोनी जिला पत्रकार रजनीश द्विवेदी, अनुज शर्मा, लाला महाराज, चंदावली अभिषेक कुशवाहा, अमन अवस्थी, योगेंद्र तिवारी, सौरभ, राकेश, प्रदीप गौरव प्रधान टीहर, गोपाल जी की अगुवाई में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के युवाओं और श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। मां जालौन देवी पर सुंदरकांड एवं भजन कार्यक्रम में पत्रकारों का सबसे बड़ा सहयोग रहा।

### बंटवारे को लेकर पुत्र ने पिता से किया विवाद, पहुंच गया कोतवाली

**जालौन (उरई)।** बंटवारे को लेकर बेटा अपने पिता के साथ विवाद कर रहा था। पीड़ित पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी पिता उदयभान ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा राजेश बंटवारक को लेकर अक्सर विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं है। पिता ने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह बेटा इसी को लेकर विवाद करने लगा। जब उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो वह गाली, गलौज करने लगा। पिता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफकार्रवाई की है।

# व्यावसायिक दक्षता में निपुण हुये शिक्षक

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर स्थित महर्षि विद्या मन्दिर में चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतिम व तृतीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ वैदिक गुरु परम्परा पूजन एवं भावातीत ध्यान से हुआ। इस अवसर पर महात्मा गांधी डिग्री कालेज के अवकाश प्राप्त प्राचार्य प्रो. एसएन मिश्र द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। अतिथि महोदय अपने उद्बोधन में कहा कि इस वैज्ञानिक युग में हम भौतिक संसाधनों से तो मजबूत हो रहे है किन्तु आध्यात्मिक दृष्टि से हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे है। मोबाइल के इस युग में लोगों के पास समय नहीं है। बच्चे माता-पिता और परिवार से दूर होते जा रहे है। उनमें परिवार के प्रति आत्मीयता की कमी सर्वत्र दिखाई पड़ रही है। उनमें सोचने समझने व विवेचन की क्षमता प्रभावित हो रही है। बच्चे पुस्तक पढ़ने से अधिक मोबाइल देखने में अपना समय दे रहे है। जिससे उनकी स्मरण शक्ति भी कमजोर हो रही है। शिक्षकों का ही दायित्व है कि उन्हें गौरवशाली भारतीय संस्कृति से परिचित कराएं जिससे वे वैज्ञानिक और अध्यात्मिक दृष्टि से मजबूत हो सके। इस अवसर पर शिक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर उन्हें जीवन में बेहतर करने की प्रेरणा दी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा आज के सत्र में मूल्यांकन प्रक्रिया व रुचिकर और आनन्ददायक अधिगम प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। शिक्षकों के द्वारा बनाये गये विभिन्न विषयों के प्रस्तुतीकरण अत्यंत जीवंत एवं रोचक रहे। विद्यालय की शिक्षिका मंजुला श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अंग वस्त्र व श्रीरामचरित मानस प्रदान कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गयी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भावातीत ध्यान से हुआ।

### भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष बने जयशंकर गुप्ता



**फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन शादीपुर स्थित द्विवेदी रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने भाग लिया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने निजीकरण पर रोक लगाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राजेंद्र सिंह रज्जू भैया ने कहा कि हम उस विचारधारा से नहीं आते जहां पर यह कहा जाता है कि हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो। हमारी विचारधारा तो उस नींव पर आधारित है जिसमें में राष्ट्रहित व उद्योग हित सर्वोपरि है। बाद में श्रमिक हित पर टिकी है इसीलिए हम लोग देशहित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम को चरितार्थ करते हैं। जो सरकार मजदूर विरोधी होगी निजीकरण पर आमादा होगी हम उसका खुलकर विरोध करेंगे। इस दौरान विधायक विकास गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किया। अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे विभाग प्रमुख राधेश्याम ने भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा किया जिसमें जयशंकर गुप्ता को अध्यक्ष एवं रामनरेश को जिला मंत्री के साथ 21 पदाधिकारी की घोषणा की गई। वहीं दूसरी ओर भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के प्रांतीय मंत्री घनश्याम त्रिपाठी ने भी यूनियन की कार्यकारिणी में अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री के साथ 22 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा किया। इस अवसर पर नवमनोनीत कमेटी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### रंजिशन युवक से अभद्रता कर की मारपीट

**जालौन (उरई)।** रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक के साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी निवासी अर्पण ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले का ही युवक राजा उससे रंजिश मानता है। अक्सर उसके साथ विवाद करता रहता है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शनिवार की शाम वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी राजा वहां आया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने पिटाई शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए तो आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने 2 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में न्यायालय द्वारा निर्गत वारंटों के अनुपालन एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महोबकंठ पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में उ.नि. रोहित कुमार थाना महोबकंठ द्वारा मय हमराह रि.कां. विकास कुमार व रि.म.कां. स्नेहा मिश्रा के साथ कार्रवाई करते हुए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़, जनपद महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट मु.सं.- 61/2019, एनसीआर



नं.- 150/2018 धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित 2 नफर वारंटी अभियुक्तगण क्रमशः हरप्रसाद उर्फ गुड्डन पुत्र भुल्ला, उम्र 50 वर्ष, मीरा पत्नी हरप्रसाद उर्फ गुड्डन, उम्र 45 वर्ष निवासीगण ग्राम कनौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम कनौरा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर का हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के दोबारा नियुक्त जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर का स्वागत कार्यक्रम तांबेश्वर मन्दिर के पास बड़े धूम धाम के साथ किया गया। सभी उपस्थित क्षत्रिय समाज के लोगों ने बारी बारी से माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। सभी लोगों को विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व ने दिया है। उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करुगा। सभी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने कहा कि 30 जून तक पूरे जिले के सभी ब्लॉकों का गठन कर लिया जाएगा। सबसे पहले धाता ब्लॉक से शुरूआत होने जा रही है। 4 जून को कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। कार्यकारिणी विस्तार पर सभी उपस्थित सदस्यों से आम राय ली गई, जिसमें बृहद चर्चा की गई। कुशभा ग्राम सभा में 4जून को कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है प्रत्येक क्षत्रिय गाँव में सभी को सदस्य बनाना है। एक लाख सदस्यों का लक्ष्य रखा गया है। बेसहारा बच्चियों की शादी करना व गरीब बच्चों व बच्चियों को शिक्षा दिलाने में मदद किया जाएगा बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक तपस्वी ने किया। कार्यक्रम का संचालन नागेन्द्र सिंह चौहान मण्डल उपाध्यक्ष प्रयागराज ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य



रूप से आरपी सिंह भदौरिया, डॉ अभिषेक सिंह, अमित परिहार, संजय सिंह कछवाह, समरबीर सिंह, मोनू सिंह, पिन्टू सिंह, राकेश प्रताप सिंह, पंकज सिंह तोमर, लालजीत सिंह, राज सिंह भदौरिया, रंजना सिंह, मधु सिंह भदौरिया, लक्ष्मी सिंह भदौरिया, एस सी एस चौहान अंगद सिंह चंदेल, डॉ विमल सिंह, अजय प्रताप सिंह, अरुण सिंह चौहान, अमित सिंह तोमर, सुधांशु सिंह, शायर सिंह, चेतन सिंह चौहान, अमन सिंह, योगेन्द्र सिंह भदौरिया, आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ग्राम चमरुआ में 22 मई को जनगणना कार्य सौ-फीसदी पूर्ण करने पर तहसीलदार ने प्रगणक को किया सम्मानित



**कुलपहाड़/महोबा।** तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमरूआ में प्रगणक द्वारा 22 मई 2026 को सौ फीसदी जनगणना कार्य को पूर्ण करने पर तहसीलदार ने प्रगणक को फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। बता दें कि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशन में व अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व के कुशल मार्गदर्शन पर तथा उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार के पर्यवेक्षण में तहसील क्षेत्र के ग्राम चमरूआ की एच एल बी संख्या 620 के 308 भवन और 336 मकानों की जनगणना का कार्य प्रगणक प्रदीप पाठक द्वारा 22 मई 2026 को सौ फीसदी पूर्ण कर लिया गया है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए तहसीलदार प्रमित सचान ने फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वगणना के बाद जनगणना के कार्य में प्रगणक बनाए गए थे। जिसमें ग्राम चमरुआ के प्रगणक द्वारा सर्वप्रथम सौ फीसदी कार्य को पूरा किया है।

## तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ हटवाया अवैध कब्जा

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कुलपहाड़ अंतर्गत ग्राम अजनर मौजा में चकरोड की भूमि पर भू माफिया द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पर तहसीलदार प्रमित सचान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, और चकरोड की भूमि को जेसीबी से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। और शिकायत कर्ता ने भी संतोष व्यक्त किया है।इस कार्यवाही सेअवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ कार्रवाई कर सरकारी भूमि को मुक्त कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम समाज ,चकरोड ,खेल खलिहान आदि की भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ



कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत तहसील कुलपहाड़ की मौजा अजनर क्षेत्र की गाटा संख्या 2198 चकरोड भूमि पर भू माफिया द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर तहसीलदार प्रमित सचान ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी से चकरोड से कब्ज़ा हटाए जाने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान ग्रामीण तथा शिकायतकर्ता ने संतोष व्यक्त किया। तहसीलदार की इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

### नलकूप के ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से 70 पाइप जलकर हुए खाक



**जालौन (उरई)।** ट्यूबवैल के ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के चलते खेत में सिंचाई के लिए रखे लगभग 70 पाइप जलकर राख हो गए। आसपास पेड़ भी झुलस गए। किसानों ने समर और बल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। औरैया रोड पर कन्हैयालाल अग्रवाल इंटर कॉलेज के पास स्थित खेत में ट्यूबवैल रखा हुआ है। ट्यूबवैल के लिए वहां पास में ट्रांसफॉर्मर भी रखा हुआ है। रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट सर्किट के चलते चिंगारी निकली। चिंगारी निकलने से वहीं पास में सिंचाई के लिए रखे प्रतापपुरा निवासी जगतनारायण के पाइपों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लगभग 70 पाइप जलकर राख हो गए। आग ने आसपास के पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया जिसमें कई पेड़ झुलस गए। पास में रखी ट्रैक्टर की छतरी भी जल गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान आग लगी देखकर दौड़कर वहां आए और पानी की बाल्टी और सबमर्सिबल पंप की लाइन से पानी डालकर लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान जगतनारायण ने बताया कि आग लगने से उनको करीब एक से सवा लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## समर कैंप में बच्चों ने तैराकी, स्केटिंग, नृत्य, क्राफ्ट में दिखायी एक्टिविटीज

- सेट वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

**जालौन (उरई)।** स्थानीय सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को यादगार और रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से समर कैंप का शुभारंभ किया गया। समर कैंप में बच्चों ने तैराकी, स्केटिंग आदि सीखकर उत्साह व्यक्त किया। समर कैंप का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने फीता काटकर किया। कैंप के पहले ही दिन बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कोई स्विमिंग पूल में तैराकी सीखता नजर आया तो कोई स्केटिंग कर अपने हुनर का प्रदर्शन



करता दिखाई दिया। वहीं कई बच्चे नृत्य, क्राफ्ट और अन्य फन एक्टिविटीज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते नजर आए। अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। आज के समय में बच्चों के लिए केवल पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं है। खेलकूद, कला और रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कैंप में बच्चों को कुशल प्रशिक्षकों की देखरेख में विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें तैराकी, स्केटिंग, डांस, क्राफ्ट, गेम्स और मनोरंजक गतिविधियां शामिल हैं। वहीं, समर कैंप के दौरान बच्चों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चे पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हर गतिविधि में हिस्सा लेते दिखाई दिए। कुछ बच्चों ने पहली बार स्केटिंग और स्विमिंग सीखी तो वहीं कई बच्चों ने रंग-बिरंगे क्राफ्ट बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लाखों की चोरी की सूचना, पुलिस जांच में जुटी

**उरई (जालौन)।** रेंढ़र थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात प्रकाश में आई है जिसमें चोरों के द्वारा लाखों रुपया जेवरात एवं नगद रूपए की चोरी किया जाना बताया जा रहा है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रेढ़र क्षेत्र के ग्राम कुरतला निवासी अनिल कुमार यादव ने डायल 112 पर सूचना देकर अवगत कराया कि अज्ञात चोर रात के समय उसके घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और लगभग एक लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। सूचना पर पीआरवी 5705 की टीम और थाना रेंढर पुलिस के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम शंकर कटियार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि जिस कमरे से चोरी होने की बात कही जा रही है, उसके निकट ही घर का आंगन है, जहां घटना की रात परिवार के कई सदस्य अलग-अलग चारपाइयों पर सो रहे थे। पुलिस के अनुसार जिस स्थान से चोरों के घर में प्रवेश करने की बात बताई गई, वहां लगभग 17 फुट ऊंची दीवार है। निरीक्षण के दौरान वहां किसी व्यक्ति के आने-जाने के स्पष्ट निशान भी नहीं मिले। ग्रामीणों से बातचीत एवं जांच के दौरान पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि शिकायतकर्ता बीमा एजेंट का कार्य करता है और क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा उससे अपने जमा धन की मांग की जा रही है। पुलिस को घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी सत्यता की जांच की जा रही है।

# उप्र लेखपाल संघ के चुनाव में योगेश लेखा निरीक्षक पद पर विजयी

- 334 मत प्राप्त कर 108 मतों से दर्ज की शानदार जीत, तहसील कालपी में खुशी की लहर
- बुंदेलखंड क्षेत्र से पहली बार परिवर्तन टीम के प्रत्याशी ने लेखा निरीक्षक पद पर हासिल की ऐतिहासिक जीत

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के चुनाव में तहसील कालपी से परिवर्तन टीम के प्रत्याशी योगेश कुमार यादव ने लेखा निरीक्षक पद पर शानदार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। योगेश कुमार यादव को कुल 334 मत प्राप्त हुए तथा उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 108 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर विजय हासिल की। खास बात यह रही कि बुंदेलखंड क्षेत्र से पहली बार परिवर्तन टीम के प्रत्याशी ने लेखा निरीक्षक पद पर जीत दर्ज कर नया इतिहास बनाया है। इस ऐतिहासिक जीत से लेखपालों एवं समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही तहसील कालपी परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में उपस्थित लेखपालों एवं समर्थकों ने योगेश कुमार यादव को फूल-मालाएं



पहनाकर जोरदार स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। योगेश यादव जिंदाबाद और परिवर्तन टीम जिंदाबाद के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। योगेश कुमार यादव पूर्व सैनिक वायु सेना से जुड़े रहे हैं तथा लंबे समय से लेखपाल हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी ईमानदार कार्यशैली, सरल स्वभाव और संगठन के प्रति समर्पण के कारण लेखपाल समाज में उनकी मजबूत पहचान बनी हुई है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने लेखपालों की समस्याओं के समाधान, संगठन को मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करने का भरोसा दिलाया था। लेखपालों ने उनके कार्यों एवं विचारों पर विश्वास जताते हुए भारी मतों से उन्हें विजयी बनाया। विजय के बाद योगेश कुमार यादव ने सभी लेखपाल साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे लेखपाल समाज की जीत है। परिवर्तन टीम के पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि लेखपालों ने परिवर्तन और विकास की सोच पर भरोसा जताया है। बुंदेलखंड क्षेत्र में पहली बार परिवर्तन टीम को मिली इस सफलता से संगठन के कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। समर्थकों का कहना है कि योगेश कुमार यादव के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। तहसील कालपी के अनेक लेखपालों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने योगेश कुमार यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। देर शाम तक स्वागत, माल्यार्पण और मिठाई वितरण का सिलसिला चलता रहा।

### सूचना

मैं शपथी **मोहम्मद जीशान ग्राम व पोस्ट चमारूपुर जिला बलरामपुर** का निवासी हूं पिन - 271609 सशपथ बयान करता हूं कि मेरा सन 2024 इंटरमीडिएट की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 2247138811 है जो वास्तव में कहीं खो गया है।

### सूचना

मैं शपथी **रंजीत गुप्ता पुत्र रधेश्याम गुप्ता ग्राम कुंजलपुर पोस्ट कुंजलपुर तहसील मनकापुर जिला गोंडा** का मूल निवासी हूं सशपथ बयान करता हूं कि मेरा 2024 हाई स्कूल की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक 1 2 4 2 5 3 0 4 5 5 है जो वास्तव में कहीं खो गया है।

### सूचना

मेरा ड्राइविंग लाइसेंस नंबर यूपी 74 2006 000 3666 में मेरा नाम श्याम जी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में श्यामू नाम है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में श्याम जी की जगह श्यामू नाम कर दिया जाए। **श्यामू पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम जलेसर अलीपुर गुगरापुर कन्नौज।**

# साइबर फ्राड करने वाला एक व्यक्ति गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

थाना असन्द्रा व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर, कब्जे से एक अदद लैपटाप, एक अदद आइरिश मशीन, एक अदद बायोमैट्रिक मशीन, एक अदद ब्राडबैण्ड, एक अदद मोबाइल, एक अदद आधार नामांकन संशोधन रजिस्टर बरामद किया है।

वादी हिमांशू चौरसिया पुत्र अशोक कुमार चौरसिया निवासी ग्राम मिर्चिया थाना असन्द्रा जनपद बाराबंकी द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी कि बिना उनकी अनुमति आधार कार्ड पर अवैध रूप से बिना बायोमेट्रिक सत्यापन व एवं बिना किसी आधार सेवा केन्द्र पर उपस्थित हुए किसी के द्वारा उनका मोबाइल नम्बर परिवर्तित कर दिया गया तथा फर्जी बैंक खाता खोलकर लोन ले लिया गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना असन्द्रा पर मु0अ0सं0-145/2026



धारा 319(2)/ 318(4)/ 338/ 336(3) /340(2) बीएनएस व धारा 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त घटना में संलिप्त साइबर अपराधी की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना असन्द्रा व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.05.2026 को प्रकाश में आये अभियुक्त सोमेश कुमार यदुवंशी पुत्र सत्यपाल उर्फ निरंजन सिंह निवासी ग्राम जगतपुर काशीराम थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली को मोहल्ला अंसारी कस्बा फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद लैपटाप, एक अदद आइरिश मशीन, एक अदद बायोमैट्रिक मशीन, एक अदद ब्राडबैण्ड, एक अदद मोबाइल, एक अदद आधार नामांकन संशोधन रजिस्टर बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त सोमेश कुमार यदुवंशी, वर्ष 2014 से बरेली में जनसेवा केन्द्र चलाता है तथा जनपद बरेली की बैंक ऑफ बड़ोदा, फतेहगंज पश्चिमा शाखा में आधार कार्ड बनाने का कार्य करने वाले अपने परिचित अमित पुत्र चरन सिंह निवासी बसुधरन जागीर थाना देवरनिया जनपद बरेली के साथ मिलकर वादी के आधार कार्ड में एक अन्य नम्बर रजिस्टर कर दिया गया था तथा कूटरचित दस्तावेज के आधार पर अनुचित लाभ हेतु बैंक लोन ले लिया गया था।

अभियुक्त अमित उपरोक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# नगर पंचायत चेयरमैन ने लगाया कूलिंग प्वाइंट

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से नगरवासियों को राहत देने के लिए नगर पंचायत टिकैतनगर ने प्रमुख स्थानों पर कूलिंग प्वाइंट शुरू किए हैं।यह पहल प्रदेश के खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की प्रेरणा से 'सेवा ही संगठन' के मंत्र पर की गई है।नगर पंचायत चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कूलिंग प्वाइंट पर कूलर, बैठने के लिए कुर्सियां,शीतल पेयजल और देशी गुड़ की निशुल्क व्यवस्था की गई है।राहगीरों और जरूरतमंदों को लू व गर्मी से बचाने के लिए यह सुविधा शुरू की गई है।चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने कहा, 'हमारा प्रयास




है कि कोई भी व्यक्ति गर्मी में लू की चपेट में न आए।भीषण गर्मी से लोगों को बचाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि तेज धूप में जरूरी होने पर ही घर से निकलें और कूलिंग प्वाइंट की सुविधाओं का लाभ लें।

# जनगणना: पहले चरण के काम ने पकड़ा तेजी



**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** जनगणना के पहले चरण के तहत मकानों की नंबरिंग का काम तेजी से चल रहा है। यह अभियान तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।इस कार्य में कुल 603 प्रगणक और 100 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। ये कर्मचारी घर-घर जाकर मकानों पर नंबर अंकित कर रहे हैं। बदोसराय, मरकामऊ, बरदरी और किंतूर सहित तहसील के सभी गांवों में यह प्रक्रिया जारी है।सुपरवाइजर श्याम जी ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण कार्य के समय में बदलाव किया गया है। प्रगणक और सुपरवाइजर अब सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 3 बजे से 6 बजे तक काम कर रहे हैं। यह समायोजन कार्य को समय पर पूरा करने और कर्मचारियों को गर्मी से बचाने के लिए किया गया है।तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे गणना कर्मचारियों को सही और सटीक जानकारी दें। उन्होंने जोर दिया कि सही जानकारी से डेटा सही ढंग से अपलोड होगा, जिससे भविष्य की सरकारी योजनाओं के निर्माण में मदद मिलेगी।

तहसीलदार ने यह भी बताया कि मकानों की नंबरिंग जनगणना का पहला चरण है। इसके पूरा होने के बाद परिवारों की गणना का कार्य शुरू किया जाएगा।

## डिजिटल फ्रॉड से लगाया हजारों का चूना, पुलिस में दी तहरीर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के भटखेरा वार्ड निवासी शिवराज शर्मा के साथ हुए डिजिटल फ्रॉड में जालसाज ने हजारों का चूना लगा दिया। शिवराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की देर शाम उनके मोबाइल पर काल आई।बताया गया कि आपके पड़ोसी रमेश ने तीन हजार रुपए मांगे हैं।आपके नंबर पर भेजे दे रहे हैं।इसी के साथ उनके खाते में एक रुपए आए।भेजने वाले ने कन्फर्म कर लिया। इसके बाद तीस हजार का मैसेज आया। भेजने वाले ने बताया कि गलती से तीन की जगह तीस हजार चला गया है। शेष पैसे वापस कर दीजिए। शिवराज शर्मा ने बिना बैलेंस देखे ही अपने खाते से आठ हजार भेज दिया। इसके बाद अपना बैलेंस देखा तो पता चला कि उनके खाते में पैसे आए ही नहीं।

# हीट वेव को लेकर डीएम ने जारी की एडवाइजरी

**अपील : सुरक्षित रहिये, स्वस्थ रहिए आवश्यकता हो तभी बाहर निकालिये**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लगातार बढ़ रहे तापमान एवं भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर सरनीत कौर ब्रोका द्वारा जनहित में हीट वेव (लू) से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। कलेक्टर ने आमजन से सतर्कता बरतने तथा आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है मौसम विभाग के अनुसार लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक तापमान रहने पर हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत गंभीर एवं



खतरनाक साबित हो सकती है। विशेष रूप से वृद्धजन, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं तथा हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शरीर में पानी एवं नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, शरीर का अत्यधिक गर्म होना, त्वचा का लाल पड़ना, पसीना न आना, तेज धड़कन, चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी, कमजोरी एवं भ्रम की स्थिति शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई है जारी एडवाइजरी में आमजन से अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने तथा धूप में निकलते समय छाता, टोपी एवं धूप के चश्मे का प्रयोग करने की अपील की गई है। साथ ही ओ0आर0एस0, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई है।

**12 से 3 के बीच बाहर निकलने से बचे : डीएम**

खुले में कार्य करने वाले श्रमिकों एवं कामगारों को सिर एवं शरीर को गीले कपड़े से ढककर रखने तथा समय-समय पर छायादार स्थान पर विश्राम करने के निर्देश दिए गए हैं। एडवाइजरी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचने की विशेष अपील की गई है।

बच्चों एवं पशुओं को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ने तथा अत्यधिक गर्मी के दौरान भारी शारीरिक श्रम से बचने की सलाह दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नागरिक सतर्क रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।

## खबरें एक नजर में

### महमूदाबाद में संविधान बचाओ संवाद में हजारों लोगों ने संविधान विरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** देश मे बढ़ते संविधान विरोधी हमलो , सामाजिक न्याय पर हो रहे सुनियोजित हमलो और आर्थिक असमानता की खाई के खिलाफ आज आयोजित ' संविधान बचाओ संवाद ' एक जन आंदोलन की चेतावनी बनकर उभरा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा संविधान बिरोधी देश के गद्दार है देश को इन गद्दारो से आजाद कराने का संघर्ष कांग्रेस कर रही है आप सभी इस अभियान का हिस्सा बने, इस अवसर पर सासंद राकेश राठौर ने कहा आज के महमूदाबाद संविधान बचाओ संवाद सम्मेलन की हजारो की जुटान से साफ हो गया है की इस बार महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र मे कांग्रेस की जीत होगी और यह लड़ाई हम अरुणेश यादव के नेतृत्व मे जीतेंगे। इस अवसर पर संविधान बचाओ संवाद सम्मेलन के संयोजक अरुणेश यादव ने कहा हम संविधान विरोधी ताकतो को महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र से उखाड़ फेंकेगे , कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह ने जहां सीतापुर मे भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर जोर दिया तो सुनीला रावत ने मजदूरो किसानो के हक की बात उठाई। सुनीता चौधरी ने लोकतंत्र मजबूत करने पर बल दिया , सम्मेलन मे अनुप्रिया बर्मा , डा आर पी बर्मा , रोशनी गुप्त ने भी अपनी बात रखी , दीपा वैश्य, अनुपम राठौर , रंजीत राठौर , डा निजामुद्दीन आजाद, हसीना खातून, विष्णु गौतम , मंसूर अली सलमानी, उजागर लाल भार्गव , हजमत अली ने भी अपनी बात रखी। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राहुल रस्तोगी ने किया। सम्मेलन का समापन कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एहिताशाम बेग ने किया।

### बाराबंकी में दर्दनाक हादसा: तेज रफ्तार बोलेरो ने दो सगे भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत से गांव में मातम

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जनपद के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जिससे परिवार और गांव में कोहराम मच गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।



यह हादसा ग्राम पंचायत फूलपुर के पास मोहम्मदपुर खाला चौराहे पर हुआ। जानकारी के अनुसार हनीफ के पुत्र इस्लामुद्दीन (25 वर्ष) और ईखलासुद्दीन (19 वर्ष) रविवार सुबह करीब 10 बजे बाइक से फतेहपुर दवा लेने जा रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो संख्या क्ष32 त्रस 1426 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में ईखलासुद्दीन के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई, जबकि इस्लामुद्दीन का एक पैर कट गया और दूसरा पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया।

# बौद्ध पद्धति से हुआ पचेहरी में पुण्यानुमोदन संस्कार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पचेहरी में दिवंगत सुरेंद्र कुमार का तेरहवीं/पुण्यानुमोदन संस्कार बौद्ध पद्धति से सम्पन्न हुआ। जिसमें बौद्धाचार्य की भूमिका का निर्वाह के.पी. सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक गौरीगंज, रचयिता बुद्ध चरित मानस प्रबंध काव्य और महामंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. शाखा जनपद अमेठी ने किया। पारम्परिक बौद्ध रीति बुद्ध नमन पूजन त्रिशरण पंचशील बुद्ध धम्म संघ वंदना सहित पालि गाथाओं के संगायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत के भाई वीरेंद्र कुमार बौद्ध सहित उनके



परिवारीजन कुछ ग्रामवासी व अन्य नजदीकी रिश्तेदार गण भी मौजूद रहे। दिवंगत के परिजनों व आगंतुक रिश्तेदारों ने सुरेंद्र के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# 20 हजार का इनामिया सहित दो अन्य अपराधी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार रुपये के इनामिया बदमाश समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की चार मोटरसाइकिलें तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में रविवार को मुसाफिरखाना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मंगलम अंडरपास के पास पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान रोशन अहमद निवासी भीखीपुर और आकाश गुप्ता निवासी गल्लामंडी,



थाना मुसाफिरखाना के रूप में बताई। जांच में पता चला कि रोशन अहमद गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित था और उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से चोरी की स्प्लेंडर बाइक और एक चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। कड़ाई से पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कई बाइक चोरी की घटनाओं को कबूल किया। उनकी निशानदेही पर एक खंडहर से तीन और चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। आरोपियों ने बताया कि वे विभिन्न जिलों से बाइक चोरी कर उनकी नंबर प्लेट बदल देते थे और बाद में बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार रोशन अहमद के खिलाफ पहले से चोरी, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं।

## 15 जून तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक सत्र के अंतर्गत 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में जनपद के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी रहेगा। हालांकि अवकाश अवधि के दौरान आंगनबाड़ी सेवाओं से जुड़े आवश्यक कार्य पूर्ववत संचालित किए जाएंगे।

# सीडीओ ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का औचक निरीक्षण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा का औचक निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा अन्य वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर उनके द्वारा किए जाने कार्यों की समीक्षा की। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ नवनीत कुमार मिश्रा ने मुख्य विकास अधिकारी को केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया जिसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की तत्परता के साथ मदद करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने केंद्र पर स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों का भी भ्रमण किया जिनमें



हाइड्रोपोनिक्स इकाई, पाली हाउस, मत्स्य पालन तालाब, बकरी पालन इकाई तथा हाईटेक नर्सरी का भ्रमण करते हुए उन्होंने संबंधित वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये। उन्होंने हाईटेक नर्सरी को शीघ्र संचालित कराने के जिला उद्यान अधिकारी को भी निर्देशित किया। निरीक्षण के समय उपकृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह, केन्द्र के वैज्ञानिक डा सुरेन्द्र सिंह, डा रेनू सिंह, डा पी के सिंह, डा अर्चना देवी, देवेश पाठक, डा ओपी सिंह, संजय यादव उमाशंकर पांडेय, देवी सहाय, शुभम शुक्ल, नसीम आदि उपस्थित रहे।

# संग्रामपुर व मुंशीगंज पुलिस ने पकड़े 8 वारण्टी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले में वांछित वारण्टी के धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र व क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में रविवार को थाना संग्रामपुर पुलिस व थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न वादों में कुल 8 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। जिसमें संग्रामपुर पुलिस द्वारा संजय सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी अमटाही, हरभजन पुत्र जगतपाल निवासी करौदी,

श्रीराम पुत्र मुनू निवासी ग्राम पूरे दयाल मजरे उत्तरगाँव, डंगरु पुत्र मुनु




निवासी ग्राम पूरे दयाल मजरे उत्तरगाँव तथा रामकिशोर पुत्र बुन्दी निवासी ग्राम पूरे दयाल मजरे उत्तरगाँव शामिल हैं। वहीं थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा सुशील पुत्र देवनारायण निवासी दूबेपुर मजरे त्रिलोकपुर, रामखेलावन पुत्र कल्लू निवासी दुबे पुर मजरे त्रिलोकपुर व रामकुमार पुत्र रामदेव यादव निवासी दूबेपुर मजरे त्रिलोकपुर शामिल हैं।

# आसमान से बरसती आग, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** तापमान एक सप्ताह से लगातार बढ़ता जा रहा है।आसमान से आग बरस रही है। प्रकृति की इस मार से इंसान तो इंसान पशु पक्षी भी हलकान हो रहें है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग लाखों जतन कर रहें है वहीं पशु पक्षी इससे बेहाल हो रहें है। तेज धूप और लू अब लोगों की दिनचर्या में शामिल हो गया है। हालात यह है कि पारा 46 डिग्री सेल्सियस पार हो जाने के कारण दोपहर में सड़कों में सन्नाटा पसर रहा है। वहीं बिजली अघोषित आंख मिचोली ने मुख्यालय के लोगों की रातों की नींद उड़ा कर रख दी।

भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से पूरे जिले का पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है।



चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षी भी इस प्रचंड गर्मी से बेहाल हो गए हैं।तेज धूप के साथ रविवार की सुबह हुई। जैसे जैसे घड़ी की सुई बढ़ी वैसे वैसे सूरज की तपिश ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया। दोपहर को तेज धूप और गर्म हवाओं ने सड़कों पर सन्नाटा पसार दिया। एक तो रविवार की छुट्टी दूसरा प्रचण्ड गर्मी ने लोगों को घरों में कैद कर दिया। शहर के बस स्टैंड पर रोज की अपेक्षा यात्रियों की कम चहल कदमी दिखाई पड़ी। गर्मी से बचाव को लेकर लोग गन्ने का जूस, कोल्ड्रिंग, लस्सी आदि का उपयोग करते दिखाई दिए। वहीं शनिवार की देर रात लगभग 10 बजे विद्युत विभाग द्वारा बार-बार बिजली कटौती से मुख्यालय के टाउन फीडर के लोग परेशान हो गए। गर्मी और बिजली कटौती की आंख मिचोली ने कमरे से छत छत से कमरे तक की दौड़ लगवा दी। देर रात लोगों ने बिजली की आंख मिचोली की समस्या को लेकर विभाग के नंबर पर फोन कर जानकारी हासिल करनी चाही तो उनका नंबर देर रात तक बिजी बना रहा। लगभग सुबह साढ़े तीन बिजली की आंख मिचोली की समस्या से छुटकारा मिलने पर टाउन फीडर के लोग चैन की नींद शो पाए।

## 12 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध मौत पड़ोसी के घर मिला शव

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के अब्दुल्ला बाहरपुर गांव में 12 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। बच्चे का शव पड़ोसी के घर मिलने के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

# प्रधानों का कार्यकाल 2 दिन बचा स्थिति स्पष्ट नहीं होने से असमंजस बरकरार

**सुमेरपुर।** निर्वाचित ग्राम प्रधानों का कार्यकाल मंगलवार को रात 12:00 बजे समाप्त हो जाएगा शासन ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि पंचायत का अगला राजा कौन होगा। पंचायती राज विभाग में शासन के पास दो विकल्प का प्रस्ताव भेजा है इनमें मौजूद प्रधानों के साथ एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाने का प्रस्ताव शामिल हैं अब फैसला शासन को करना है कि वह पंचायत की कमान किसको सौंपती है। सोशल मीडिया में चर्चा है कि शासन प्रधानो का कार्यकाल बढ़ा सकती है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो रही है। इससे मौजूदा प्रधान असमंजस में है और उनकी धड़कने बढ़ी हुई है अगर शासन मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ता है तो इसका फायदा और नुकसान दोनों विधानसभा चुनाव में मिल सकता है। मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल 26 मई मंगलवार रात 12:00 बजे तक है इसके बाद यह निर्वतमान हो जाएंगे क्योंकि शासन द्वारा अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया गया की पंचायत की कमान किसको दी जाएगी। पंचायती राज विभाग ने शासन के पास दो प्रस्ताव भेजे हैं। एक में मौजूद प्रधानों कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश की गई है। दूसरा पिछली बार की तरह एडीओ पंचायत को प्रशासक बनने को प्रस्ताव भेजा गया। महज 2 दिन शेष रहने के बाद अभी तक शासन ने इस प्रस्ताव पर निर्णय नहीं किया है। इसी बीच सोशल मीडिया में एक खबर दो दिन से वायरल हो रही है कि शासन ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की मांग पर मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने पर सहमति दे दी है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो रही है। इससे असमंजस बना हुआ है और मौजूदा प्रधानों की धड़कनें बढी हुई राजनीति के जानकारो का दावा है कि सरकार अगर मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाती है तो आगामी विधानसभा चुनाव में फायदा और नुकसान दोनों हो सकता है। कार्यकाल बढ़ाने पर मौजूदा प्रधान जहां सरकार के पक्ष में खड़े होंगे वहीं पिछले चुनाव में प्रत्याशी सरकार के विरोध में जाकर नुकसान करेंगे। ऐसे में सरकार मौजूदा प्रधानों के कार्यकाल को बढ़ाने के बजाय एडीओ पंचायत को प्रशासक बना सकती है और मौजूदा प्रधान को निवर्तमान करके किनारे भी कर सकती है इसकी संभावना अधिक है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1685 मरीजों को मिला लाभ

- 32 ग्रामीण व 4 नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर लगा मेला
- आयुष्मान के 39 गोल्डन कार्ड बने




**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।**

जनपद के 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले के माध्यम से आमजन को उनके नजदीक गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में नोडल अधिकारी एवं निरीक्षण टीमों ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मेले में मरीजों को निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा दी गई। साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य मेले में कुल 1685 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया, जिनमें 789 पुरुष, 678 महिलाएं और 218 बच्चे शामिल रहे। आयुष्मान भारत योजना के तहत 39 गोल्डन कार्ड बनाकर लाभार्थियों को वितरित किए गए।

प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की मौजूदगी से मरीजों को त्वरित एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह पहल ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच मजबूत करने में कारगर साबित हो रही।

# छिबरामऊ में तैयार हो रहा है भव्य बचपन प्ले स्कूल




**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ रोड पर लिटिल स्टार गेस्ट हाउस के पास बचपन प्ले स्कूल का निर्माण तेजी से जारी है। जून माह में इसका भव्य शुभारंभ होने वाला है। स्कूल के डायरेक्टर एवं श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि यहां नन्हे मुन्ने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी। बच्चों के खेलने के लिए शानदार इनडोर हॉल और सभी कमरों में एसी की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बचपन प्ले स्कूल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को आधुनिक और रचनात्मक शिक्षा मुहैया कराना है। स्कूल में सीसीटीवी सिक्योरिटी, सॉफ्ट प्ले एरिया, म्यूजिक और डांस रूम, स्मार्ट क्लासरूम, योग और ध्यान कक्ष की व्यवस्था भी रहेगी। शिक्षक अनुभवी और प्रशिक्षित होंगे जो हर बच्चे पर व्यक्तिगत ध्यान देंगे। उन्होंने कहा वर्ष 2004 में स्थापित बचपन प्ले स्कूल की पूरे भारत में 1200 से अधिक फ्रेंचाइजी हैं। नगर में बच्चों के अधिकांश स्कूल नेशनल हाईवे या स्टेट हाईवे के किनारे स्थित हैं जबकि बचपन प्ले स्कूल हाईवे और सबवे से दूर होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बच्चे आसानी से स्कूल पहुंच सकते हैं। विवेक गुप्ता ने आगे कहा कि आजकल के प्रतिस्पर्धी युग में बच्चों की नींव मजबूत करना जरूरी है। बचपन प्ले स्कूल इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है, जहां बच्चे बिना बोझ महसूस किए सीखेंगे और अपनी प्रतिभा निखारेंगे। स्थानीय अभिभावकों में भी इस स्कूल को लेकर काफी उत्साह है। स्कूल का निर्माण उच्च गुणवत्ता के मटेरियल से किया जा रहा है। जून के अंतिम सप्ताह में उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

## छिबरामऊ में होगा राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों, राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों, प्रतिनिधियों व समर्थकों एक दिवसीय विशेष अधिवेशन 25 जून को प्रातः 11 बजे से स्वामी ब्रम्हानंद सभागार, लोक भारती इंटर कॉलेज छिबरामऊ (निकट फर्रुखाबाद चौराहा ) में किया जायेगा। राष्ट्रीय महासचिव आलोक वर्मा ने बताया कि बिशेष अधिवेशन में विगत कार्यवाही का अनुमोदन. राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संशोधन के सम्बन्ध में बिचार विमर्श एवं चुनाव, मनोनयन. आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के संबंध में रणनीति पर विचार. संगठन की मजबूती व विस्तार आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# उमरा फातिमा ने जिले में प्रथम और निदा ने द्वितीय आकर बढ़ाया मान

- उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद परीक्षा के परिणाम घोषित

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में जिले की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तालग्राम स्थित मदरसा सत्तारिया दारुल उलूम निस्वाँ की छात्रा उमरा फातिमा ने सेकेण्डरी (मौलवी समकक्ष हाईस्कूल) परीक्षा में 80.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। उमरा फातिमा फरमान अली और नूरी बेगम की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और मदरसे में खुशी का माहौल है। वहीं मदरसा दारुल उलूम गौसिया छिबरामऊ की छात्रा निदा ने 80.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। निदा पत्रकार फिरोज खान और जहाँआरा की बेटी हैं। उनकी सफलता से परिवार, मदरसे और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मदरसा दारुल उलूम गौसिया के प्रधानाचार्य कारी



समसुल कमर ने बताया कि निदा शुरू से ही मेहनती, अनुशासित और प्रतिभाशाली छात्रा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। क्षेत्र के लोगों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ईश्वर की भक्ति में होती है शक्ति : महात्मा विपिन गुप्ता



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में गुरुसहायगंज से आए परम पूज्य महात्मा विपिन गुप्ता ने कहा ईश्वर की भक्ति में ही शक्ति होती है। उन्होंने कहा किसी भी मनुष्य को अंहकार नहीं करना चाहिए। मनुष्य जब किसी विपरीत परिस्थितियों से गुजरता हैं तो वो ईश्वर को ही याद करता है। उससे उसको शांति तो मिलती है लेकिन मुक्ति नहीं। इसलिए कहा भी गया है कि दुख में सुमिरन सब करे, सुख में करे ना कोय, जो दुख में सुमिरन करे तो दुख काहे को होय। अगर मनुष्य को मोक्ष पाना हैं तो सत्संग में जाना जरूरी हैं क्योंकि वहां पर जीवन जीने का सही मार्गदर्शन दिया जाता है। सत्संग से ही सदगुरु की हमें प्राप्ति होती हैं। जब पूर्ण सदगुरु मिल जाते हैं तो ईश्वर की हमे सही पहचान होती हैं। तब सही मायने में हम भक्ति के मार्ग पर चल कर अपना अनमोल जीवन जी सकते हैं।सत्संग में ही परमात्मा के बारे में बताया जाता हैं कि वह अजन्मा, अजर, अमर, अविनाशी है। उसे कोई काट नहीं सकता, पानी भिगो नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती और हवा उड़ा नहीं सकती। ऐसे परमात्मा की जानकारी हमें सत्संग से प्राप्त होती है। जब हमे बृम्हज्ञान की प्राप्ति होती है तब हमे पूर्ण सदगुरु मिल जाते हैं फिर हमारे मन के सारे भ्रम दूर हो जाते हैं। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचार और भजन प्रस्तुत करके संगत को निहाल किया।

# सराय दौलत गांव में तालाब बना स्वास्थ्य व फसलों का दुश्मन

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



विकास खंड तालग्राम के ग्राम सराय दौलत स्थित सामुदायिक तालाब वर्षों से उपेक्षित पड़ा है। विगत 10 वर्षों से तालाब की कोई सफाई नहीं हुई है और न ही कोई विकास कार्य किया गया है। गंदगी से भरे तालाब के उफान मारने के कारण पूरे मोहल्ले का आवागमन बंद हो गया है। वर्ष भर पानी भरा रहने और गंदगी के कारण इलाके में टायफाइड, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं, जिनमें कई ग्रामीणों की मौत भी हो चुकी है। इससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक व शारीरिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में तालाब का पानी खेतों में भर जाने से आसपास की सारी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने सीएम पोर्टल, जिलाधिकारी, ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी को बार-बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई निस्तारण नहीं हुआ। सराय दौलत निवासी सौरभ कुशवाहा, रामकृष्ण कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, अजप कुशवाहा, रामपाल कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, अजय कुमार, बृजकिशोर, रेखा देवी, कंचन, शिवांगी, संजय, दिव्या, सरस्वती, शकीम, रकीम, जावेद, आसिफ, लाल खां, सुग्रीव सिंह, नवाब खां, हरविलास सहित सभी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### पापों का प्रायश्चित करना ही मुक्ति पाने का एकमात्र उपाय

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** चंद्रकांता पैलेस मोहल्ला तिवारियान



में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य हरिशंकर शुक्ला ने कहा मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। आचार्य श्री ने कपिल चरित्र, सती चरित्र ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे ने माल्यार्पण के साथ रामनवमी दुपट्टा ओढ़ा कर आचार्य श्री का स्वागत किया। कथा में परीक्षित का दायित्व श्रीमती बीना एवं हरि ओम त्रिपाठी (ओम) ने निभाया। इस दौरान अशोक कुमार त्रिपाठी (गुड्डू), राजीव नयन त्रिपाठी एडवोकेट, आशीष त्रिपाठी एडवोकेट, अंबुज त्रिपाठी, राजनयन त्रिपाठी, सोमनयन त्रिपाठी, शुभ त्रिपाठी, रिया, अंजलि, तनु, मनु, ईशानी, शिवांशु, रुद्रांश, कृष्णा एवं रुद्राक्ष सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एसी मशीन सही करते समय करेंट से युवक की मौत, मचा कोहराम

**तिर्वा/कन्नौज।** एसी मशीन सही करते समय एक युवक की करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली के नौरंगपुर नगरिया गांव निवासी सुमित तिवारी पुत्र विमल तिवारी एसी मशीन कारीगर हैं। शनिवार को सुमित तिर्वा नगर के बैंक ऑफ इंडिया के निकट स्थित एक मकान में लगी एसी मशीन की मरम्मत करने आए थे। शनिवार की सायं जब सुमित एसी मशीन को सही कर रहे थे इसी दौरान बिजली करेंट की चपेट में आ गए। जानकारी पर गंभीर हालत में सुमित को तिर्वा मेडिकल कॉलेज उपचार हेतु ले जाया गया। यहां डाक्टरों ने सुमित की मौत की पुष्टि कर दी। मामले की जानकारी पर मृतक के परिजनों में हड़कंप मच गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचे परिजनों का सुमित के शव पर रोने बिलखने का सिलसिला जारी था। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

## धूमधाम से मनाया जाएगा गंगा दशहरा व गायत्री जयंती

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में 25 मई सोमवार को गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। गंगा दशहरा का योग अबकी बार अधिक जेठ शुक्ल पक्ष दशमी सोमवार को पड़ रहा है। शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि प्रातः 9 बजे से गायत्री जयंती के उपलक्ष्य में गायत्री यज्ञ के बाद गंगा दशहरा पर जलपान वितरण का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से होगा उन्होंने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का निर्वाण दिवस भी है। उन्होंने नगर के सभी श्रद्धालु जनों से गायत्री यज्ञ एवं गंगा दशहरा के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आधिकाधिक संख्या में आने की अपील की है।

# ट्रांसफार्मर खराब होने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

- 10 दिन से अंधेरे में है गांव

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नगला लक्ष्मण (मौजा रामपुर हृदय) में पिछले 10 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने रविवार को बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने समस्या का समाधान नहीं कराया। ग्रामीण अक्षय कुमार ने बताया कि बिजली न होने से मोबाइल चार्ज करने, पानी भरने और बच्चों की पढ़ाई जैसी जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी के मौसम में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में दूरबीन सिंह, विकास, अवनीश, सोनू, रमेश, रामकिशन, राम प्रताप, अमन, अक्षय कुमार, पिंकू, उदयवीर सिंह और विजय सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों के विरोध की सूचना पर बिजली विभाग सक्रिय हुआ। जेई विकास ने बताया कि शाम तक नया ट्रांसफार्मर गांव पहुंचाकर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी का गुरसहायगंज में हुआ भव्य स्वागत

**गुरसहायगंज कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष देवेश



कोरी के गुरसहायगंज आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री एवं कार्यकर्ताओं समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष का हाईवे पर अब स्वागत किया इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को संगठन से संबंधित वार्ता भी की इसके साथ ही देवेंद्र देव देव,शिवा गुप्ता ,दीपू शर्मा एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया और फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर चर्चा की। देवेश कोरी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती और जनता की सेवा को प्राथमिकता देने की बात कही।

# हाईवे किनारे किराना दुकान में लाखों की चोरी

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।**



सदर कोतवाली क्षेत्र की मानीमऊ चौकी अंतर्गत पंचमपुरवा गांव में चोरों ने हाईवे किनारे स्थित एक किराना दुकान में सेंध लगाकर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

पंचमपुरवा निवासी सुबोध कटियार की नेशनल हाईवे-34 किनारे किराना दुकान है। शनिवार रात चोरों ने पहले बाउंड्रीवाल में सेंध लगाई और फिर दुकान के शटर के पास दूसरी सेंध बनाकर अंदर प्रवेश कर गए। रविवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे की दीवार टूटी मिली और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

पीड़ित के अनुसार चोर दुकान से केसर, ड्राई फ्रूट, खाद्य सामग्री समेत लाखों रुपये का सामान उठा ले गए। इसके अलावा करीब 25 हजार रुपये नकद और जमीन से संबंधित जरूरी बैनामा दस्तावेज भी चोरी हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मानीमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की।

दुकानदार ने बताया कि संयोगवश रविवार को ही दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की तैयारी थी, लेकिन उससे पहले ही चोरी हो गई। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# तिर्वा रोड पर शिव पुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज/कन्नौज।** नगर के तिर्वा रोड स्थित प्रदीप गुप्ता ग्राउंड में आयोजित शिव पुराण कथा इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 21 मई से शुरू हुई यह धार्मिक कथा 31 मई तक प्रतिदिन आयोजित की जा रही है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित अमरीश शुक्ला द्वारा शिव पुराण की कथा का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित हो रही है। इसके साथ ही प्रतिदिन यज्ञ एवं हवन का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजकों राधा कृष्ण गुप्ता, राजकुमार गुप्ता एवं प्रदीप कुमार गुप्ता श्रद्धालुओं से परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने,



पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है। कथा में दीपक गुप्ता,नारायन गुप्ता,पंकज गुप्ता ,अभय ,अभिनव ,अन्नू ,कल्पना गुप्ता ,संगीता ,मिस्ठी गुप्ता ,श्रेया प्रजापति ,गोल्डी ,आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लाख बहोसी पक्षी विहार में युवाओं ने सीखे प्रकृति संरक्षण के गुर

- मेरा युवा भारत और वन विभाग के पांच दिवसीय कार्यक्रम में जैव विविधता
- आर्द्रभूमि संरक्षण व प्रवासी पक्षियों की दी गई जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।**




लाख बहोसी पक्षी विहार में रविवार को मेरा युवा भारत कन्नौज एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित पांच दिवसीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी) के तीसरे दिन युवाओं को जैव विविधता और आर्द्रभूमि संरक्षण की व्यवहारिक जानकारी दी गई।

उमर्दा विकासखंड स्थित पक्षी विहार पहुंचे प्रतिभागियों ने प्राकृतिक वातावरण के बीच विभिन्न स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों का अवलोकन किया। उन्हें बताया गया कि शीतकालीन मौसम में देश-विदेश से हजारों प्रवासी पक्षी यहां पहुंचते हैं, जिससे यह क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण बन जाता है। युवाओं ने पक्षियों के प्राकृतिक आवास, रहन-सहन और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका को समझा। कार्यक्रम में आर्द्रभूमियों के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि आर्द्रभूमियां जल संरक्षण, भूजल स्तर बनाए रखने और जलीय जीवों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं। प्रतिभागियों को पक्षी अवलोकन की तकनीकों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में व्यवहारिक जानकारी भी दी गई।

जगदीश कुशवाहा एवं राकेश कुमार ने युवाओं को पक्षी विहार क्षेत्र का भ्रमण कराते हुए विभिन्न पक्षी प्रजातियों एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

वहीं जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय त्रिपाठी ने जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विकास कुमार, अनुज शाक्य, कमलेश यादव, लोकेश कुमार, रुद्र प्रताप, नमन कुमार, सलोनी, रिया कटियार, लक्ष्मी देवी, शालिनी मिश्रा, अंजली श्रीवास्तव, कंचन एवं अंशु शुक्ला सहित अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

# युवक ने चार लोगों पर लगाया बंधक बनाकर जंगल में ले जाकर मारपीट का आरोप

**ठठिया/कन्नौज।** एक युवक ने चार लोगों पर खुद को बंधक बनाकर किसी जंगल नुमा स्थान पर ले जाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामला कानपुर नगर के अरौल/मकनपुर और थाना ठठिया क्षेत्र के वार्डर स्थित एक जंगलनुमा स्थान का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव सिमुआपुर निवासी ऋषभ पुत्र देवेंद्र सिंह का कहना है कि, 23 मई शनिवार को बाइक सवार चार लोगों ने उसको थाना क्षेत्र ठठिया के इत्र पार्क के पास से मुंह में कपड़ा ठूंसकर बंधक बनाने के बाद एक उपरोक्त स्थान पर ले गए। यहां उसके साथ सभी चार लोगों ने मारपीट की। शोरगुल पर आसपास के चरवाहों के आ जाने के कारण उपरोक्त लोग मौके से भाग निकले। जिसके बाद चरवाहों द्वारा मुझे बंधन मुक्त किया गया। घटनास्थल से किसी प्रकार ऋषभ ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर अपने साथ घटी घटना की जानकारी दी। ऋषभ का कहना था कि, मामले की शिकायत थाना ठठिया पुलिस से भी की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। युवक ने प्रतीक, अनुज,दिव्यांशु, और करन नामक चार लोगों पर उपरोक्त मामले में खुद को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि, मामला संज्ञान में आया है। मौके पर पुलिस को भी भेजा गया था। घटनास्थल थाना क्षेत्र में नहीं है। इसके बाद भी मामले की जानकारी करने पर पता चला है कि, ऋषभ नामक जो युवक चार लोगों के नाम बता रहा है और खुद को बंधक बनाकर मारपीट की बात कह रहा है। इसमें जानकारी के बाद पता चला है कि, ऋषभ और उपरोक्त चारो युवक आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं। सभी पार्टी करने एक साथ कानपुर नगर के अरौल/मकनपुर वॉर्डर पर किसी जगह(थाना क्षेत्र ठठिया नहीं) गए थे। यहां आपस में पार्टी की गई और जिसके बाद आपस में पैसों को लेकर विवाद हुआ। युवक द्वारा बंधक बनाने का आरोप शुरूआती जांच में निराधार है। फिलहाल आगे की कार्यवाही अभी जांच पड़ताल के दायरे में है।

# व्यक्ति को सुरक्षित महसूस कराना ही प्रशासन की जिम्मेदारी: डा. जितेन्द्र सिंह यादव

- राजेश पाठक के घर मिलने पहुंचा सपा की प्रतिनिधि मण्डल
- घटना का खुलासा कर घटना के पीछे साजिश कर्ताओं के चेहरे हों बे-नकाब


राजेश पाठक से वार्ता करते डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों पूर्व जिला पंचायत सदस्य समाजवादी पार्टी के नेता राजेश पाठक के घर ग्राम कुइयां अमृतपुर में डकैती की घटना घटित हुई थी, जिसमें उनके दो भतीजे भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना में पीड़ित परिवार से मिलने समाजवादी प्रतिनिधि मण्डल रविवार को उनके घर पहुंचा।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि घटना बहुत ही गंभीर और निंदनीय है, जिला प्रशासन को पारदर्शी तरीके से इस घटना का खुलासा करना चाहिए, समाज के सम्भ्रांत लोग भी अगर सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे तो फिर कानून व्यवस्था का कोई मतलब नहीं रह जाता है, समाज के हर व्यक्ति को सुरक्षित महसूस कराना ही पुलिस प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने प्रशासन से मांग की कि उपरोक्त घटना सिर्फ डकैती नहीं है, यह एक सुनियोजित घटना है। राजेश पाठक की हत्या की साजिश के तहत घटना है। क्योंकि क्षेत्र के सभी लोगों को यह सूचना है कि राजेश पाठक शनिवार और रविवार को अपने मूल निवास वाले घर में ही रहते हैं, क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात करते हैं उन्हीं दिनों में उनके घर को निशाना बनाना साजिश की जड़ें गहरी होने का संदेह पैदा करती है। हालांकि प्रशासन कार्यवाही कर रहा है आज लखीमपुर में एक हाफ एनकाउंटर भी इसी घटना में शामिल एक अभियुक्त का हुआ है, घटना में आरोपित सभी अभियुक्त सीतापुर हरदोई के रहने वाले हैं इतनी दूर से आकर कोई अपराधी बिना किसी साजिश के महज लूट के लिए नहीं आए होंगे। पार्टी की मांग है कि घटना का पूर्ण खुलासा हो, घटना के पीछे साजिश कर्ताओं के चेहरे बे-नकाब हों। महासचिव इलियास मंसूरी ने भी विचार रखे। इस मौके पर डॉ0 जेपी सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, विनीत परमार, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, शैलेश अवस्थी, रुकमंगल सिंह यादव, हर्ष सोमवंशी, युसूफपटेल, अरविंद कश्यप, शिवम दिवाकर, प्रशांत अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर डा. जितेन्द्र सिंह यादव ने श्रद्धासुमन किये अर्पित


पुण्यतिथि कार्यक्रम में मौजूद डा. जितेन्द्र सिंह यादव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की पुण्यतिथि में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दुखी परिवार को सांत्वना दी। नवाबगंज के ग्राम कुतुबुद्दीनपुर निवासी प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष तथा प्रधान संजीव यादव का बीते 1 वर्ष पूर्व 24 मई को हार्ट अटैक आने से निधन हो गया था। जिसकी उनके भाई राजीव यादव तथा अन्य परिजनों ने पुण्यतिथि का आयोजन किया। पुण्यतिथि में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस मौके पर अरविंद सिंह कश्यप, प्रधान अजय राज यादव, राजीव यादव, मनोज यादव, रवि यादव, राहुल यादव, अश्विनी यादव, विजेंद्र सिंह यादव, देवेंद्र सिंह यादव, उत्कर्ष यादव, रत्नेश यादव, राजपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतका का फाइल फोटो


गुमशुम बैठे परिजन

प्रसव के बाद अस्पताल स्टाफ ने महिला की छुट्टी कर दी। घर पहुंचने पर महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजन उपचार के लिए उसी अस्पताल लेकर पहुंचे तो हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी चाँदनी शाक्य उम्र 21 वर्षीय पत्नी अवकाश उर्फ आकाश शाक्य को शनिवार प्रसव पीड़ा होने पर परिजन दोपहर 1 बजे पुल गलिव स्थित शिवा हॉस्पिटल लेकर पहुँचे थे। जहाँ अस्पताल कर्मचारियों ने 20 हजार रुपये जमा करवा लिए। उसके बाद चांदनी ने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के कुछ समय बाद ही अस्पताल स्टाफ ने महिला को डिस्चार्ज कर दिया। घर पहुँचने के बाद चाँदनी की तबियत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन उसे दोबारा उसी अस्पताल में लेकर पहुँचे, जहाँ से गम्भीर हालत बताते हुए अन्यत्र ले जाने की सलाह दे दी। इसके बाद परिजन उसे फर्रुखाबाद आवास विकास स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से भी चिकित्सक ने रेफर कर दिया।

देर रात्रि लोहिया अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ डाक्टर ने चाँदनी को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना पाते ही परिजनों मे आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजन शव लेकर पुल गलिव पुलिया स्थित शिवा हास्पिटल आये। वहाँ स्टॉफ गायब मिला। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्बा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, कांस्टेबिल सचिन, विजय गूर्जर ने मृतका के परिजनों को समझा कर शान्त कराया और मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## पत्नी कर रही थी दूसरा पंखा लाने की जिद, युवक ने गोली मारकर कर की आत्महत्या


मृतक का फाइल फोटो


रोते बिलखते परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के बीच घरेलू विवाद में दर्दनाक मोड़ ले लिया। पत्नी से दूसरे पंखे को लाने की जिद के चलते पति ने मक्के के खेत में जाकर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ तथा कोतवाली प्रभारी ने जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किये। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी महेंद्र राजपूत उम्र 40 वर्षीय पुत्र रतीराम राजपूत की पत्नी विमला देवी ने बताया कि ऐसी भीषण गर्मी में घर पर सिर्फ एक ही पंखा था, जिसे लगाकर महेंद्र सोया करता था। पत्नी विमला अपने तीन बेटों हिंमाशु, आर्यन, सुदेश और दो बेटियों रेशमा, सरिता के लिए दूसरा पंखा लाने की जिद कर रही थी। एक पंखा इतने बड़े परिवार के लिए पर्याप्त न होने के कारण पिछले दो दिनों से घर में विवाद हो रहा था। शनिवार शाम लगभग 7 बजे महेंद्र गांव के पास ही अपने मक्के के खेत में पानी लगाने गया था। इस दौरान उसकी पुत्री सरिता भी मौके पर मौजूद थी, तभी अचानक महेंद्र ने पास रखे तमंचे से खुद को गोली मार ली। धमाके की आवाज सुनकर जब सरिता ने देखा, तो उसके पिता लहुलुहान अवस्था में खेत में तड़प रहे थे। बेटी की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े, लेकिन जब तक महेंद्र की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक राम नरेश माथुर, कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, कास्टेबल विजय गूर्जर, कास्टेबल सचिन कुमार, सहिल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया और शव को कब्जे में लेकर विधिक पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने तमंचा बरामद किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाये। मृतक की पुत्री सरिता ने बताया कि उसके पिता एक तंबाकू गोदाम में मजदूरी का काम करते थे। साथ ही उनके पास दो बीघा जमीन है, जिसमें वे खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। पुलिस मामले की

## खबरें एक नजर में

### गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सावधानी व सुरक्षा संबंधी की अपील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मई को जनपद में आस्था, श्रद्धा एवं धार्मिक उल्लास के साथ गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। पर्व पर जनपद के प्रमुख गंगा घाटों पांचाल घाट, टोका घाट, श्रृंगीरामपुर, ढाई घाट, अट्टेना घाट सहित अन्य घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के गंगा स्नान हेतु पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम व्यवस्था एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देशन में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, सिंचाई विभाग, अग्निशमन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, जल पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्रमुख घाटों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, गोताखोर, नाव, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, कंट्रोल रूम, पुलिस बल एवं स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। जनपदवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि पर्व के दौरान निम्न सुरक्षा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। गंगा घाटों पर लगाए गए बैरिकेडिंग/बाड़े के आगे जाने का प्रयास न करें। घाटों पर तैनात पुलिस, गोताखोरों एवं सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ या नशे का सेवन कर गंगा स्नान न करें। बच्चों को अकेला न छोड़ें तथा उन्हें सदैव अभिभावकों की निगरानी में रखें। गंगा नदी अथवा जलधाराओं में किसी प्रकार का खेल, शरारत या सेल्फी लेने का प्रयास न करें। जिन्हें तैरना नहीं आता, वे गहरे पानी अथवा तेज बहाव वाले क्षेत्र से दूर रहें। निर्धारित सुरक्षित सीमा से अधिक गहरे जल में प्रवेश न करें। किसी भी आपात स्थिति में घबराएं नहीं तथा तत्काल सुरक्षा कर्मियों को सूचना दें। जर्जर, क्षतिग्रस्त अथवा टूटी-फूटी नावों पर यात्रा न करें। नाव संचालन से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि नाव सुरक्षित, साफ एवं संतुलित हो। नाव में यात्रा करते समय लाइफ जैकेट अवश्य पहनें। खराब मौसम, तेज हवा अथवा आंधी की स्थिति में नाव का उपयोग न करें। नाव में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाएं तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में नाव न ले जाएं। नाव पर चढ़ते एवं उतरते समय धक्का-मुक्की अथवा जल्दबाजी न करें। स्नान के दौरान श्रद्धालु समूह में रहें तथा एक-दूसरे का सहयोग करें। वृद्धजन, महिलाएं एवं छोटे बच्चों को विशेष सावधानी के साथ घाटों पर ले जाएं। किसी भी संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस अथवा प्रशासन को दें। घाटों पर स्वच्छता बनाए रखें तथा गंगा नदी में प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा अथवा पूजा सामग्री अव्यवस्थित रूप से न डालें। प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। अफवाहों पर ध्यान न दें तथा केवल प्रशासनिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख घाटों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चिकित्सा सहायता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि गंगा दशहरा पर्व श्रद्धा, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- अंतिम संस्कार से लौट रहा था युवक


मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अंतिम संस्कार से लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव मूल निवासी नगला भूड़ हाल निवासी मोहल्ला झील निवासी कृष्ण कुमार उर्फ रिंकू बहेलिया उम्र 35 वर्षीय पुत्र जगदीश रिटायर दरोगा के साथ गाँव के बलराम उम्र 30 वर्ष के साथ बाइक द्वारा गाँव के अनार सिंह की हुई मौत की अन्तिम यात्रा में शामिल होकर ढाई घाट शमसाबाद से वापस घर के लिए लौट रहे थे। रास्ते में फोर वीलर वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डा0 ने प्राथमिक उपचार के बाद कृष्ण कुमार उर्फ रिंकू की हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में कृष्ण कुमार उर्फ रिंकू की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी रानी, मां धनदेवी सहित आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक कृष्ण कुमार उर्फ रिंकू के पाँच बच्चे सैलवी, अमन्शिका, सौम्या, अनुष्का, विराट है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक कृष्ण कुमार उर्फ रिंकू नगर के मोहल्ला झील के बाहर रोड पर बिरियानी बेंचकर परिवार का भरण पोषण करता था।

## रोशनाबाद गौशाला अनदेखी का शिकार भूख प्यास से तड़प रहीं गौ माता

- हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर किया हंगामा


भूख-प्यास से तड़पती गाय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोशनाबाद की गौशाला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। यहां भीषण गर्मी में भूख और प्यास से गाये तड़प रही है और जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। लापरवाही इस कदर है कि गायों को खाने के लिए भूसा और पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गायों की दुर्दशा देखकर हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। हिंदू रक्षा दल कानपुर प्रांत अध्यक्ष सनी गुप्ता, जिलाध्यक्ष शिवम गुप्ता, विनीत बाजपेई, आजाद तिवारी, ऋषभ गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, दीपक कुमार, यीशु दिवाकर, शिवम राजपूत, विक्की, बब्बन, हिमांशु दुबे कार्यकर्ता रोशनाबाद की गौशाला में गायों को तरबूज खिलाने रविवार दोपहर 11 बजे पहुंचे। वहां भूखी प्यासी एवं बीमार जर्जर हालत में गायों देखकर कार्यकर्ता भड़क गए। गायों को भीषण गर्मी में खुले में देखकर कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। कानपुर प्रांत के अध्यक्ष सनी गुप्ता ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि गौशाला की स्थिति खराब है।

## मौनी बाबा आश्रम में 11 कुंडीय महायज्ञ का हुआ आयोजन

- श्रीराम कथा के चौथे दिन भक्ति की बही गंगा


कथा का श्रवण कराते कथाव्यास

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** गांव बरखेड़ा से गड़ियाजगन्नाथ मार्ग स्थित मौनी बाबा के आश्रम पर आयोजित 11 दिवसीय 11 कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आसपास के गांवों समेत दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा कथा श्रवण के लिए पहुंचे। पूरा आश्रम परिसर भक्ति गीतों, वैदिक मंत्रोच्चारण और जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन पूजा-अर्चना एवं यज्ञ के साथ हुई। 11 कुंडीय महायज्ञ में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से आहुतियां दी गईं। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में भाग लेकर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति और विश्व कल्याण की कामना की। यज्ञ स्थल पर धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इसके बाद आयोजित श्रीराम कथा में कथा व्यास पंडित दाताराम अग्निहोत्री ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान राम के बाल चरित्र, गुरु वशिष्ठ के सान्निध्य में शिक्षा, माता-पिता के प्रति आज्ञाकारिता और मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन त्याग, सत्य, सेवा और धर्म का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को भगवान राम के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है, तभी समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों की स्थापना हो सकती है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर भगवान का गुणगान किया और कई श्रद्धालु भावुक होकर कथा सुनते नजर आए।

## दबंगों ने दंपत्ति सहित तीन को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने दंपत्ति सहित तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव खजुरिया कुआँखेड़ा निवासी लालू पुत्र सद्दीक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पत्नी 5 माह की गर्ववती है के साथ खेत पर गये और वहाँ से लकड़ी लेकर आ रहे थे। इसी दौरान चाचा इकरार पुत्र महताव, इवरार, अकरम पुत्रगण महताव ने हमे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गालियों का विरोध करने पर उक्त लोगों ने अपने चार साथियों के साथ मेरी लात-घूसों से पिटाई कर दी।

## ट्रेन से कटकर किसान की मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत पर मक्के की फसल की रखवाली कर रहे किसान की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हुसैनगंज निवासी 39 वर्षीय मनोज का क्षत-विक्षत शव रविवार सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला। मनोज शनिवार शाम खेत की रखवाली करने की बात कहकर घर से निकला था। रविवार सुबह एक रेलवे ट्रैकमैन ने शव देखा और तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद भोजपुर चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार पुलिस बल के साथ और आरपीएफ से सुनील कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मृतक का एक हाथ गायब मिला, जिसको लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं हैं। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के पिता जोगराज ने बताया कि मनोज की पत्नी का लगभग आठ वर्ष पहले और मां का करीब सात वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। मनोज के दो छोटे बच्चे हैं। परिजनों के अनुसार, मनोज शराब पीने का आदी था और शनिवार शाम भी नशे की हालत में घर से निकला था।

## देशी शराब के 45 पौव्वे सहित युवक गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 45 देशी शराब के पव्वे और बिक्री की नकदी बरामद की है। आरोपी गांव में खोखे की दुकान पर शराब बेच रहा था। प्रभारी निरीक्षक अपराध इंद्रजीत सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ग्राम कोला सोता में एक व्यक्ति खोखे की दुकान पर अवैध रूप से देशी शराब के पव्वे बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अनूप कुमार पुत्र रतीपाल सिंह निवासी ग्राम कोला सोता थाना अमृतपुर बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी विकलांग है, इसलिए भाग नहीं सका। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद हरी प्लास्टिक की बोरी से बब्बर शेर ब्रांड के 45 देशी शराब के पव्वे बरामद हुए। इसके अलावा लोअर की जेब से शराब बिक्री के 310 रुपये भी मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लाइसेंसी दुकानों से शराब खरीदकर अधिक दामों में बेचता था। पुलिस ने आरोपी से शराब बिक्री का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद उसे आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बरामद शराब में से चार पव्वे नमूने के तौर पर अलग सील किए, जबकि शेष शराब को कब्जे में लेकर सील कर दिया गया।

## चार दिन से अनशन पर बैठे श्याम बिहारी अवस्थी के आगे झुका प्रशासन

- डीएम ने फोन पर दिया कार्रवाई का भरोसा, फिर भी अन्न त्याग जारी


श्याम बिहारी अवस्थी को पानी पिलाते सीडीओ

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बालीपट्टी रानी निवासी श्याम बिहारी अवस्थी पिछले चार दिनों से अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार अनशन पर बैठे हुए थे। गांव और क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर शुरू हुआ यह अनशन धीरे-धीरे प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा था। भीषण गर्मी और लगातार गिरते स्वास्थ्य के बावजूद श्याम बिहारी अवस्थी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे और उन्होंने साफ कहा कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अनशन के दौरान कई बार तहसील प्रशासन और अन्य अधिकारियों द्वारा उनसे वार्ता करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी भी स्तर पर सहमति नहीं बन सकी। श्याम बिहारी अवस्थी का कहना था कि केवल आश्वासन नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर कार्रवाई चाहिए।

**धरना स्थल पर पहुंचे सीडीओ, कार्यवाही का दिया आश्वासन**

रविवार को मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी के साथ अनशन स्थल पर पहुंचा। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, तहसीलदार शशांक सिंह, बीडीओ सुनील कुमार जायसवाल, एडीओ पंचायत अजीत पाठक सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने धरना स्थल पर बैठकर श्याम बिहारी अवस्थी की समस्याओं को गंभीरता से सुना। सीडीओ ने श्याम बिहारी अवस्थी से अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों का निष्पक्ष तरीके से समाधान कराया जाएगा और जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उनमें जल्द ही कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

**श्याम बिहारी बाजपेयी ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग**

वार्ता के दौरान श्याम बिहारी अवस्थी ने प्रशासन के सामने कई गंभीर आरोप और शिकायतें रखीं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीनों में उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में तहसील अमृतपुर में कई प्रार्थना पत्र दिए थे, लेकिन आज तक उन प्रार्थना पत्रों की संदर्भ संख्या तक दर्ज नहीं की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब संदर्भ संख्या ही दर्ज नहीं हुई तो आखिर उन शिकायतों का निस्तारण कैसे किया गया होगा। श्याम बिहारी अवस्थी ने इसे प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताते हुए कहा कि यदि एक जागरूक व्यक्ति के प्रार्थना पत्रों को ही गंभीरता से नहीं लिया गया और उन्हें गायब कर दिया गया, तो आम ग्रामीणों की शिकायतों का क्या हाल होता होगा। उन्होंने इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा उन्होंने विकासखंड राजेपुर पर भी गंभीर आरोप लगाए।

## पुलिस ने अपनी मौजूदगी में कराया अंतिम संस्कार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊ टोला निवासी सुमन माथुर का विवाह जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र के गाँव बहादुर नगर निवासी मनोज के साथ हुआ था। ग्रह कलह को लेकर पति पत्नी में आये दिन विवाद होता था। जिसको लेकर सुमन अपनी 12 वर्षीय बेटी राधिका के साथ जयपुर से रहती थी। खेलते समय राधिका के गले में दुपट्टा का फंदा लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर जयपुर के वगरू थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम कराया था। रविवार को राधिका का शव गऊ टोला थाना कायमगंज पहुंचा तो श्मशान घाट पर हंगामा होने लगा। सूचना डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने अन्तिम संस्कार रुकवा दिया।

# अधूरा पड़ा आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र, बना शराबियों का अड्डा

- किराए के भवन में चल रही स्वास्थ्य सेवाएं
- ग्रामीणों ने विधायक से लगाई गुहार, निरीक्षण के बाद भी नहीं निकला समाधान



अधूरा पड़ा आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र नवाबगंज की ग्राम पंचायत कक्योली में लाखों रुपये की लागत से बनाया गया आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र का भवन करीब दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। सरकारी योजनाओं के तहत ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए इस केंद्र का निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका। हालत यह है कि उपयोग न होने के कारण यह भवन अब शराबियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद भवन का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा। शाम ढलते ही अधूरी बिल्डिंग में शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे आसपास के लोगों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों ने इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से भी की, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर जिस आयुष्मान स्वास्थ्य केंद्र को सरकारी भवन में संचालित होना चाहिए था, वह वर्तमान में एक निजी भवन में किराए पर चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार ने स्वास्थ्य केंद्र के लिए अलग से भवन तैयार कराया है तो फिर किराए के भवन में केंद्र चलाने का औचित्य समझ से परे है।

इससे सरकारी धन का दुरुपयोग होने के साथ-साथ ग्रामीणों में भी नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य से भी शिकायत की थी। शिकायत के बाद विधायक मौके पर पहुंचे और अधूरे पड़े स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण भी किया। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा और स्वास्थ्य केंद्र को सरकारी भवन में स्थानांतरित किया जाएगा, लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा कर भवन को उपयोग में नहीं लाया गया तो यह पूरी तरह जर्जर हो जाएगा।

लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि मामले की जांच कर जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए तथा स्वास्थ्य केंद्र को सरकारी भवन में संचालित कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और सरकारी धन का सही उपयोग हो सके।

# अंतरराष्ट्रीय ब्रदर्स डे पर भाईचारे व खुशहाल जीवन का दिया संदेश



कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व अन्य भक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास सेवा केंद्रए जटवारा जदीद अंगूरी बाग में आयोजित तीन दिवसीय राजयोग प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को अंतरराष्ट्रीय ब्रदर्स डे के रूप में हुआ। कार्यक्रम में भाईचारे, प्रेम एवं खुशहाल जीवन का संदेश दिया गया। बड़ी संख्या में भाई-बहनों एवं नगरवासियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का लाभ लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवन में तनाव एवं स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, जिससे रिश्तों में दूरियां आ रही हैं। राजयोग मेडिटेशन द्वारा आत्मिक प्रेम, सम्मान एवं भाईचारे की भावना विकसित होती है, जिससे परिवार एवं समाज में सुख-शांति बनी रहती है। बीके शोभा बहन ने कहा कि जब हम सभी आत्माओं को एक परमपिता परमात्मा की संतान समझते हैं, तब स्वाभाविक रूप से भाईचारे एवं अपनत्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि सच्ची खुशी बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि प्रेम, सहयोग एवं सकारात्मक संबंधों में छिपी होती है। उन्होंने सभी से जीवन में मधुर व्यवहार, सहयोग की भावना एवं आध्यात्मिकता को अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन, प्रेरणादायक विचार एवं सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से सभी को सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराया गया।

# जिला ताइक्वांडो एसो. द्वारा बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का हुआ आयोजन



प्रमाण पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट एंथोनी जूनियर स्कूल नेकपुर में ताइक्वांडो एसोसिएशन का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट सचिव अजय प्रताप सिंह के द्वारा आयोजित किया गया। जनपद की विभिन्न तहसीलों से लगभग 180 ताइक्वांडो के बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि जिला होमगार्ड कमांडेंट डीएन सिंह के द्वारा ब्लैक बेल्ट के 30 खिलाड़ियों को ब्लैक बेल्ट तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही प्रदेश स्तर पर 51 मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के तथा राष्ट्रीय स्तर पर 5 खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को निरंतर प्रयास करने व ईमानदारी से अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा सतत प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है। उनके साथ शीश मल्होत्रा रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन, आपदा प्रबंधन अधिकारी आयुषेंद्र सिंह व डॉ0 नावेद तथा अमित सक्सेना भी विशिष्ट अतिथि की भूमिका में रहे। ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप ने विभिन्न खेल संघ के सचिव व अध्यक्ष को शाल उड़ाकर सम्मानित किया। संचालन अवनींद्र कुमार सचिव जिला ओलंपिक संघ के द्वारा किया गया। फुटबॉल संघ के अध्यक्ष चमन टंडन, एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला, कराटे एसोसिएशन के सचिव पारस भारद्वाज, बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संजीव कटियार, कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे की उपस्थिति सराहनी रही। इस अवसर पर सागर दिवाकर, अर्जुन सिंह, सिमरन कनौजिया, मुस्तफिजुर रहमान, मुस्कान राजपूत, उपासना, दीपांजलि, राशिका यादव, सिद्धि कुशवाहा, आनंद शाक्य, आदित्य राठौर, सनी दिवाकर निर्णायक की भूमिका निभाई।

# पुरुषोत्तम मास पर बालाजी मंदिर में चतुर्थ भंडारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरुषोत्तम मास पर रेलवे रोड स्थित बालाजी मंदिर, निकट सरस्वती भवन में चतुर्थ भंडारे का आयोजन भक्तों द्वारा बड़े श्रद्धाभाव से किया गया।

मंदिर के पुजारी अनिल त्रिवेदी ने भगवान बजरंगबली को विशेष चोला श्रृंगार कराकर भव्य दरबार सजाया। इसके बाद भगवान की महाआरती कर भोग लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ की गई। जिसमें छोटी कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा दी गई। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में बजरंगबली की सेवा से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।



भण्डारे में मौजूद भक्तगण

भंडारे के व्यवस्थापक महेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया पुरुषोत्तम मास सर्वोत्तम माना गया है इसमें अधिक मास भी कहते हैं। इस माह में भगवान विष्णु की उपासना दान पुण्य सेवा का महत्व बताया गया है। ज्योतिष गणना से अनुसार पृथ्वी चंद्रमा और सूर्य के भ्रमण में 365 दिन 1 वर्ष का संतुलन करने के लिए प्रत्येक 3 वर्ष में एक माह बढ़ जाता है। जिसको परसोत्तम मास कहा जाता है। इसका संतुलन किया जाता है और विश्व पंचांग में सम किया जाता है। सृष्टि की रचना में भगवान विष्णु के 24 अवतारों की कथाएं मिलती है, जिसमें पृथ्वी की रक्षा मानव जीवन की रक्षा का भार दायित्व भगवान विष्णु देखते हैं। इसलिए लोग जीवन में भगवान विष्णु की उपासना करते हैं और भगवान जीवन को बचाने का संकल्प लेते हुए दान पुण्य सेवा का कार्य को महत्व दिया जाता है।

इसी के अंतर्गत पृथ्वी पर रहने वाले मानव विष्णु की पूजा करते सदियों से निभाते चले आ रहे हैं, इसीलिए पुरुषोत्तम मास की परंपरा को निर्वाह किया जाता है। महेंद्र सिंह भदोरिया, रवि दीक्षित, नितेश वर्मा, कल्लू दीक्षित, रितेश पांडे, आलोक मिश्रा, पारस पांडे, गोपाल सिंह राठौर, गौरव श्रीवास्तव, अंश मिश्रा, शोभित अग्रवाल, राम प्रकाश चौरसिया, विजय पटवा, अंशुल शुक्ला, हर्षित शर्मा आदि भक्तों ने मिलकर इस भंडारे की व्यवस्था संभाली। श्रद्धालुओं ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस भीषण गर्मी में भी पुलिस शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में छात्राओं व महिलाओं को जागरुक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# गंगा दशहरा पर्व को लेकर रामताल आश्रम में तैयारियां तेज

- दूर-दूर से पहुंचने लगे दुकानदार



लगने लगी दुकानें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव कक्योली स्थित प्रसिद्ध रामताल आश्रम पर प्रति वर्ष लगने वाले विशाल मेले की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। आगामी 25 मई को गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आश्रम परिसर और आसपास के क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ गई है। मेले में भाग लेने के लिए दूर-दूर से दुकानदार अपनी दुकानें लेकर रामताल आश्रम परिसर पहुंचने लगे हैं। मेले में खिलौने, मिठाई, श्रृंगार सामग्री, घरेलू सामान एवं खानपान की दुकानों की सजावट शुरू हो चुकी है। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में भी मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रामताल आश्रम क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। गंगा दशहरा के अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचकर रामताल में स्नान करते हैं और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से रामताल में स्नान करता है, उसके रोग, दोष और कष्ट दूर हो जाते हैं तथा जीवन में सुख-शांति का आगमन होता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

## बकरीद की नमाज़ 7:45 बजे ईदगाह फतेहगढ़ में होगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ईदगाह कमेटी फतेहगढ़ की बैठक में तय हुआ कि बकरीद की नमाज़ 7:45 बजे ईदगाह फतेहगढ़ में होंगी। खेत वाली मस्जिद फतेहगढ़ में नायब सदर सैयद रिजवान अली की सदारत में आयोजित बैठक में तय हुआ कि इस साल बकरीद की नमाज़ ईदगाह फतेहगढ़ में सुबह 7:45 बजे होंगी। कमेटी के सचिव मसरूर हुसैन ने बताया कि शहर की मस्जिदों से गुजारिश की गई है कि मस्जिदों में नमाज ईदगाह के बाद ही पढ़ाई जाए। बैठक में यह भी तय हुआ कि बकरीद की नमाज़ मौलाना राशिद साहब पढ़ाएंगे। नायब सदर सैय्यद रिजवान अली ने बताया कि ईद पर नमाजियों की बढ़ती तादात और उस सिलसिले में आ रही दिक्कतों को देखते हुए जल्द ही ईदगाह चबूतरे का दोहरीकरण का काम शुरू होगा।

## खबरें एक नजर में

### ओलंपिक संघ की बैठक में प्रस्तावित कार्यक्रमों की बनाई गई रणनीति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट एंथोनी जूनियर स्कूल नेकपुर में जिला ओलंपिक संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न खेल संघ के सचिव/अध्यक्ष ने प्रतिभा किया। बैठक का उद्देश्य जिलाधिकारी के साथ होने वाली प्रस्तावित बैठक की रणनीति तैयार करना था। जिला ओलंपिक संघ के सचिव अवनींद्र कुमार ने बताया कि शीघ्र ही जिलाधिकारी के साथ एक बैठक आयोजित की जानी है, जिसमें खेल व खिलाड़ियों की परेशानियां तथा आवश्यकताओं के बारे में चर्चा होनी है, साथ ही कहा कि सभी खेल संघ अपनी अपनी खेलों की आवश्यकता है। खिलाड़ियों की परेशानियों को एक नोट बनाकर तैयार रखें, जिससे आगामी बैठक में अपनी बात जिलाधिकारी के समझ रखी जा सके। उन्होंने कहा कि जो सामूहिक बात होगी, जैसे स्टेडियम में अनाधिकृत व्यक्तियों का विचरण, महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा, जिम इत्यादि में प्रशिक्षकों की कमी, खेल उपकरणों की कमी आदि को जिला ओलंपिक संघ जिला अधिकारी के सामने रखेगा। बैठक में फुटबॉल संघ के अध्यक्ष चमन टंडन, एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला, बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव संजीव कटियार, कराटे एसोसिएशन के सचिव पारस भारद्वाज, ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अजय प्रताप, हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव अंजुम कुमार दुबे, हॉकी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन, कबड्डी एसोसिएशन से सचिव कुलदीप यादव, कुश्ती संघ से वरुण यादव, शूटिंग संघ से विक्रम परमार ने अपने-अपने सुझाव व प्रस्ताव रखें।

### ग्वालटोली शक्ति केंद्र पर आगामी योजना की दी गई जानकारियां



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के फतेहगढ़ मण्डल में बूथ प्रभारी नियुक्त किये गये है। जिन्होंने ग्वालटोली शक्ति केंद्र पर मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने बैठक ली। बैठक में शक्ति केंद्र बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। जिसमें मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने शक्ति केंद्र बूथ अध्यक्ष को आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर पत्रक वितरित किये और पीएम के मन की बात के एपिसोड को सुना गया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष रमला राठौर, राहुल राठौर, घनश्याम बाथम, बाल गोविंद बाथम, दीपक, कुलदीप, सूरज, विकास आदि लोग मौजूद रहे।

# लाखों की लागत से स्थापित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बना सफेद हाथी

- झाड़ियों में तब्दील परिसर पर लटका ताला




बंद पड़ा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कक्योली में ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से बनाया गया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। निर्माण के बाद से ही यह केंद्र सही तरीके से संचालित नहीं हो सका और अब यह पूरी तरह उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

स्थिति यह है कि केंद्र परिसर में चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं और मुख्य गेट पर ताला लटका हुआ है। जिस केंद्र को गांव की साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया था, वह अब केवल शोपीस बनकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र के बंद पड़े रहने से गांव में कूड़ा प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सरकार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र स्थापित किए गए थे, ताकि गांवों में निकलने वाले कूड़े का सही तरीके से निस्तारण हो सके, लेकिन कक्योली में बना केंद्र शुरू होने से पहले ही बदहाली की भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण लाखों रुपये की लागत से बना यह केंद्र बेकार साबित हो रहा है। केंद्र के आसपास गंदगी और झाड़ियां फैलने से वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी होने लगा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर केंद्र को जल्द संचालित कराया जाए और नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग हो सके और गांव को स्वच्छता अभियान का वास्तविक लाभ मिल सके।

# पीएचसी में लगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला, 106 मरीजों का हुआ उपचार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के दूर दराज गांवों से पहुंचे मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

स्वास्थ्य मेले में कुल 106 मरीजों का उपचार किया गया। साथ ही मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू समेत अन्य गंभीर बीमारियों से संबंधित जांचें भी की गई। अमृतपुर, बलीपट्टी, नगला हसा, आदमपुर सहित लगभग 20 से 30 किलोमीटर दूर के ग्रामीणों ने मेले में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में तैनात चिकित्सक डॉ0 गौरव वर्मा ने मरीजों की जांच कर उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां वितरित कीं तथा लोगों को मौसम जनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान लैब टेक्नीशियन पवन कुमार, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया।



उपचार कराते मरीज

# ब्रह्माकुमारी आश्रम जेएनवी रोड पर मनाया गया नव दशकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जय नारायण वर्मा रोड स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में गोष्ठी का आयोजन हुआ। नव दशकोत्सव को मनाया गया। संस्था ने 90 वर्ष पूरे किए हैं विश्व में सेवा करते-करते और इसका गोष्ठी का विषय रहा। आध्यात्मिक सशक्तिकरण के द्वारा विश्व परिवर्तन और उसके साथ में हमारे पास में 10 सेवा केंद्र की बहने पहुंची हुई थी। जिसमें मुख्य रही बहन राधिका फतेहगढ़, मीरा बहन मोहम्मदाबाद, शिवानी बहन छिबरामऊ और रुचि बहन गजनेर कानपुर साथ में पुष्पा बहन तिर्वा और वंदना बहन हरदोई तथा दीपिका बहन फर्रुखाबाद, कुसुम बहन जलालाबाद, उषा बहन कमालगंज में शैलजा बहन गजनेर से आई थी। प्रभारी बीके सुमन बहन थी। इस मौके पर गोविंद, मुरली, दुर्ग विजय उपस्थित रहे। श्याम और नीता ने सभी समर्पित भाई बहनों को ईश्वरीय सौगात देखकर और सभी का बहुत सम्मान किया।




संबोधित करती बीके सुमन बहन

# पांचाल घाट पर मां गंगा सेवा समिति द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन पांचाल घाट पर हुआ। आगामी गंगा दशहरा को देखते हुए स्वच्छता की अलग के साथ श्रमदान किया गया। उन्होंने कहा कि भागीरथी की हजारों साल की तपस्या के बाद गंगा दशहरा के दिन मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थी। अब हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है की गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखें। गंगाजल में गंगा तट पर किसी प्रकार की भी अपशिष्ट सामग्री ना प्रवाहित करें, जो भी पूजा सामग्री हो उसे गंगाजल से गंगा तट से दूर ले जाकर उसका भूमि विसर्जन करें। मां गंगा पूरे भारतवर्ष के लिए बहुत ही अनमोल है।

इस अवसर पर रिचा तिवारी, अपर्णा राजपूत, वेदनशी त्रिवेदी, पुरवा त्रिवेदी, जयप्रकाश त्रिवेदी, आलोक चतुर्वेदी, राजीव वर्मा, गोपाल दुबे, मनु अग्निहोत्री, सर्वेश मिश्रा, राजीव बाल्मिक, नीतू मिश्रा, किशन बाथम, जागेश्वर दयाल बाथम, आशीष मिश्रा, जय ओम आदि गंगा सेवक उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र गोविन्द के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।
पन्नालाल पुत्र बाबूराम निवासी लोहाई बाजार कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।

## खबरें एक नजर में

### भाकियू अराजनैतिक की बैठक में बिजली संकट, लो वोल्टेज और किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**गोला गोकरननाथ खीरी।** पंजाबी कॉलोनी स्थित भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कार्यालय पर जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन के नेतृत्व में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिजली संकट, लो वोल्टेज और यूरिया की किल्लत को लेकर किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों ने कहा कि पर्याप्त बिजली न मिलने से सिंचाई प्रभावित हो रही है और फसलें सूख रही हैं, वहीं यूरिया के लिए लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। बैठक में बजाज ग्रुप के बकाया गन्ना भुगतान, अंश निर्धारण समेत अन्य किसान समस्याओं पर भी चर्चा कर शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। इस दौरान सर्वजीत सिंह सैनी, रेशम सिंह, संजय सिंह, प्रसन्नदीप सिंह, अनुराग मिश्रा, राहुल वर्मा, राजेश शुक्ला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रीष्मकालीन तबला वादन कार्यशाला का द्वितीय दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न



**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित ग्रीष्मकालीन तबला वादन कार्यशाला का द्वितीय दिवस संगीत और ताल की मधुर गूंज के बीच उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में जिले भर से 45 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर तबला वादन की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, रॉयल प्रूडेंस डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यशाला में हर आयु वर्ग के संगीत प्रेमियों का उत्साह देखने को मिला। प्रशिक्षिका एवं असिस्टेंट प्रोफेसर तबला शिवांगी सक्सेना ने विद्यार्थियों को तबले के मुख्य वर्ण, वादन की मूल शैली, हाथों की सही स्थिति एवं रख-रखाव के साथ-साथ तीनताल बजाने की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग और उत्साह के साथ तबला वादन का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रयागराज से पधारे प्रसिद्ध तबला कलाकार डॉ. विशाल कुमार साहू ने भी प्रतिभागियों को तबले की सूक्ष्म बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत दाब एवं गास की विशेष विधियों का प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थियों को व्यवहारिक रूप से तबले पर उनका अभ्यास कराया। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की परंपरागत तकनीकों को नजदीक से सीखने का अवसर मिला। कार्यशाला का वातावरण पूरे समय संगीत साधना और सीखने की ऊर्जा से सराबोर रहा। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी विद्यार्थियों को तबला वादन की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### बकरीद को लेकर सीओ ने मस्जिद का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**हलिया, मिर्ज़ापुर।** बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सीओ लालगंज अमर बहादुर ने रविवार को हलिया स्थित मस्जिद का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्र का मुआयना किया। उन्होंने साफ-सफाई, बिजली, पानी और पार्किंग व्यवस्था के साथ ही नमाज के समय यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण और गश्त बढ़ाने के लिए कहा गया। सीओ ने स्थानीय लोगों और कमेटी के पदाधिकारियों से भी बातचीत की और त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि बकरीद पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो। इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई श्याम लाल, मुबारक़ खान आदि मौजूद रहे।

### पेड़ से बाइक टकराने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया, मिर्ज़ापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गाँव में शनिवार की रात्रि में पेड़ से टकराने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये मौके पर पहुँचे पीआरवी कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया है। थाना क्षेत्र के झगरहा गांव निवासी 25 वर्षीय भईया लाल अपने साथ 18 वर्षीय पोलहर के साथ बाइक से पिपरा की तरफसे घर की तरफजा रहे थे की जैसे ही पिपरा गांव में पहुँचे की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना पीआरवी 112 पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे पीआरवी 112 के चालक सोमारु मौर्य व हेड कांस्टेबल तौकीर खान ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर के लिए रेफ्र कर दिया है मौके पर पहुँचे दोनों घायलों के परिजनों द्वारा दोनों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लेकर चले गए है जंहा पर दोनों घायलों का उपचार चल रहा है।

### कुकर फटने से युवक गंभीर रूप से झूलसा, जिला अस्पताल रेफर

**हलिया, मिर्ज़ापुर।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गाँव में शनिवार की रात्रि में घर में खाना बनाते समय कुकर फटने से युवक गंभीर रूप से झूलस गया है मौके पर पहुँचे परिजनों ने युवक को एम्बुलेंस 108 से उपचार के लिए आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया है ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनवाल गाँव निवासी 35 वर्षीय शंभू कोल घर में खाना बना रहे थे की अचानक कुकर फटने से युवक गंभीर रूप से पुरे शरीर में झूलस गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विमल कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया है युवक की पत्नी ममता ने बताया की खाना बना रही थी की बच्चों के रोने पर पति खाना बनाने लगे की कुकर फट जाने से युवक गंभीर रूप से झूलस गये है।

### 12 श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि 03 दिसम्बर हेतु विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियो को पुरस्कार दिये जाते है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार हेतु 12 विभिन्न श्रेणियो की व्यवस्था की गयी है। उन्होने बताया है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु जिन 12 श्रेणियों का निर्धारण किया गया है उनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवा योजको को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये, प्रेरणास्रोत हेतु, दिव्यागजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातारण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियो एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेसप्रेस के लिये, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियो के लिए, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिये है। इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण 'अभिलेखो/प्रपत्रो के साथ 03 प्रतियो में अविलम्ब कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन प्रतापगढ़ में जमा कर सकते है।

### अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 25 मई से निःशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरणः डीएसओ

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह जून के सापेक्ष अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 25 मई से 10 जून तक निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। यह वितरण उचित दर दुकानों पर ई-पॉस वेइंग मशीन के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं तथा 3 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशन वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्डधारक अपने सुविधा अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से उपलब्ध स्टॉक के आधार पर खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। यदि आधार प्रमाणीकरण में किसी प्रकार की समस्या आती है तो कार्डधारक मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 10 जून तक खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वितरण व्यवस्था से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक से संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 एवं 1967 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से धैर्य बनाए रखने और वितरण कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

**ईसानगर क्षेत्र में चोरों का आतंक**

# एक ही गांव में तीन बड़ी वारदातों से दहशत

**▸ नए थाना प्रभारी के सामने कानून व्यवस्था बनी चुनौती, ग्रामीणों में आक्रोश**

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ईसानगर थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हालात यह हैं कि एक ही गांव में एक ही रात तीन बड़ी चोरियों की वारदातों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के बजाय पुलिस अभी बधाई और स्वागत में व्यस्त नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार ईसानगर थाना क्षेत्र के गांव बेंती सहदेव निवासी मैकू लाल पुत्र श्रीराम ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 22/23 मई की रात करीब एक बजे चोर खिड़की के रास्ते घर में घुस आए। चोर बक्से में रखे पांच हजार रुपये नकद और एक टॉर्च चोरी कर ले गए। इसी दौरान पत्नी की आंख खुल जाने पर चोर जल्दबाजी में भाग निकले और अन्य सामान नहीं ले जा सके। पीड़ित के अनुसार चोर बक्सा खुला छोड़कर फरार हो गए। इसी गांव के निवासी अवधराम पुत्र स्वर्गीय बेचेलाल ने भी चोरी की बड़ी वारदात की शिकायत पुलिस से की है। उन्होंने बताया कि 22/23 मई की रात करीब दो बजे चोर पड़ोसी की दीवार के सहारे घर में घुस आए और बक्सा उठा ले गए दो बेटियों के जेवर समेत बड़ी मात्रा में नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में चांदी की मेसर, नथ, नाक का बूंदा, सोने के झाला, चांदी की 15 अंगूठियां, पायल समेत अन्य आभूषण और 20 हजार रुपये नकद शामिल हैं। सुबह करीब पांच बजे जागने पर कमरे का सामान बिखरा मिला और चोरी की जानकारी हुई, बक्सा रस्ते पर पड़ा मिला बैग खाली मिले। वहीं गांव के ही जयप्रकाश पुत्र सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि चोर घर की कुंडी तोड़कर भीतर घुस गए और दस हजार रुपये नकद तथा दो साड़ियां चोरी कर ले गए। परिवार के लोगों के जाग जाने पर चोर अन्य सामान नहीं ले जा सके और मौके से फरार हो गए। एक ही गांव में लगातार तीन चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासा और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह से जानकारी करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित पक्षों को बुलाया गया है। मामले में अभियोग पंजीकृत किया जाएगा तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### महीनों से टूटा पड़ा पत्थर बना खतरा, हर दिन हादसे के डर में गुजर रहे लोग

**गोला गोकर्ननाथ खीरी।** विकास और सुविधाओं के दावों के बीच गोला की एक गली में टूटा पड़ा पत्थर स्थानीय लोगों के लिए लगातार खतरे का सबब बना हुआ है। कृष्ण वाटिका के सामने डॉ. बालाजी जी वाली गली में अध्यापक लखपत जी के मकान के पास सड़क का हिस्सा लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है। हालत यह है कि यहां बना गहरा गड्ढा अब किसी बड़े हादसे को खुला न्योता देता नजर आ रहा है। रोजाना इसी रास्ते से गुजरने वाले बच्चे, बुजुर्ग, साइकिल सवार और छोटे वाहन चालक डर के साये में आने-



जाने को मजबूर हैं, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी जिम्मेदारों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह रास्ता मोहल्ले का प्रमुख मार्ग है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। सबसे ज्यादा चिंता उन छोटे बच्चों को लेकर है जो रोज इसी रास्ते से साइकिल चलाते हुए स्कूल, कोचिंग और खेलने जाते हैं। टूटी हुई जगह के नीचे गहरा गड्ढा बन चुका है, जिससे जरा सी चूक किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कई बार राहगीर और वाहन चालक असंतुलित होकर गिरने से बाल-बाल बच चुके हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार उदासीन बने हुए है।

## विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, सात माह पहले किया था प्रेम विवाह

**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

**▸ मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका, पीएम रिपोर्ट का इंतजार**



निघासन कोतवाली क्षेत्र के शिवलालपुरवा गांव में शनिवार को एक विवाहिता का शव घर में बनी घारी के छप्पर से फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतका की पहचान 19 वर्षीय चुन्नी देवी के रूप में हुई है। वह मझगई थाना क्षेत्र के ओरीपुरवा गांव की निवासी थी। बताया गया कि करीब सात माह पूर्व उसने शिवलालपुरवा निवासी पंकज पाल से प्रेम विवाह किया था और तभी से ससुराल में रह रही थी। शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में चुन्नी देवी का शव घारी के छप्पर में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतका के चाचा अवधेश कुमार ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने की आशंका जताई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह सेंगर ने बताया कि शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो

## मालपुर में लगी आग, 8 छप्पर जलकर राख, हजारों का सामान स्वाहा

**▸ लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर भेजी नुकसान की रिपोर्ट**



**बिजुआ खीरी।** विकास खण्ड बिजुआ की ग्राम पंचायत मालपुर मे अज्ञात कारणों से लगी आग ने भारी तबाही मचाई। रामविलास पुत्र कंधई के घर में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते 8 छप्परों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में रखा समस्त घरेलू सामान, कपड़े, अनाज, बर्तन और जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि या पशु हानि नहीं हुई। आग लगने से रामविलास का परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल पंकज कुमार मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का मौका मुआयना किया। लेखपाल ने क्षति का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है, ताकि पीड़ित परिवार को राजस्व विभाग से यथाशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## एनसीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बरौंधा में जलापूर्ति करने का किया स्थलीय निरीक्षण

**हलिया, मिर्ज़ापुर।** जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत बरौंधा बाजार एवं आसपास की बस्तियों में पेयजल आपूर्ति न होने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कार्यदायी संस्था एनसीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील ने रविवार को अवर अभियंता लवकुश मिश्रा तथा तकनीकी सहायकों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने बरौंधा बाजार, कोल बस्ती, हरिजन बस्ती समेत विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर पानी आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ने एक सप्ताह के भीतर पूरे मजरे में नियमित पानी आपूर्ति शुरू कराने का आश्वासन दिया। जांच में यह भी तथ्य सामने आया कि जिला पंचायत और ग्राम पंचायत द्वारा नाली निर्माण के दौरान सड़क किनारे की गई खुदाई से सैकड़ों उपभोक्ताओं के घर का कनेक्शन कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।जिससे क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है।बरौंधा कठार निवासी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि कठार मजरे में आज तक पानी की एक बूंद भी सप्लाई नहीं हो सकी है। इस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने अवर अभियंता को निर्देश देते हुए तीन दिन के भीतर गांव तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। स्थानीय निवासी भरतलाल चौरसिया, सौरभ प्रजापति, शहजाद अली, सतेन्द्र मोदनवाल, निरंजन पांडेय, शेरू मोदनवाल, लक्ष्मण चौरसिया, किशन मोदनवाल और विद्या मिश्रा ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी न मिलने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने जल्द से जल्द नियमित जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की। प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील ने कहा कि पेयजल व्यवस्था मानव जीवन से जुड़ा मूलभूत अधिकार है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तिकुनिया में नशीली दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**▸ एसएसबी व औषधि निरीक्षक की संयुक्त छापेमारी में प्रतिबंधित दवाएं बरामद**

**तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री और युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने वालों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई की है। 70वीं बटालियन एसएसबी की बीओपी बरसोला एवं औषधि निरीक्षक लखीमपुर खीरी की संयुक्त टीम ने तिकुनिया बाजार स्थित प्रिंस मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित एवं संदिग्ध दवाएं बरामद कीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त दल को गुप्त सूचना मिली थी कि मेडिकल स्टोर पर बिना वैध अभिलेखों के प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसबी एवं औषधि प्रशासन की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दुकान पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान मौके से करीब 10 प्रकार की प्रतिबंधित औषधियां बरामद की गई, जिन्हें तत्काल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बरामद दवाओं में कई ऐसी औषधियां शामिल हैं जिनका उपयोग नशे के रूप में किए जाने की आशंका है। टीम ने दुकान से संबंधित अभिलेखों एवं बिक्री रजिस्टर की भी जांच की। प्रारंभिक जांच में कई अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है। औषधि विभाग द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद तिकुनिया बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीमा क्षेत्र में युवाओं को नशे से बचाने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाने चाहिए। संयुक्त अभियान के दौरान औषधि निरीक्षक सहित 70वीं बटालियन एसएसबी के जवान मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध नशीली दवाओं की बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश सूची में शामिल आंशी सिंह समेत टापर्स को अपर आयुक्त ने किया सम्मानित

**हलिया, मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज़।**

**▸ प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 आयोजित**

लालगंज विकास खंड क्षेत्र स्थित मां सावित्री बाई फुले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंगा सायर में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इसमें हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली आंशी सिंह और जिले की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र और नगद धनराशि देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंध्याचल मंडल के अपर आयुक्त डॉ. विश्राम ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है। उन्होंने जोर दिया कि जो बच्चा अंधेरे में बैठा है उसे कोई नहीं जानता, लेकिन जब वह टॉपर बन जाता है तब सभी उसे जानते हैं। उन्होंने छात्र.छात्राओं को अपना हौसला बनाए रखने की सलाह दी। डॉ. विश्राम ने आगे कहा कि लालगंज जैसे पिछड़े क्षेत्र की छात्राओं का प्रदेश की टॉप टेन सूची में जगह बनाना पूरे क्षेत्र सहित जनपद के लिए शुभ संकेत है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अधिवक्ता बच्चन राम कुशवाहा ने अपनी स्वर्गीय पत्नी सुशीला कुशवाहा की स्मृति में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने प्रशस्ति पत्र के साथ संविधान की प्रस्तावना और डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति वाली फोटो तथा नगद राशि प्रदान की। समारोह का संचालन प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जयशंकर यादव एडवोकेट, रोहित पांडेय एडवोकेट, भगौती प्रसाद, जितेंद्र कुमार, डॉ. अंजनी मौर्य, हेमराज प्रजापति, तुफनी लाल यादव, अनिल कुमार यादव, अंकित दुबे, राकेश पटेल सहित विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सोहगीबरवा के जंगल में संदिग्ध हालात में तेंदुए की मौत

**▸ कई दिनों से दहशत का कारण बनी थी वन्यजीव की मौजूदगी**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महराजगंज के सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग अंतर्गत लक्ष्मीपुर रेंज की अचलगढ़ बीट में रविवार को एक मादा तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। जंगल में तेंदुए के मृत पाए जाने की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृत तेंदुआ पिछले कई सप्ताह से वनग्राम अचलगढ़ और आसपास के इलाकों में लगातार देखा जा रहा था। उसकी मौजूदगी से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ था। कई ग्रामीणों ने तेंदुए को खेतों और आबादी के करीब घूमते हुए देखने की बात कही थी, जिसके बाद वन विभाग लगातार उसकी निगरानी कर रहा था। विभागीय टीम इलाके में गश्त बढ़ाने के साथ ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह भी दे रही थी। रविवार सुबह जंगल में तेंदुए का शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचने लगे। स्थिति को देखते हुए वन विभाग की टीम ने तत्काल क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी। शुरुआती जांच में मृत तेंदुआ मादा बताया जा रहा है, जिसकी उम्र लगभग आठ वर्ष आंकी गई है।तेंदुए की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वन विभाग फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम भी मामले की जांच में जुट गई है।रेंजर वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अधिवक्ता/पत्रकार को पत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक

**महराजगंज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के जमुहारा निवासी अधिवक्ता /पत्रकार कुलानंद यादव की पत्नी का आकस्मिक निधन बीते दिनों लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया है वह लगभग 51वर्ष की रही उनका अंतिम संस्कार करमैनी घाट पर कर्मकांड विधि से सम्पन्न हुआ है। उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार, इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव, अधिवक्ता व राजनीतिज्ञ उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय,फरेंदा के पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक विनोद तिवारी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह, डॉ निशांत मणि त्रिपाठी,पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुहम्मद अली पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता कांग्रेस प्रदेश सचिव त्रिभुवन मिश्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह सपा नेता अमित चौबे, पूर्व प्रधानाचार्य सुबेदार यादव,पूर्व सभासद देवीशरन दूबे, वरिष्ठ पत्रकार यशोदा, श्रीवास्तव पूर्व वार के अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव, डॉ रामनारायन चौरसिया, पूर्व वार के अध्यक्ष अरविंद मिश्र पूर्व वार के अध्यक्ष रविन्द्र उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष रामसहाय गुप्ता सिविल वार के अध्यक्ष प्रेम सिंह, मंत्री अजीत मणि वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव केशव मिश्र, प्रदीप अग्रहरि, अमृत पाण्डेय, विनय श्रीवास्तव रविन्द्र श्रीवास्तव, राकेश सहानी, राकेश अग्रहरि, विश्वामित्र मिश्र, उमाकांत विश्वकर्मा, सनद त्रिपाठी, रमेश यादव सुनील पांडेय सहित दीवानी व तहसील के अधिवक्ताओं एवं नात-रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

## शक्ति ही समाज की वास्तविक ताकत हैः सूर्य प्रकाश

**▸ फरेंदा में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की विशेष बैठक सम्पन्न, लिया गया ब्राह्मण एक जुटता का संकल्प**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की एक आयोजित बैठक प्रेमनगर आनन्दनगर में स्थित कृष्णा मैरेज हॉल में संगठन विस्तार अभियान को लेकर एक विशेष एवं महत्वपूर्ण बैठकसम्पन्न हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी जी ने की ।पूर्व निर्धारित एवं व्यापक रूप से प्रसारित इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं विप्र समाज के सम्मानित लोगों ने अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का मुख्य विषय रहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज के समक्ष उपस्थित सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यवहारिक चुनौतियों पर गंभीर चर्चा करते हुए समाज की एकजुटता को सुदृढ़ करना तथा समाज के लोगों की पीड़ा और समस्याओं के समाधान हेतु समन्वित प्रयास करना था। वक्ताओं एवं विप्रजनों ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए और इस बात पर चिंता जताई कि सुनियोजित तरीके से सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों द्वारा ब्राह्मण समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सभा में वक्ताओं ने कहा कि झूठे एवं नकारात्मक नैरेटिव के माध्यम से समाज में भ्रम फैलाकर ब्राह्मणों के सामाजिक सम्मान और योगदान को कमतर दिखाने की कोशिशें लगातार बढ़ रही हैं। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि समाज पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष वैचारिक हमलों का संगठित होकर लोकतांत्रिक एवं सामाजिक स्तर पर मजबूती से प्रतिकार किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी जी ने परिषद के सदस्यों को सात सूत्रीय शपथ दिलाते हुए समाज में पारस्परिक सहयोग, एकता, जागरूकता एवं आत्मसम्मान बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बृहस्पति मिश्रा तथा वरिष्ठ शिक्षक शैलेश पांडे का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। बैठक में फरेंदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं नगर क्षेत्रों से आए सम्मानीयजनों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराते हुए संगठन के प्रति समर्थन एवं विश्वास व्यक्त किया। अंत में सभी दायित्वधारियों ने उपस्थित अतिथियों एवं सम्माननीय जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता एवं जागरूकता को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया गया।